सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18 न्यू | 26 अधि |
| धर्मशाला | 24 न्यू | 30 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,442.50 |
| निफ्टी | 25,461.30 |
| सोना 96,737 | चांदी 1,07,024 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




डबल ओलंपियन मनु भाकर को मिली टीम की कप्तानी

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 8 जुलाई 2025 | 24 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 190, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


# पंडोह डैम में बहकर आई लकड़ियों की सीआईडी करेगी जांच : सीएम

## कहा- सच्चाई का सामने आना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हाल ही में बादल फटने की घटना के बाद मंडी के पंडोह डैम में बहकर आई लकड़ियों से संबंधित मामले का कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह मामला सीआईडी को सौंप दिया है। पिछले सप्ताह बादल फटने की घटना और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ियों से भारी मात्रा में लकड़ियां बहकर पंडोह डैम में एकत्रित हो गई थीं।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि इतनी बड़ी मात्रा में लकड़ियां इकट्ठा होने के संभावित कारणों को सामने लाया जाएगा। प्रदेश सरकार ने अब इस मामले की सीआईडी जांच करवाने का फैसला



लिया है, ताकि सभी जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाया जा सके।

उन्होंने बताया कि नदी में बह रही लकड़ियों और पंडोह डैम में तैरती हुई लकड़ियों का वीडियो और तस्वीरें ऑनलाइन वायरल हुई थीं। इस विषय में लोगों की चिंता को देखते हुए निरंतर जांच की मांग की जा रही थी। इसके दृष्टिगत सीआईडी जांच का निर्णय लिया गया है।

## बादल फटने की घटनाओं का अध्ययन करना जरूरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 9वीं बैठक में कहा कि राज्य में बादल फटने की बढ़ती घटनाओं ने सरकार को चिंता में डाल दिया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक स्थानीय मुद्दा नहीं है, इन घटनाओं का अध्ययन करने की जरूरत है। उन्होंने इस मामले को केंद्रीय गृहमंत्री के समक्ष भी उठाया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि मंडी जिले में 123 प्रतिशत और शिमला जिले में 105 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई, जिससे इन क्षेत्रों में अत्यधिक तबाही हुई। उन्होंने लोगों से नदियों और नालों से कम से कम 100 मीटर की दूरी पर अपने घर बनाने का आग्रह किया, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।



राज्य आपदा प्रबंधन की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### लोगों को मौसम संबंधी नियमित अपडेट प्रदान करें

**सीएम** ने अवैज्ञानिक तरीके से मलबा दबाए जाने से हो रहे नुकसान को रोकने के लिए वैज्ञानिक प्रणाली अपनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सख्त निर्देश दिए कि वे लोगों को नियमित मौसम संबंधी अपडेट प्रदान करे। उन्होंने बताया कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों को 1260 करोड़ रुपए वितरित किए गए हैं।

# अनुराग ने केंद्र को बताईं सेब बागवानों की चिंताएं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर अमेरिका से आयात किए जाने वाले सेब पर अनुमानित टैरिफ कटौती पर हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों की चिंता को उठाते हुए किसानों की हरसंभव मदद का आग्रह किया है।



**केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखा लेटर**

अनुराग ने कहा, 'देश में सेब उत्पादन में हिमाचल प्रदेश का प्रमुख स्थान है। हिमाचल देश में सेब उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है। इस पहाड़ी प्रदेश के सेब किसान अमेरिका से आयात किए जाने वाले सेब पर अनुमानित टैरिफ कटौती को लेकर चिंतित हैं। भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार चर्चाओं को देखते हुए इन किसानों को आशंका है कि किसी भी टैरिफ कटौती से उनकी आजीविका पर सीधा और व्यापक असर पड़ेगा। वर्तमान में अमेरिका से आयातित सेब की रेड डिलीशियस किस्म पहले से ही हिमाचल प्रदेश के सेब बाजार को प्रभावित कर रही है क्योंकि भारत में उगाए जाने वाले सेब की तुलना में कई संघीय सहायता कार्यक्रमों के कारण इन सेबों की उत्पादन लागत अमेरिका में कम है। टैरिफ में किसी और कमी की स्थिति में इसका परिणाम आयात शुल्क में भारी कमी के रूप में सामने आएगा, जो हिमाचल प्रदेश में सेब के उत्पादन को और प्रभावित करेगा। प्रदेश के सेब बागवानों की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए, मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगा कि आप अमेरिका के संबंधित अधिकारियों के साथ टैरिफ कटौती पर बातचीत करते समय इन किसानों और सेब की खेती से आजीविका चलाने वालों के संकट और हितों पर विचार करें।'

## न्यूज शॉर्ट्स

### तहव्वुर राणा ने कबूला मैं पाकिस्तानी एजेंट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** 26/11 आतंकी हमले के वक्त आतंकी तहव्वुर राणा मुंबई में था। यह बात उसने एनआईए की पूछताछ में कबूल की है। राणा ने माना है कि वह पाकिस्तानी सेना का एजेंट है। उसने बताया कि उसने डेविड कोलमैन हेडली के साथ पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के कई ट्रेनिंग सेशन किए थे। राणा ने यह भी कहा कि लश्कर असल में एक जासूसी नेटवर्क की तरह काम करता है। पूछताछ में शामिल मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच अब राणा को गिरफ्तार करके रिमांड पर लेने की तैयारी में है। अभी राणा एनआईए की न्यायिक हिरासत में है, जिसे दिल्ली की अदालत ने 9 जुलाई तक बढ़ा दिया है। (अनंत ज्ञान)

### कोर्ट ने यूट्यूबर ज्योति को फिर जेल भेजा



**एजेंसी, हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हुई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की 7 जुलाई को छठी बार कोर्ट में पेशी हुई। इसके बाद ज्योति को फिर से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की तरफ से चलाए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ज्योति को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ज्योति मल्होत्रा को लेकर एक नया खुलासा भी हुआ है। ज्योति राज्य सरकार के निमंत्रण पर केरल गई थी। केरल सरकार में टूरिज्म मिनिस्टर पीए मोहम्मद रियाज ने भी कंफर्म किया है कि ज्योति समेत कई ब्लॉगर्स को केरल बुलाया गया था, ताकि वह केरल के टूरिज्म को देश और दुनिया में फैला सके। (अनंत ज्ञान)

### तुर्किये की फर्म सेलेबी की याचिका खारिज





**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को तुर्किये की फर्म सेलेबी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें विमानन नियामक बीसीएएस की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सचिन दत्ता ने 23 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके आद आज कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन यानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- पूर्व सीएम धूमल ने रवाना की राहत सामग्री की 2 गाड़ियां -पेज 2
- लोगों को राहत का इंतजार, हफ्ते बाद भी नहीं पहुंची सरकार: जयराम -पेज 3
- रेलवे टनल निर्माण से प्रभावित 37 दिन से भूख हड़ताल पर डटे -पेज 6
- औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में जल प्रलय का कारण बना ब्लॉकेज नाला -पेज 10
- बिजली महादेव पर्यटन स्थल नहीं देव आस्था का केंद्र: राम सिंह -पेज 12


# कार से टकराकर पलटी बस, 8 की मौत

## पंजाब के होशियारपुर में हुई दुर्घटना में 17 से ज्यादा यात्री घायल

**एजेंसी, होशियारपुर**

पंजाब के होशियारपुर जिले के दसूहा में सोमवार सुबह 10 बजे यात्रियों से भरी एक बस सामने से आ रही कार से टकरा गई। इसके बाद बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में कुल 39 यात्री सवार थे। मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल हैं, जिनकी पहचान रज्जू बाला बेटी अशरफ अली और मीना पत्नी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के रूप में हुई है। हादसा दसूहा-हाजीपुर रोड पर अड्डा सगरां के पास हुआ।

चश्मदीदों के मुताबिक, यह बस दसूहा की ओर जा रही थी। जब बस अड्डा सगरां के पास पहुंची तो सिंगल रोड पर इसकी टक्कर सामने से आ रही कार से हो गई। बस तेज रफ्तार में थी, इसलिए ड्राइवर इसे कंट्रोल नहीं कर सका और बस थोड़ी आगे जाकर बीच सड़क पर ही पलट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।




**बस में 39 यात्री थे सवार, मरने वालों में मां और बेटी भी शामिल**

### जेसीबी से निकाले शव

**हादसे** के बाद मौके पर मची चीख-पुकार को सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इसके बाद 7 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अमृतसर रेफर किया गया। बस से मृतकों के शवों को निकालने के लिए जेसीबी का सहारा लेना पड़ा।

# जस्टिस वर्मा केस में तुरंत हो एफआईआर : धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को जस्टिस वर्मा के घर में मिले अधजले नोटों के मामले में तुरंत एफआईआर की बात कही। उन्होंने कहा कि यह न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह हमारी न्यायपालिका की नींव को हिला देने वाला है। इस मामले की जड़ तक जाने की जरूरत है। कैश कहां से आया, यह जानना बहुत जरूरी है। केंद्र स्तर पर सरकार मजबूर है, क्योंकि 90 के दशक की शुरुआत में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण जस्टिस पर एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती है। धनखड़ ने नेशनल एडवांस्ड लीगल स्टडीज यूनिवर्सिटी के सेमिनार में ये बातें कही। दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम में 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। इसके बाद से ये सवाल खड़ा हुआ कि इतना कैश कहां से आया। (अनंत ज्ञान)



# एनजीटी ने दून में अवैध खनन पर अधिकारियों को लगाई फटकार


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एनजीटी ने हिमाचल के दून विधानसभा क्षेत्र के हांडाकुंडी गांव में हुए अवैध खनन पर लगाए गए 79 लाख रुपए के पर्यावरण मुआवजे की वसूली में अधिकारियों की विफलता पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ट्रिब्यूनल ने हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीपीसीबी) द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की समीक्षा की, जिसमें जुर्माने की पुष्टि तो की गई थी, लेकिन वसूली प्रक्रिया पर कोई स्पष्टता नहीं दी गई। इस मामले में यह एक स्वप्रेरणा याचिका है जो 8 सितंबर, 2023 को प्रकाशित दून विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन से होने वाले नुकसान से विधायक को अवगत कराया शीर्षक वाली खबर पर आधारित है।

### नोटिस भेज मांगा जवाब

**एनजीटी** ने मामले में एचपीपीसीबी के सदस्य सचिव, नालागढ़ के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, मानपुरा के स्टेशन हाउस ऑफिसर और सोलन के खनन अधिकारी सहित चार प्रमुख अधिकारियों को नोटिस जारी कर 10 अक्तूबर को होने वाली अगली सुनवाई से पहले जवाब मांगा है।


ABHILASHI UNIVERSITY
(Accredited by NAAC with 'B+' Grade)
CHAIL CHOWK, CHACHYOT, DISTT. MANDI (H.P.)


Approved By: HP Govt., UGC, PCI, VCI, NCISM, NCTE, HPSPVC, HPPERC & Member AIU
ADMISSION OPEN 2025-26
SCHOOL OF HEALTH SCIENCES
DIPLOMA MULTIPURPOSE HEALTH WORKER MALE (MPHW)
BACHELOR OF PHYSIOTHERAPY (B.P.T.)
B.Sc. IN MEDICAL LABORATORY TECHNOLOGY (B.Sc. MLT)
B.Sc. IN OPERATION THEATRE TECHNOLOGY (B.Sc. OTT)
B.Sc. IN RADIOLOGY & IMAGING TECHNOLOGY (B.Sc. RIT)
SUNDAY/ HOLIDAY OPEN
CHAIL CHOWK, TEHSIL CHACHYOT, DISTT. MANDI, (HP)
9816005139, 9816400520, 9816700520
9816242139, 9816102238, 9129500063
Website: www.abhilashiuniversity.ac.in Email: info@abhilashiuniversity.ac.in, regabhilashi@gmail.com




# सोमभद्रा के प्रलय से अनजान लोग मौत को दे रहे न्योता

## नदी के प्रवाह क्षेत्र में अस्थायी ठिकाने बनाकर बैठे कई प्रवासी परिवार, यहीं से चला रहे कारोबार

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**ऊना।** प्रकृति के साथ छेड़छाड़ जानलेवा साबित हो सकती है। कई लोग इतने लापरवाह होते हैं कि बार-बार चेतावनी के बावजूद प्रकृति के साथ खिलवाड़ का प्रयास करते हैं। ऊना के सोमभद्रा (स्वां) नदी में बाढ़ से खेलने को जो उपलब्धि समझ रहे हैं, उनको सोचना चाहिए कि यह लापरवाही और जिद उनकी जान पर भारी पड़ सकती है।

हिमाचल में बाढ़ और बादल फटने की कई घटनाएं सामने आने के बावजूद ऊना जिले के डेंजर जोन में रहने वाले प्रवासी लोगों को कोई चिंता नहीं है। वे खतरे से खेल रहे हैं मानों प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हों। प्रशासन के चेताने के बावजूद कई परिवारों के अस्थायी डेरे सोमभद्रा नदी के प्रवाह क्षेत्र में बने हुए हैं। ये अस्थायी ठिकाने बनाकर वहां से कामकाज चला रहे हैं।



सोमभद्रा नदी के प्रवाह क्षेत्र में ट्रैक्टर से जुताई करता एक प्रवासी और क्षेत्र में बनाई गईं झुग्गियां।

बता दें कि सोमभद्रा नदी कई बार कहर भी बरपा चुकी है। बीते एक सप्ताह में यह नदी कई बार अपना रौद्र रूप दिखा चुकी है। बावजूद इसके लापरवाह लोग फिर भी नहीं मान रहे हैं। भगवान न करे अगर कभी भयंकर बाढ़ आती है, तो नदी के तटबंधों के पर तो तबाही होगी ही, साथ ही कई स्थानों पर बाढ़ प्रलय भी कर सकती है। इस नदी में इतना पानी आता है कि उसका शायद ऐसे लोगों को अनुमान भी नहीं है। कहीं न कहीं ऐसे लापरवाही करने वाले लोग प्रशासन और शासन की चिंता को बढ़ा रहे हैं। अभी तक भी सोमभद्रा के प्रवाह क्षेत्र में ट्रैक्टर से जुताई का काम चल रहा है। अस्थायी नलकूप भी कई जगह स्थापित हैं और सैकड़ों झुग्गियां भी विद्यमान हैं। उधर, अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने पहले ही स्पष्ट किया है कि बरसात के समय इस नदी के आसपास जाना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बताया कि लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे नदी से दूर रहें।

### बाढ़ के समय भी जुताई करने में जुटे थे प्रवासी


**प्रवासी** लोग नदी के तटबंधों पर ट्रैक्टर से बिजाई करने से भी गुरेज नहीं करते। गत वीरवार को ही इस नदी में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर था, लेकिन वहां बाहरी राज्यों के परिवार के लोग ट्रैक्टर लेकर पहुंचे हुए थे। अगर लोग शोर नहीं मचाते, तो देखते ही देखते ट्रैक्टर बाढ़ की चपेट में आ गया होता। यहां लोगों ने बताया कि रामपुर से हरोली पुल के समीप सुबह ही कुछ ट्रैक्टर खनन के लिए पहुंचे थे, लेकिन बाढ़ आने से दो ट्रैक्टर चालकों को नदी के भीतर से ट्राले छोड़कर भागना पड़ा।

**सावधान** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को दिया बड़ा संदेश

# शांति एक भ्रम, हर वक्त युद्ध के लिए रहें तैयार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों को एक बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने साफ कहा कि शांति का समय सिर्फ दिखावटी होता है, असल में कभी भी हालात बदल सकते हैं। इसलिए देश को हर वक्त सतर्क और तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि चाहे माहौल कितना भी शांत क्यों न लगे, लेकिन हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। कोई भी अप्रत्याशित घटना कभी भी हो सकती है। इसलिए सेना से लेकर रक्षा मंत्रालय तक सभी को अपने आर्थिक और सैन्य ढांचे को ऐसा बनाना होगा कि कभी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।



राजनाथ ने कहा कि भारत में अब ज्यादातर रक्षा उपकरण देश में ही बनाए जा रहे हैं। पहले हम कई जरूरी हथियार और उपकरण विदेश से मंगवाते थे, लेकिन अब देश में ही आधुनिक हथियार बनने लगे हैं। इससे न सिर्फ हमारी सेना मजबूत हो रही है, बल्कि दुनियाभर में भारत के रक्षा उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### 'ऑपरेशन सिंदूर' से दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा

**रक्षामंत्री** ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने जो साहस और रणनीति दिखाई, उसने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींचा। देश में बने हथियारों और सुरक्षा प्रणाली की मजबूती देखकर कई देशों ने भारत के रक्षा उत्पाद खरीदने में रुचि दिखाई है। यह हमारी आत्मनिर्भरता का बड़ा उदाहरण है।

### रक्षा व्यय को खर्च नहीं निवेश की नजर से देखें

**रक्षामंत्री** ने कहा कि अब समय आ गया है कि रक्षा खर्च को सिर्फ खर्च न समझा जाए, बल्कि इसे देश के विकास का एक बड़ा निवेश माना जाए। उन्होंने कहा कि दुनिया में सैन्य खर्च 2.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। ऐसे में भारत में रक्षा उद्योग के लिए बड़े मौके हैं।


SRI SAI UNIVERSITY
SSU PALAMPUR
Transforming Dreams into Reality
IBM Innovation Centre For Education
NAAC ACCREDITED
ADMISSION OPEN
9736501261
SRI SAI UNIVERSITY PALAMPUR-HP
Transforming Dreams into Reality
www.srisaiuniversity.org

## न्यूज ब्रीफ

### कंवर ने पूर्व सीएम धूमल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं हिमाचल सरकार के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने सोमवार को समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला समीरपुर आगमन था। इस अवसर पर उन्होंने धूमल से आशीर्वाद लिया और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की।

### प्रो. धूमल को दिया बाबा बर्फानी का प्रसाद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** श्री बाबा अमरनाथ बर्फानी जी के दर्शन करके आए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल तथा अश्विनी गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को प्रसाद भेंट करते हुए।

### स्लेटपोश मकान गिरा, 2 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर के वार्ड 8 में भारी बारिश के कारण एक स्लेटपोश मकान गिर गया। मकान के मालिक आईआरडीपी से संबंधित अजय कुमार शर्मा को करीब 2 लाख का नुकसान हुआ है। वहीं, लोगों ने मांग उठाई है कि अजय शर्मा को जो गरीब परिवार से संबंधित है, उसे तुरंत उचित मुआवजा देकर उसकी इस आपदा की घड़ी में मदद की जाए।

### करतार दूसरी बार बने ग्रामसभा लदरौर कलां के प्रधान

**अनंत ज्ञान, जाहू।** ग्रामसभा लदरौर कलां वार्षिक चुनाव जोगेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में हुए, जिसमें करतार चंद को दूसरी बार ग्राम सुधार सभाका प्रधान चुना गया। इसके अलावा किशोरी लाल को उपप्रधान, कमलेश चंद को महासचिव, दिनेश कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त राजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, अनिल कुमार, संदेश कुमार, विनय कुमार, बलबीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह को सभा का कार्यकारी सदस्य चुना गया। नव नियुक्त प्रधान करतार चांद ने बताया कि ग्राम सुधार सभा के विकास के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे, जिससे गांव के लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचे।

### खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ी तैयार करें स्कूल मुखिया



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जिला स्कूली क्रीड़ा संघ जोनल स्तरीय बैठक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता उच्च शिक्षा उपनिदेशक डॉ. एमआर चौहान ने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 की खेलकूद प्रतियोगिता में जिला का शानदार प्रदर्शन रहा है। 65 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करके अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है और सात खिलाड़ियों में राष्ट्र स्तर पर मेडल जीते हैं। उन्होंने समस्त स्कूल मुखियों व शारीरिक शिक्षकों से आह्वान किया कि इस वर्ष होने वाली जोनल, जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अच्छे खिलाड़ी तैयार करें। बैठक में वर्ष 2024-25 में हुई जोनल व जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सफल आयोजन में हुए आय-व्यय का ब्यौरा एडीपीओ राजिंदर शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें समस्त सदस्यों मने अपनी सहमति प्रकट की। इसके बाद सुजानपुर खंड तथा टौणी देवी खंड के अंडर-19 लड़को की जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए वैन्यू तय किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबोह में अंडर-19 लड़को की सुजानपुर तथा टौनी देवी खंड की जोनल स्तर की प्रतियोगिता करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में एडीपीओ राजेंद्र शर्मा ने जिला की उपलब्धिओं का ब्यौरा रखा। हमीरपुर क्रीड़ा संघ के सदस्य विपिन महिल, संजय ठाकुर, शैलेंद्र कुमार के अलावा प्रिंसिप्सल अशोक सोनी, सुनील कुमार, डीपीई शशी कुमार, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, सुशील कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### बाढ़ में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की बैठक सागर स्पोर्ट्स अकादमी स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवक प्रताप शर्मा ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने बाढ़ के दौरान जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। प्रभावित परिवारों को बचाव सामग्री और किट प्रदान करके मदद करने का निर्णय लिया गया। बीपीआई सूची में गंदगी को साफ करने के लिए अपनाए गए मानदंडों की सभी ने सराहना की और अधिकारियों से इसे सख्ती से लागू करने का आग्रह किया। अंत में सीएचसी भोरंज में डॉ. ललित कालिया को दिए गए छह महीने के विस्तार की सराहना की गई।

### बच्चों को सरल तरीके से समझाया गणित

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें एनआईटी हमीरपुर से प्रो. राकेश कुमार शर्मा व प्रो. डॉ गणेश कुमार उपस्थित रहे। डॉ. गणेश कुमार ने बच्चों को गणित विषय को रुचिकर बनाने व सरल तरीके से बताया। डॉ. राकेश कुमार ने भौतिकी विषय के अंतर्गत नए आयामों के बारे में बताया। विद्यालय के दिली मोहम्मद पोसवाल ने भी बच्चों को विज्ञान के नए-नए आविष्कारों को सीखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सतीश कुमार शर्मा, सुशील कुमार, अश्विनी पतियाल, शिव कुमार शर्मा, स्मिता, अंबिका शर्मा, अजय कु मार अन्य अध्यापक उपस्थित रहे। यह जानकारी संजीव कुमार शास्त्री प्रवक्ता संस्कृत ने दी।

### रूबल ने बच्चों को चिट्टे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने कमर कसी हुई है। प्रदेश सरकार ने हाल ही में नशा निवारण बोर्ड का गठन किया था, जिसमें बड़सर से रूबल ठाकुर को स्टेट का सदस्य नियुक्त किया गया था, जिसके बाद से ही रूबल ठाकुर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों का दौरा कर छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। इसी जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को सोहारी पाठशाला में कार्यक्रम करने पहुंचे थे। रूबल ठाकुर ने कहा कि आज युवा साथियों को नशे के दलदल से बचाने की जरूरत है क्योंकि जो एक बार दलदल में घुस गया, उसका इससे बाहर निकलना बेहद मुश्किल होता है। रूबल ने कहा कि समाज के हर एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है कि चिट्टे के खिलाफ कोई भी अपनी जिम्मेदारी से पीछे न हटे क्योंकि इसका खात्मा समाज के लोगों के साथ मिलकर ही किया जा सकता है। कार्यक्रम में सोहारी पंचायत के प्रधान रंजीत सिंह, उपप्रधान विजय कुमार, रि. तहसीलदार मदनलाल, सुरेश कुमार एवं एसएमसी के तमाम सदस्य मौजूद रहे

### टिप्पर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत रोपे पौधे

**अशोक कुमार, अनंत ज्ञान, गलोड़।** पर्यावरण संरक्षण के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिप्पर में इको क्लब इकाई के सौजन्य से स्कूली बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम लगाया। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इको क्लब के प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे गए हैं। बच्चों ने इन्हें सुरक्षित रखने की भी शपथ ली। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मिट्टी का संरक्षण, और मां के प्रति सम्मान को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

### वार्डों का नाम बदलने को लेकर डीसी से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त हमीरपुर द्वारा नगर निगम के 15 वार्ड बनाए हैं, इनके नाम व संख्या अंतिम रूप से प्रकाशित भी कर दिए हैं, लेकिन अभी भी वार्डवासी इस परिसीमन से खुश नहीं है। सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त हमीरपुर से वार्ड का नाम बदलने को लेकर मिला और एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वार्ड नंबर 4 का नाम हीरानगर से बदलकर कृष्णा नगर व वार्ड नंबर 9 का शिव नगर है, उसे बृज नगर किया जाए। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 9 को शिव नगर से बृज नगर दर्शाया गया है, जिससे यहां के रहने वाले लोगों को आपत्ति है। उन्होंने बताया कि इससे पहले एरिया को कम या अधिक करने के लिए आपत्तियां दर्ज की थी, लेकिन नाम बदलने हेतु कोई आपतियां नहीं मांगी थी। उन्होंने कहा कि दोनों वार्डों किसी दबाव के चलते नाम बदले गए हैं। उन्होंने उपायुक्त से निवेदन किया कि इस विषय पर व्यक्तिगत तौर पर दखलअंदाजी करें और उचित निर्णय करें।

---

### वेंडिंग जोन बनाए जाने के विरोध में उतरे रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन के सदस्य

# वेंडिंग जोन का निर्णय लिया जाए वापस

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**



हमीरपुर के डीसी से मिलने जाते रेहड़ी-फड़ी वर्कर्स यूनियन के सदस्य, जो कि वेंडिंग जोन के निर्णय का विरोध कर रहे हैं।

**हमीरपुर।** नगर निगम बनने के बाद पथ विक्रय विनियम नियम 2016 के तहत वेंडिंग कमेटी बनाई गई थी। कमेटी के साथ नगर निगम के आयुक्त एडीसी अभिषेक गर्ग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई थी। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शहर में जितने रेहड़ी-फड़ी वाले दुकानदार हैं, उनका सर्वे किया जाएगा। इसके अलावा तहबाजारी की फीस में 10 प्रतिशत की बढ़ौतरी की जाएगी। शहर को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम ने पूरे शहर में वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है, जिसका रेहड़ी फडी वर्कर्स यूनियन विरोध कर रही है।

इसी समस्या को लेकर रेहड़ी फड़ी वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू का प्रतिनिधिमंडल सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर की अगुवाई में सोमवार को डीसी से मिला व प्रशासन द्वारा वर्कर्स को शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर हटाने की साजिशों के विरोध में अपना गुस्सा जाहिर किया। इन वर्कर्स का कहना है कि शहर के सौंदर्यीकरण के नाम पर लोगों का रोजगार छीनना जायज नहीं है। नगर निगम हमीरपुर व जिला प्रशासन द्वारा रेहड़ी वालों के लिए अलग-अलग स्थान आवंटित करने की योजना बनाई है, जिसका यूनियन कड़ा विरोध करती है। आज सभी रेहड़ी वालों ने प्रशासन को साफ तौर पर स्पष्ट कर दिया कि अगर उन्हें अपने स्थानों से जहां पर वे सालों से अपना रोजगार चला रहे हैं, वहां से हटाया गया तो यूनियन निर्णायक लड़ाई लड़ेगी।

इसके अलावा नगर परिषद ने लगभग 250 वर्कर्स के लाइसेंस बनाए हैं, उनमें 100 ही रेहड़ी-फड़ी धारक काम कर रहे हैं, बाकि लाइसेंस किसके हैं। वर्कर्स का कहना है कि हम पिछले 20 से 25 वर्षों से शहर में निर्धारित स्थान पर रेहड़ी-फड़ी लगा रहे हैं व अपने परिवार को पालन पोषण कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम अलग से वेंडर्स जोन बनाने से रेहड़ी फड़ी धारकों की दुकानदारी पर असर पड़ेगा। उनका कहना है कि शहर में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर बिठाए फड़ी लगाने के कारण अतिक्रमण बढ़ा है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ भी नगर निगम को कार्रवाई करनी चाहिए।

अवैध रूप दुकानदारी चला रहे दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई करने की बजाए रेहड़ी-फड़ी धारकों के लिए वेंडर जोन बनाए जा रहे हैं, जिसका सभी रेहड़ी-फड़ी धारक विरोध कर रहे हैं।

इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ. कश्मीर सिंह, प्रताप राणा, जोगिंदर कुमार, रंजन शर्मा, बाला, ब्रह्मा दास सहित 80 रेहड़ी-फड़ी धारक उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल की बात को सुनने के बाद उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने कहा कि वेंडर जोन बनाने के निर्णय को लेकर सोच-विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में रेहड़ी फड़ी धारकों का सर्वे तो जारी रहेगा।

---

## दिव्यांग राजन को एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया से किया सम्मानित



चंकी पांडे से सम्मान प्राप्त करते भगेट गांव के दिव्यांग राजन कुमार।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर की भगेटू पंचायत के भगेटू गांव निवासी 100 प्रतिशत दिव्यांग राजन कुमार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया 2025 से सम्मानित किया गया है। यह गौरवपूर्ण सम्मान उन्हें 6 जुलाई को पालमपुर सिटी, जिला कांगड़ा में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे ने प्रदान किया।

राजन कुमार हमीरपुर जिला दिव्यांग समीक्षा बैठक के सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के संयोजक होने के साथ-साथ एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान विशेष रूप से दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, कल्याण और सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके अनवरत प्रयासों एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए दिया गया है। इस अवसर पर राजन कुमार ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी संघर्षशील और प्रेरणादायक दिव्यांग साथियों का है, जिन्होंने हर कदम पर मेरा हौसला बढ़ाया और मुझे समाज सेवा के पथ पर निरंतर प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि इस सम्मान के लिए विशेष रूप से सोनाली शर्मा, वीरेंद्र सिंह एवं वर्सेटाइल जगज्ज एंटरटेनमेंट की पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके जनसेवा के संकल्प को और अधिक मजबूत करेगा। यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है और यह आने वाले समय में अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

---

## प्रेस क्लब नादौन जन सहयोग से बाढ़ पीड़ितों को भेजेगा राहत सामग्री

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

**बड़ा।** प्रेस क्लब नादौन की विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक क्लब के प्रधान निष्पक्ष भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्लब के महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी के अतिरिक्त, क्लब के पूर्व प्रधान प्रदीप शर्मा, सयोजक डॉ. पंकज राणा, वरिष्ठ उपप्रधान पंकज वर्मा, कोषाध्यक्ष महेश कपिल, मुकंद शर्मा, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, परविंद्र कटोच, अनुज शर्मा, अजय शर्मा, नीलम राय के अतिरिक्त क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में हाल ही में मंडी जिले में आई त्रासदी पर चिंता प्रकट की और सहमति से यह फैसला लिया गया कि मंडी में हुई त्रासदी के चलते प्रेस क्लब नादौन की ओर से पीड़ित परिवारों की मदद करने का अभियान आरंभ किया जाएगा । प्रधान ने बताया कि वहां इस समय सबसे अधिक आवश्यकता गद्दे, रजाई, कंबल, जूते, चप्पल, टेबल फैन, रसोई के बर्तन आदि की है। यदि कोई राशन देना चाहता है तो दे सकते हैं परंतु जो वर्तमान समय में अधिक जरूरत की बस्तुए हैं, उन्हों ही दें तो अच्छा रहेगा। प्रधान ने यह भी कहा कि प्रेस क्लब नादौन किसी से भी नकद कैश नहीं लेंगा। जनसहयोग से एकत्रित किए गए इस सामान को हम प्रेस क्लब मंडी के सहयोग से सीधा पीड़ित परिवारों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस पुण्य कार्य के बारे में इन नंबरों पर संपर्क करें। निष्पक्ष भारती अध्यक्ष, प्रेस क्लब नादौन 7018224922, बड़ा क्षेत्र के लिए वीरेंद्र गोस्वामी महासचिव 7018211421, पंकज वर्मा (रिशू सोनी) उपाध्यक्ष 8219194331, रंगस क्षेत्र के लिए डॉ. पंकज राणा संयोजक 9418004001, कांगू क्षेत्र के लिए सतीश कुमार 9418960407, धनेटा क्षेत्र के लिए मुकेश शर्मा 9816471451, प्रदीप शर्मा पूर्व अध्यक्ष प्रेस क्लब 7560029344।

प्रेस क्लब नादौन ने सभी लोगों से इसमें भागीदारी निभाने की विशेष. रूप वे अपील की है। यह जानकारी प्रेस क्लब नादौन के महासचिव वीरेंद्र गोस्वामी ने दी है।

## ठाकुरद्वारा गोशाला में चलाया एक पेड़ मां के नाम अभियान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमलीधाम की मासिक बैठक समिति के अध्यक्ष रसील सिंह मनकोटिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कमेटी द्वारा गोशाला परिसर में 50 फलदार पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए। कमेटी द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता ने जो पेड़ लगाए हैं, उसकी देखभाल वहीं कार्यकर्ता करेगा तथा कमेटी द्वारा उसकी का नाम लिखकर पेड़ के पास प्लेट लगाई जाएगी। इसके अलावा गत दिनों गोशाला में आयोजित मेले के दौरान आए सभी महिला मंडलों का धन्यवाद प्रस्ताव पास किया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 22 से 28 अक्तूबर तक गोशाला परिसर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन करने का निर्णय लिया। बैठक में बालम राम, जगदीश चंद, सुनील सिंह, संजीव शर्मा, लाला ओंकार चंद, राजेश शर्मा, रणवीर ठाकुर, राजेश दीवान उपस्थित रहे।

## पूर्व सीएम धूमल ने रवाना की राहत सामग्री की 2 गाड़ियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



राहत सामग्री से भरी गाड़ियों को पूर्व सीएम धूमल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंडी जिले में आई आपदा से बुरी तरह प्रभावित लोगों के लिए समीरपुर से राहत सामग्री की गाड़ियों को रवाना किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। दो गाड़ियों में 237 बैग खाद्य सामग्री तथा कंबल भी भेजे गए हैं। हमीरपुर में विभिन्न क्षेत्र से इस राहत सामग्री को एकत्रित किया गया है।

वहीं बड़सर तथा भोरंज से भी राहत सामग्री आपदा पीड़ितों के लिए भेजी जा रही है। लोगों के सामूहिक सहयोग से सामग्री को एकत्रित किया गया है। लोगों के अंशदान से एकत्रित खाद्य सामग्री आपदा पीड़ितों को राहत पहुंचाएगी। सोमवार के दिन जंजैहली क्षेत्र के लिए दो गाड़ियां रवाना हुईं। बता दें कि मंडी जिला में बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। बादल फटने से आई बाढ़ की वजह से बहुत से लोग बेघर हो गए हैं। इनके मकान बारिश की भेंट चढ़ चुके हैं। ऐसे में इन आपदा पीड़ितों के लिए लोग जगह-जगह से राहत सामग्री भेज रहे हैं। इसी कड़ी में हमीरपुर के समीरपुर से भी दो गाड़ियों को सोमवार को रवाना किया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, महामंत्री अजय रिंटू, मंडलाध्यक्ष अभय वीर, लवली, अशोक ठाकुर, अश्वनी गांधी, महामंत्री संजीव कुमार, हिटलर, अनीता, अंजना ठाकुर, अनीश ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा मौजूद रहे।

> मंडी के जंजैहली क्षेत्र के लिए दो गाड़ियों में राहत सामग्री भेजी है। लोगों के अंशदान से यह राहत सामग्री जुटाई गई है। आगामी समय में भी जरूरत मुताबिक राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी। बड़सर व भोरंज से भी राहत सामग्री आपदा प्रभावित क्षेत्र के लिए भेजी जा रही है।
> -राकेश ठाकुर, जिला भाजपाध्यक्ष

## ड्रॉ से तय होगा शहरी निकायों का आरक्षण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर परिषद सुजानपुर और नादौन, नगर पंचायत भोटा, बड़सर और भोरंज के विभिन्न वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित करने की प्रक्रिया 10 जुलाई को शाम 3 बजे यहां हमीर भवन में पूर्ण की जाएगी। इन पांचों शहरी निकायों में ड्रॉ के माध्यम से महिला आरक्षण तय किया जाएगा।

जिलाधीश अमरजीत सिंह ने इस प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश नगर पालिका निर्वाचन नियम 2015 के तहत आदेश जारी करते हुए एडीसी हमीरपुर, एसडीएम हमीरपुर और जिला राजस्व अधिकारी को अभिहित अधिकारियों के रूप में नियुक्ति दी है, जबकि, पांचों शहरी निकायों से 3-3 प्रबुद्ध एवं अनुभवी नागरिकों को भी मनोनीत किया है। इनकी उपस्थिति में ही ड्रॉ निकालकर विभिन्न वार्डों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाएगा।

## लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : सुरेश



टौणी देवी-अवाह देवी हाईवे के कार्य का गणमान्यों ने निरीक्षण किया और जरूरी निर्देश दिए।

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** हमीरपुर-अवाहदेवी नेशनल हाईवे के कार्य के कारण स्थानीय निवासियों को हो रही दिक्कतों, उनके घरों एवं अन्य परिसंपत्तियों को हो रहे नुकसान तथा बारिश से हुई क्षति का जायजा लेने के लिए सोमवार को भोरंज के विधायक सुरेश कुमार और सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने उपायुक्त अमरजीत सिंह, एसडीएम हमीरपुर संजीत सिंह, एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा, सभी संबंधित विभागों, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा निर्माण कंपनी के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया।

टौणी देवी से बारीं मंदिर, कोल्हू सिद्ध, झनिक्कर, बराड़ा, पंजोत, समीरपुर, संगरोह और अवाह देवी तक किए गए इस निरीक्षण के दौरान दोनों विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के लोगों की समस्याएं सुनीं तथा स्वयं मौके पर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने हाईवे की कटिंग के कारण जगह-जगह कई मकानों के गिरने की आशंका, भूस्खलन और जलभराव से जमीन के नुकसान, मलबे की डंपिंग, निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं धीमी गति इत्यादि का कड़ा संज्ञान लेते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और निर्माण कंपनी के अधिकारियों को मौके पर ही सख्त दिशा-निर्देश जारी किए।

विधायक सुरेश कुमार ने अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि खतरे की जद में आए मकानों एवं सरकारी भवनों के आगे डंगे लगाने, नालियां बनाकर पानी की सही निकासी करने जैसे सभी कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से होने चाहिएं। बरसात के मौसम को देखते हुए इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या विलंब नहीं होना चाहिए।

सुरेश कुमार ने कहा कि मौके पर दिए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना न करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाईवे के किनारे रहने वाले लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई से लाखों रुपए खर्च करके मकान बनाए हैं। इनकी सुरक्षा से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बड़सर भाजपा ने मंडी आपदा प्रभावितों को तीन गाड़ियां राहत सामग्री की रवाना की




**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** मंडी आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए बड़सर की जनता की ओर से एक छोटा सा सहयोग प्रदान किया गया। तत्काल राहत के लिए राहत सामग्री से भरी 3 गाड़ियां रवाना की गईं। लखनपाल का कहना है अभी शुरुआत है, भाजपा का हर एक कार्यकर्ता आपदा प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है तथा इस विकट स्थिति में मंडी जिला के लोगों की मदद करने के लिए तत्पर है।

## आपदा प्रभावितों को 5000 मासिक देना सीएम का सराहनीय कार्य : कै. रणजीत



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह ने बमसन की पंचायत सिकांदर के गांव ढांगू में विधायक घर-घर द्वार कार्यक्रम के तहत पहुंचे। विधायक का गांव में पहुंचने पर गांववासियों ने भव्य स्वागत किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि सिकांदर पंचायत में जल्द सीएससी भवन का लोकर्पण कर स्थानीय पंचायत को सौंपा जाएगा। सिसवान से उप्पर सिसवान के लिए लिंक रोड बनाया जाएगा, जिसके लिए भी बजट स्वीकृत कर दिया गया है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री आपदा ग्रसत परिवारों के लिए भी हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि जिस व्यक्ति का घर इस आपदा में गया है, उसे रहने के लिए प्रतिमाह 5,000 रुपए की राशि दी जाएगी और घर बनाने के लिए भी स्पेशल पैकेज दिया जाएगा, का सराहनीय कार्य है।

---

**आक्रोश** चिकित्सा बिलों का भुगतान न होने से इलाज करवाना हुआ मुश्किल : मंच

# पेंशन में देरी पर बिफरा कर्मचारी कल्याण मंच

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पेंशन में देरी को लेकर सरकार व निगम प्रबंधन के प्रति रोष जताता कल्याण मंच ।

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच जिला हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक बस स्टैंड हमीरपुर में जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में पेंशन हर माह देरी से मिलने पर सरकार व निगम प्रबंधन के प्रति गहरा रोष प्रकट किया गया तथा पेंशन संबंधी अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि हर महीने पेंशन देरी से मिलना गंभीर समस्या बनी हुई है, तीन साल से चिकित्सा बिलों का भुगतान करने में भी सरकार असफल रही है। इस बुढ़ापे में बीमारियों का इलाज करवाना भी मुश्किल हो गया है । पेंशनरों ने सरकार से आग्रह किया है कि चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र किया जाए तथा पेंशन पहली तारीख को देना सुनिश्चित की जाए तथा अप्रैल 2024 के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को तुरन्त प्रभाव से पेंशन लागू की जाए, ताकि इस बुढ़ापे में ठीक ढंग से गुजर-बसर हो सकें।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर ने बैठक में कहा कि सरकार व निगम प्रबंधन हमारे वित्तीय लाभ जिसमें डीए का एरियर, 1-1-2016 का पे स्केल एरियर दो स्पैशल वेतन वृदियों का एरियर जिसके फैसले उच्च न्यायालय से आ चुके हैं, उन्हें देने की बजाए बार-बार पटिशन डाल कर 8500 पेंशनरों के साथ घोर अन्याय कर रही है जिसे परिवहन पेंशनर कभी बर्दास्त नहीं करेंगे।

हम कानून के दायरे में तथा पेंशन रुलज में जो हमारे हक बनते हैं, उन्हें मांग रहे हैं, अलग से कुछ भी नहीं मांग रहे हैं और तो और तीन वर्ष होने को हैं लेकिन पेंशनरों को चिकित्सा बिलों की एक फूटी कौड़ी तक नहीं मिली, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 12 अक्तूबर 2024 को स्थापना दिवस के मौके पर इसकी खुद घोषणा की थी। इससे जाहिर होता है कि मुख्यमंत्री के आदेशों की भी अवहेलना हो रही है।

कल्याण मंत्र सरकार व निगम प्रबंधन को आगाह कर देना बहता है कि शीघ्र-अतिशीघ्र सभी वित्तीय लाभों तथा चिकित्सा बिलों का भुगतान किया जाए तथा पेंशन का स्थायी हल कर पहली तारीख को देना सुनिश्चित किया जाए, अन्यथा एचआरटीसी पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व निगम प्रबंधन की होगी।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में रामलान, सुखदेव बलबीर, कुलवंत, भाग सिंह, रघुनाथ बलदेव, सुरेंद्र, पवन, अशोक, सगली, प्रशोत्तम, हरनाम, नंदलाल, आज्ञा राम सहित करीब 65 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## महंत राजेंद्र गिरि महाराज ने आपदा प्रभावित मंडी के लोगों को भेजी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जब मानव सेवा समर्पण शुरू कर देता है तो कोई भी ऐसा कार्य नहीं जो संपूर्ण न हो सके। हाल ही में जिला मंडी में आई भयानक त्रासदी के चलते बरसात से भरी जानमाल का नुकसान हुआ है। इस आपदा की घड़ी में बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के मौजूदा महंत श्री श्री श्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज ने राहत सामग्री से भरा ट्राला मंडी के लिए रवाना किया है। महंत श्री श्री श्री राजेंद्र गिरी महाराज ने राहत सामग्री के रूप में 350 थालियां, चम्मच, गिलास 400 सूट कपड़े, 200 के करीब कंबल रजाई तलाई तथा 1 लाख कैश भेजा है। उन्होंने कहा यह हमारी तरफ से प्रभावित परिवारों के लिए छोटी-सी भेंट रूप में है। साथ में महंत जी ने कहा कि आज हम देव परंपरा को भूल रहे हैं। हम परमात्मा से दूर हो रहे हैं। हिमाचल प्रदेश देवभूमि है यहां पर जो लोक दवताओं का आनदर कर रहें हैं, इसी का नतीजा है कि हमें भारी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। जब हम देवताओं के संरक्षण में थे तो वे हमारी रक्षा भी करते थे इसलिए मानवजाति कुछ चाहिए की प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करें वरना प्रणाम आपके सामने हैं।

न्यूज ब्रीफ

## फोरलेन प्रभावितों का शिमला में बड़ा प्रदर्शन




**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल किसान सभा के नेतृत्व में 16 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कार्यालय पर होगा प्रदर्शन हिमाचल किसान सभा, सीआईटीयू और अन्य संगठनों द्वारा कालीबाड़ी, शिमला में आयोजित एक संयुक्त अधिवेशन में फोरलेन परियोजनाओं से प्रभावित लोगों ने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई। अधिवेशन में भट्टाकुफर, शिमला में हाल ही में ढहे मकान और आसपास के छह अन्य क्षतिग्रस्त मकानों के लिए तत्काल मुआवजे की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके साथ ही, असुरक्षित घोषित किए गए मकानों से विस्थापित हुए परिवारों के लिए तुरंत पुनर्स्थापन की व्यवस्था करने पर भी ज़ोर दिया गया। प्रभावितों ने यह भी मांग की कि नुकसान का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए, जिसमें केंद्र और राज्य दोनों के इंजीनियर शामिल हों, और यदि संभव हो तो यह समिति न्यायपालिका की देखरेख में काम करे। अधिवेशन में संजय चौहान ने सभी प्रभावितों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने घोषणा की कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए 16 जुलाई को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चक्कर, शिमला स्थित कार्यालय पर एक बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। कैथलीघाट से ढली तक की 9 प्रभावित पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने इस अधिवेशन में भाग लिया, जिनमें हाल ही में प्रभावित हुए परिवार भी शामिल थे। आने वाले दिनों में इन क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर संघर्ष को और तेज़ करने का संकल्प लिया गया।

## राज्य पेंशनर वेलफेयर एसो. के कल्याण बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राज्य पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी का



चुनाव रविवार को सुंदरनगर में संपन्न हुआ जिसमें आत्मा राम को एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया जबकि मंडी, शिमला और कांगड़ा जोन से तीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए। जिसमें पूर्व कर्मचारी नेता कल्याण भंडारी कांगड़ा जोन से वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद के लिए निर्विरोध चुने गए। बता दें कि राज्य पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल का सबसे बड़ा कर्मचारी संगठन है जिसके 180000 से अधिक सदस्य हैं जिसमें डेढ़ लाख के करीब सक्रिय सदस्य हैं। प्रदेश के सबसे बड़े कर्मचारी संघ में राज्य स्तरीय पद पर चंगर क्षेत्र से किसी कर्मचारी नेता का निर्विरोध चुना जाना क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। राज्यभर से कई कर्मचारी नेताओं ने उन्हें उच्च पद पर चुने जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि इससे पहले कल्याण भंडारी प्रदेश प्रवक्ता संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं महासचिव पदों पर कार्य कर चुके हैं। प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वे समाजसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। चुनाव के बाद दिए गए अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी पेंशनर्स साथियों का पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुनाव के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाता हूं कि उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश कर विशेष रूप से जनवरी 2016 और जनवरी 2022 के मध्य रिटायर हुए कर्मचारियों के वित्तीय लाभों के बकाया एरियर के भुगतान को लेकर पूरी जिम्मेदारी से संघर्षरत रहूंगा।

# हिमाचल में सेब माफिया का जंगल पर कब्जा

## हाईकोर्ट हुआ सख्त, अब बचेगी वन विभाग की भूमि, रसूखदार भी होंगे बेनकाब

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी वन भूमि पर अवैध सेब बागानों के नाम पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने न केवल ऐसे अतिक्रमणों को हटाने का आदेश दिया है, बल्कि इस बात पर भी जोर दिया है कि अवैध रूप से कब्जा की गई वन भूमि पर स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएं।

यह महज अतिक्रमण का मामला नहीं, बल्कि हिमाचल के हरे-भरे जंगलों पर सेब माफिया के सुनियोजित कब्जे और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का एक ज्वलंत उदाहरण है। हाल में न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह नेगी की खंडपीठ ने इस मुद्दे की गंभीरता को समझा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उन सभी सेब के पेड़ों, बागानों को हटाया जाए, जो पहले अतिक्रमण कर लगाए गए थे और जहां अतिक्रमणकारियों को कोर्ट द्वारा आदेश पारित कर हटाया गया है। इसके बाद इन क्षेत्रों में वन विभाग के माध्यम से पौधरोपण कर गैर-सरकारी संगठनों और स्थानीय व्यक्तियों की मदद से विभिन्न स्थानीय प्रजातियां लगाई जाएंगी। यह आदेश केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वन पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने और भविष्य में ऐसे अतिक्रमणों को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को इन आदेशों के कार्यान्वयन के लिए संबंधित वन अधिकारियों, कर्मचारियों को पुलिस सुरक्षा प्रदान करने के भी निर्देश दिए हैं।



### सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कसी नकेल, 25000 रुपए का लगा फाइन

**अदालत** ने उन व्यक्तियों को 25,000 रुपए की सजा के साथ एक या एक से अधिक ज़मानतदार के नोटिस भी जारी किए हैं, जिन्होंने इन आदेशों को लागू करने में सरकारी कर्मचारियों के कार्य में बाधा डाली। यह स्पष्ट चेतावनी है कि वनों के अवैध दोहन में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उसका रसूख कितना भी हो। राजस्व ग्राम का बयान और सेब के पेड़ों को काटने, हटाने का काम पूरा होने तथा सुनवाई की अगली तारीख के प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का भी आदेश दिया गया है। अगली

### क्या सरकार और प्रशासन आदेशों को कर पाएगी लागू

**यह** मामला केवल कुछ पेड़ों को हटाने का नहीं है, बल्कि हिमाचल की पर्यावरणीय विरासत को बचाने और 'भूमि माफिया' पर नकेल कसने का है, जो दशकों से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। क्या सरकार और प्रशासन इन आदेशों को कड़ाई से लागू कर पाएंगे या सेब माफिया का वर्चस्व बना रहेगा, यह देखना बाकी है।

### वन माफिया पर 14 जुलाई को सुनवाई

**अतिक्रमण** के मामले में 14 जुलाई को एक बार फिर उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। कोर्ट ने इस गंभीर मुद्दे पर पहले भी सख्त रुख अपनाया है और जंगल की जमीनों पर अवैध कब्जे को लेकर चिंता व्यक्त की है। इस सुनवाई में कोर्ट अतिक्रमण हटाने के लिए उठाए गए कदमों और सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट पर विचार करेगा। अब देखना है कि कोर्ट वन माफिया पर लगाम लगाने के लिए क्या नए निर्देश जारी करता है।

# सीएम ने काजा में अत्याधुनिक स्टार गेजिंग का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


दूरबीन भेंट करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू।

हिमाचल ने आज पर्यटन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से वर्चुअली, लाहौल-स्पीति जिले के काजा में अत्याधुनिक स्टार गेजिंग का शुभारंभ किया। यह पहल राज्य को एक प्रमुख एस्ट्रो-टूरिज्म गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी।

पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद् (हिमकोस्टे) के तहत शुरू किए गए इस कार्यक्रम से स्थानीय समुदायों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री ने दो स्थानीय लाभार्थियों को उच्च-स्तरीय दूरबीनें प्रदान कीं, जिससे पर्यटक अब स्पीति के निर्मल आकाश में तारों का दीदार कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रयास विज्ञान को संस्कृति के साथ एकीकृत करता है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि काजा, लांगजा और रंगरिक क्षेत्रों के होम-स्टे और होटल मालिक इस सुविधा का लाभ

### सीएम ने दूरबीनें भेंट कर स्वरोजगार को दिया बढ़ावा

उठाने के लिए आगे आ रहे हैं और उन्हें दूरबीन संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सीएम ने जोर दिया कि स्पीति का स्वच्छ वातावरण, न्यूनतम प्रकाश प्रदूषण और ऊंचाई की स्पष्टता इसे खगोल पर्यटन और स्टारगेजिंग गतिविधियों के लिए एक आदर्श स्थान बनाती है। यह अपनी तरह का पहला प्रयास है जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और क्षेत्र में अधिक पर्यटकों को आकर्षित करेगा। उन्होंने इस पहल की सफलता के लिए स्थानीय जनजातीय समुदायों, विशेषकर युवाओं, वैज्ञानिक संस्थानों प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

## चंकी पांडे ने नितेश सूद को स्टाइल आईकन ऑफ इंडिया अवार्ड से नवाजा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**


नितेश सूद को सम्मानित करते हुए चंकी पांडे।

**बैजनाथ।** युवा समाजसेवी नितेश सूद को बॉलीवुड स्टार चंकी पांडे ने समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्टाइल आईकन ऑफ इंडिया 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया। हाल ही में नितेश सूद को इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए नामित किया गया था।

इस मौके पर चंकी पांडे ने कहा कि वे पालमपुर की वादियों के मुरीद हुए हैं और बार-बार यहां आने की तमन्ना रखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार का सहयोग मिले तो वह पालमपुर में फिल्म सिटी की स्थापना के दृष्टिकोण कदम बढ़ाएंगे। जल्द ही वे मुंबई के फिल्म उद्योग से जुड़े कारोबारियों से चर्चा करेंगे और प्रदेश के उच्चाधिकारियों से इस संबंध में मुलाकात करेंगे। दौरे के दौरान उन्होंने पालमपुर के चाय बागान और जखनी माता क्षेत्र का भी दौरा किया।

## खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण : रोहित

**अनंत ज्ञान, शिमला**


स्कूली बच्चों के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला के कोटखाई और नावर क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के समापन समारोहों में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

बघाल में पुंटा मेमोरियल वालीबॉल टूर्नामेंट और नावर में रुद्र देवता क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मंत्री ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने में सहायक होते हैं। उन्होंने खेलों को अनुशासन, टीम वर्क और शारीरिक फिटनेस का माध्यम बताया, जो छात्रों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन दोनों के लिए आवश्यक हैं।

रोहित ठाकुर ने कोटखाई और नावर क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। मंत्री ने बाघी स्थित रूट कंट्री स्कूल का भी दौरा किया और जापान जाने वाली 20 सदस्यीय कराटे टीम से संवाद किया। रोहित ठाकुर ने टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे हिमाचल प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने युवाओं को खेल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के अवसर प्रदान करने के महत्व पर भी बल दिया।

## शांता कुमार ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए भेजे एक लाख

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बारिश



के कारण होने बाली दुर्घटनाओं में इस समय तक 78 लोग मर चुके हैं और 37 लोग लापता हैं। इस के साथ ही करोड़ों रुपए की सरकार और जनता की संपत्ति बर्बाद हो गई है। इतना अधिक नुकसान पहले कभी नहीं हुआ।

जिन लोगों के घर बाढ़ में बह गए हैं और परिवार के लोग मर चुके हैं उनके दुख दर्द के बारे में सोचते ही दिल दहल जाता है। ऐसे में सरकार और समाज को पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई जगह बहुत से लोग पीड़ितों की सहायता कर रहे हैं। कई स्थानों से राहत सामग्री भी भेजी जा रही है। भाजपा भी इस काम में हिस्सा ले रही है। उन्होंने प्रदेश के सभी भाई-बहनों से विशेष आग्रह किया है कि इस समय हमें पीड़ितों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। वह अपनी ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपए की राशी भेज रहे हैं।

## 1000 बर्तन किट प्रभावितों को पहुंचाएगी भाजपा : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


राजीव बिंदल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाचन विधानसभा क्षेत्र में स्यांज पंचायत के पंगलिपुर, सैंज और सिराज विधानसभा क्षेत्र में बाख्ली कुकलाह का द्वारा किया। बिंदल ने कहा कि राष्ट्रीय प्रभावित लोगों की मांग आई है कि राशन तो पर्याप्त मिल रहा है पर बनाने के लिए बर्तन नहीं है, इसी को लेकर भाजपा ने 17 संगठनात्मक जिलों में वर्चुअल बैठक के माध्यम से निर्णय लिया गया कि अगले 48 घंटे के भीतर 1000 बर्तन किट प्रभावित को पहुंचने का संकल्प भाजपा के सभी कार्यकर्ता लेंगे।

बिंदल ने कहा कि जैसे ही निर्णय हुआ तुरंत घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र ने बर्तन किट की एक गाड़ी जिसमें 100 से अधिक किट है उसके सिराज रवाना किया। भाजपा के कार्यकर्ता इन कीटों के निर्माण हेतु पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं से समन्वय बना रहे हैं।

बिंदल ने कहा कि सरकार को त्वरित कार्य एवं कार्यवाही करते हुए जिन 500 से अधिक लोगों ने अपने घर और सब एवं खैर के बगीचों को पूरी तरह से खो दिया है यानी 100 प्रतिशत हानि, उनको पुनः स्थापित करने के लिए जमीन मुहैया करवानी चाहिए।

दुख की बात तो यह है की 2023 और 2024 में जिन लोगों को इस प्रकार का नुकसान हुआ था उनको प्रदेश की वर्तमान सरकार आज तक जमीन नहीं दे पाई है। बिंदल ने कहा कि जितना राहत कार्य में प्रदेश सरकार विलंब करेगी उतना बड़ा नुकसान होगा।

## अब मंडलीय आयुक्त करेंगे राजस्व मामलों के निपटारे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश सरकार ने हिमाच भू-राजस्व अधिनियम, 1954 की धारा-17 के तहत लंबित मामलों (रेवेन्यू रिविजन केस) के निपटारे की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब शिमला, कांगड़ा और मंडी मंडलों के मंडलीय आयुक्तों को वित्त आयुक्त (अपील) के अधिकार सौंप दिए गए हैं। यह प्रावधान उन मामलों पर लागू होगा जिनमें मंडलीय आयुक्तों ने पहले धारा-14 के अंतर्गत क्षेत्राधिकार का प्रयोग नहीं किया है। वर्ष 2002 के संशोधन के बाद, वित्त आयुक्त (अपील) के समक्ष दायर होने वाले मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई।

### शिमला आने से मिलेगा छुटकारा, मंडल स्तर पर मिलेगा न्याय

इस कारण दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को बार-बार शिमला आकर अपने मामलों की पैरवी करनी पड़ रही थी, जिससे उन्हें असुविधा और आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा था। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, मंडलीय आयुक्तों को यह अधिकार देने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रक्रिया को सरल और विकेंद्रीकृत किया जा सके। इस निर्णय से आम जनता को उनके ही मंडल स्तर पर न्याय मिल सकेगा और लोगों का समय और धन की बचत होगी।

इस कदम से न केवल न्याय तक पहुंच आसान होगी बल्कि वित्त आयुक्त (अपील) पर भी कार्यभार कम होगा और राज्य की राजस्व प्रणाली और अधिक प्रभावी एवं सुचारू रूप से कार्य करेगी।

## दिखावे के लिए नहीं, जनसेवा करने आई हूं हिमाचल : कंगना रनौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत ने नाचन विधानसभा के सराज क्षेत्र में हालिया बादल फटने से प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करते हुए जनसंपर्क किया। इस दौरान जहां उन्होंने आपदा राहत कार्यों की समीक्षा की, वहीं कांग्रेस पार्टी और राज्य सरकार पर तीखे शब्दों में हमला भी बोला।

सांसद कंगना ने कहा कि वह हिमाचल में सिर्फ दिखावे के लिए नहीं आई हैं, बल्कि वास्तविक काम करने का उद्देश्य लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें कांग्रेस पार्टी से राजनीति नहीं सीखनी, बल्कि जनता की भलाई के लिए काम करना आता है।

कंगना ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब जमीनी मुद्दों से कटकर सोशल मीडिया तक सिमट गई है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयानों से जनता की सेवा नहीं होती, बल्कि केवल भ्रम फैलता है।

### कांग्रेस हर विफलता का ठीकरा मुझ पर फोड़ना चाहती है

**कंगना** ने कहा कि जब थुनाग जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सड़कें बहाल हुईं, तो सबसे पहले वह स्वयं वहां पहुंचीं। उनके अनुसार, कांग्रेस पार्टी हर विषय में उनका नाम घसीटती है मानो सभी समस्याओं का हल वही हों। उन्होंने यह भी कहा कि इससे उन्हें कोई नुकसान नहीं बल्कि फायदा हो रहा है, क्योंकि जनता के बीच उनकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता बढ़ रही है। विक्रमादित्य पर कंगना ने कहा कि आपदा के समय जो एक रुपया भी खर्च नहीं कर पाए, उनसे बहस करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए मंत्री को 'फेल्ड पीपल ऑफ हिमाचल प्रदेश' कह डाला।

## लोगों को राहत का इंतजार, एक हफ्ते बाद भी नहीं पहुंची सरकार : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जंजैहली क्षेत्र का हवाई सर्वे किया। रास्ता बंद होने की वजह से वहां पहुंचना बहुत मुश्किल था, जिस कारण उन्होंने चॉपर के लिए आग्रह किया और रैनगलू हेलीपैड से उड़ान भर कर जंजैहली के खनुखली के हेलीपैड पर उतरे।

इसके बाद उन्होंने गांव-गांव जाकर आपदा प्रभावित लोगों से मिले और राहत कार्यों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए। वह जंजैहली से लगभग 20 किलोमीटर पैदल चलकर सनवारा, रियाड़ा, जंजैहली, पौढ़ीधार, पांडव शिल्ला, जरोल, कुथाह, धार जोल पंचायत, तुंगाधार, भाटकीधार, आदि क्षेत्रों में पहुंच कर आपदा प्रभावितों का हाल जाना, लोगों से मिले और हालात का जायजा लिया और उनका हौसला बढ़ाया। हवाई सर्वे करने के बाद जयराम


लोगों का दुख-दर्द सुनते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

ठाकुर ने भावुक होते हुए कहा कि यह बहुत दुःखद पल है। सराज को सजाने में मैंने अपनी पूरी जिंदगी लगा दी और आज त्रासदी ने उसे उजाड़ दिया। इन क्षेत्रों को फिर से बसना पहाड़ जैसी चुनौती है।

उन्होंने लोगों से कहा कि हमारे हौसले पहाड़ जितने ऊंचे और इरादे चट्टान जैसे मजबूत हैं। जयराम ने कहा कि मंडी उपायुक्त से कहा कि सुरक्षित स्थान पर अस्थाई शेल्टर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं आएं और हालात का जायजा लें और ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद करें।

### जंजैहली क्षेत्र में सारे रास्ते बंद

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि आपदा के 8 दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी भी लोग सरकार की राह देख रहे हैं। 8 दिनों में सरकार का कोई प्रमुख नुमाइंदा यहां तक नहीं पहुंचा है। लोगों की शिकायत है कि सरकार ने उनकी सुध ही नहीं ली। इतनी बड़ी आपदा में सरकार को भी बड़ी तैयारी करनी पड़ेगी। अब तक जो चीज बहाल होनी चाहिए थी वह नहीं हुई हैं। जंजैहली क्षेत्र में सारे रास्ते बंद पड़े हैं। बिजली पानी भी बहाल नहीं हुआ है।

**अव्यवस्था** 'डेपुटेशन विदाउट पोस्ट' का सिलसिला जारी, 4 टीजीटी हो चुके हैं ज्वाइन, दो की संभावना

# शिक्षक स्कूलों में पढ़ाने की बजाय डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में तैनात

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**हमीरपुर।** सूबे में शिक्षकों की तैनाती आमतौर पर स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए की जाती है। लेकिन यदि यह तैनाती उस जगह पर कर दी जाए, जहां बच्चों को पढ़ाने की बजाए केवल टाइमपास की औपचारिकता बना दी जाए, तो फिर ऐसी व्यवस्था को लेकर सरकार और उसके विभाग को कोई भी शाबाशी तो नहीं देगा। हिमाचल में कई डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय ऐसे शिक्षकों को खपाने का जरिया बन गए हैं।



हमीरपुर के एलिमेंट्री डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में भी एक के बाद एक अब चौथी तैनाती विदाउट पोस्ट हो गई है। मतलब यह है कि जिस जगह पर उन्हें भेजा गया था और जहां से उनकी सैलरी ड्रॉ होनी है, वहां वे पढ़ाएंगे नहीं। हैरानी की बात यह है कि इनमें दो टीजीटी नॉन मेडिकल, एक मेडिकल और एक आर्ट्स विषय को पढ़ाने वाला है, लेकिन डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में इन्हें पढ़ाने नहीं, एडजस्टमेंट के लिए भेजा गया है। डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में पहले भी कई वर्तनाट्यम हो चुकी हैं और लंबे समय तक टीचरों का जमावड़ा यहां बरकरार रहता है अब क्योंकि दूरदराज के इलाकों में जहां की पोस्टिंग की गई थी वहां तो इन्हें ज्वाइन नहीं करना इसलिए डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ही इन्हें तैनात कर दिया गया है।

### शिक्षकों के लिए टेबल-कुर्सी की भी करनी पड़ेगी व्यवस्था?

**अब** जितने शिक्षक यहां आते जाएंगे उनके लिए टेबल और चेयर की व्यवस्था भी तो करनी पड़ेगी कहां बैठेंगे? काम क्या करेंगे, क्या हाजिरी लगाकर वापस चले जाएंगे? या दिनभर यहीं पर बिना किसी काम के बैठे रहेंगे। यह सवाल विभाग से पूछने की जहमत कौन उठाएगा। सरकार के आदेशों को अमली जामा पहनाने के लिए डायरेक्टर एलिमेंट्री भी इन अजीबों गरीब ट्रांसफर आदेशों को इंप्लीमेंट कर रहे हैं।

### स्कूलों में शिक्षकों की कमी पर लोगों की नाराजगी

**स्कूलों** में शिक्षकों की कमी को लेकर लोगों की नाराजगी रहती है। बच्चों की पढ़ाई सफर होती है, लेकिन इससे विभाग को क्या लेना देना। सरकार कहती है कि गुणवत्ता के आधार पर जो शिक्षक बच्चों को नहीं पढ़ाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी, लेकिन ऐसी व्यवस्था को आखिर किस कैटेगरी में लिया जाएगा। ऐसे में कुछ समय पहले एक शिक्षक यहां तैनाती था, फिर दो हुए इनकी तादाद तीन पहुंची और आज सोमवार को यह संख्या चार हो गई है।

### सरकार के आदेश पर करनी पड़ेगी व्यवस्था

**इस** बाबत हिमाचल के शिक्षा मंत्री से बात नहीं हो पाई, जबकि एलिमेंट्री एजुकेशन के डायरेक्टर व्यस्त बताए गए। हमीरपुर के डिप्टी डायरेक्टर कमल किशोर का कहना था कि चार पोस्टिंग यहां हुई हैं। सरकार के आदेशों को हम निजाम पहनना पड़ेगा इन्हें बैठने की व्यवस्था भी करनी पड़ेगी। लेकिन यह तैनातियां टेंपरेरी हैं, परमानेंट नहीं।

# अब सालभर बनेंगे हिमकेयर कार्ड

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल सरकार ने हिमकेयर योजना को और अधिक सुदृढ़ करते हुए अब पूरे वर्ष हिमकेयर कार्ड बनाने का निर्णय लिया है। यह कदम मरीजों को बेहतर और समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। पहले, हिमकेयर कार्ड साल में चार निर्धारित तिमाहियों मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में बनाए जाते थे। अब, विशेष परिस्थितियों में मेडिकल कॉलेजों के प्रिंसिपलों और चिकित्सा अधीक्षकों को पूरे वर्ष कभी भी कार्ड जारी करने की अनुमति दी गई है।

यह विशेष प्रावधान विशेष रूप से गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है, और यह नई नीति जुलाई 2025 से प्रभावी होगी। वर्तमान में, जुलाई माह के लिए पोर्ट्ल खुला है, जिससे लोग इस महीने के दौरान कार्ड बनवा सकते हैं। इस योजना के तहत अब तक 5.80 लाख लोगों के उपचार पर लगभग 810 करोड़ खर्च किए जा चुके हैं, और यह प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है जिसमें सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में दुर्घटना पीड़ितों को अब निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाएगा।

हिमकेयर कार्ड एक वर्ष के लिए वैध रहेंगे और कार्ड के नवीनीकरण के लिए भी अब लचीलापन प्रदान किया गया है। यदि कोई लाभार्थी समय पर नवीनीकरण नहीं करवा पाता है, तो समाप्त हो चुके कार्ड का नवीनीकरण भी मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर में किया जा सकेगा।

यह निर्णय पात्र लाभार्थियों के चयन को सुव्यवस्थित करने और उन्हें निर्बाध स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लिया गया है।

### दुर्घटना पीड़ितों का मुफ्त इलाज, जरूरतमंदों को मिलेगा फायदा

### 3, 227 बीमारियों का नि:शुल्क इलाज

**हिमकेयर** कार्ड विभिन्न वर्गों जैसे बीपीएल, मनरेगा, रेहड़ी-फड़ी वालों, अनाथों और जेल के कैदियों के लिए निःशुल्क बनाए जाते हैं। वहीं, एकल महिलाओं, अनुबंध व आउटसोर्स कर्मचारियों, मिड-डे मील वर्करों, अंशकालिक श्रमिकों और दिहाड़ी मजदूरों से 365 रुपए का शुल्क लिया जाता है, जबकि अन्य पात्र वर्गों के लिए यह शुल्क 1,000 है। वर्तमान में, प्रदेश में 5.26 लाख हिमकेयर कार्ड धारक परिवार हैं, और इस योजना के तहत 3,227 बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जाता है। वहीं 136 स्वास्थ्य संस्थानों हिमकेयर लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार प्रदान कर रहे हैं।

## सरकार शारीरिक शिक्षकों के साथ कर रही सौतेला व्यवहार : संदीप

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सरकार शारीरिक शिक्षकों के साथ सौतेला व्यव्हार कर रहा है। पिछले सात वर्षों से शारिक शिक्षाओं की एक भी भर्ती या पदोन्नति नहीं हुई है। यह बात शारीरिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संदीप घई ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व में तो माननीय उच्च न्यायालय का स्टे था, लेकिन वर्तमान में शारीरिक शिक्षकों की भर्ती या पदोन्नति को लेकर कोई स्टे नहीं है।



ऐसे में सरकार को इस दिशा में प्रक्रिया आरंभ करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अलग अलग चल रहे गर्ल्स और ब्वाय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को मर्ज कर एजुकेशनल बनाने पर डीपीई के पदों को दूसरे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में दिया जाए। शारीरिक शिक्षा पढ़ने वालों की संख्या ज्यादा है और पद स्वीकृत नहीं है। सरकार प्रदेश के सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के डीपीई के पद सृजित करें, क्योंकि ऐसे स्कूलों की संख्या सैकड़ों में है और शारीरिक शिक्षा के विषय को अनिवार्य विषय रूप में स्कूलों में पढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की है कि शारीरिक शिक्षकों के 870 स्वीकृत पदों पर जल्दी भर्ती की जाए। डीपीई के लगभग 150 रिक्त पदों पर प्रक्रिया शुरू की जाए।

अहो बत महत्पापं कर्तुं व्यवसिता वयम्। यद्राज्यसुखलोभेन हन्तुं स्वजनमुद्यताः॥

हा! शोक! हमलोग बुद्धिमान होकर भी महान पाप करने को तैयार हो गए हैं, जो राज्य और सुख के लोभ से स्वजनों को मारने के लिए उद्यत हो गए हैं॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 8 जुलाई 2025

# कामना देवी मंदिर

## ● प्रकृति की गोद में आस्था और शांति का धाम
## ● मन की गहराई और दैवीय मिलन का स्थल



*शिमला की शांत पहाड़ियों में प्रॉस्पेक्ट हिल की चोटी पर स्थित कामना देवी मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि प्रकृति और आध्यात्मिकता का एक सुंदर संगम है। यह मंदिर देवी काली को समर्पित है और माना जाता है कि यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, इसलिए इसका नाम 'कामना देवी' पड़ा है। इस पवित्र स्थान पर कदम रखते ही, मन एक अद्भुत शांति और सकारात्मकता से भर उठता है। यह वह स्थान है, जहां मन की असीम शक्ति और उसकी आकांक्षाओं को एक दैवीय ऊर्जा का साथ मिलता है, जहां हर प्रार्थना, हर इच्छा एक आकार लेती हुई प्रतीत होती है। कामना देवी मंदिर न केवल शरीर को विश्राम देता है, बल्कि आत्मा को भी एक गहरा सुकून पहुंचाता है, जहां प्रकृति का सौंदर्य और आध्यात्मिकता का स्पर्श मिलकर एक अविस्मरणीय अनुभव का निर्माण करते हैं। यह मंदिर देवी काली को समर्पित है, जिन्हें शक्ति का प्रतीक माना जाता है और यह माना जाता है कि यहां आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं, इसलिए इसका नाम 'कामना देवी' पड़ा है। मंदिर की आध्यात्मिक आभा के साथ-साथ, यहां से शिमला शहर, आसपास की घाटियों और बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों का मनोरम 360-डिग्री दृश्य दिखाई देता है। यह नजारा न केवल आत्मा को शांति प्रदान करता है, बल्कि प्रकृति और आध्यात्मिकता का एक अविस्मरणीय अनुभव भी कराता है।*

### दैनिक पूजा और आरती

**मंदिर** में प्रतिदिन सुबह और शाम को विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की जाती है। पुजारी वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए देवी की स्तुति करते हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इन दैनिक अनुष्ठानों में भाग लेने से भक्तों को आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।





### विशेष अवसरों पर रहती भारी भीड़

**विशेष** अवसरों और त्योहारों, खासकर नवरात्र के दौरान, यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। नौ दिन तक चलने वाले इस उत्सव में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर जाता है।

### नवरात्र का महा उत्सव

यह मंदिर में सबसे भव्य रूप से मनाया जाने वाला त्योहार है। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से भर जाता है। विशेष आरती, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर देते हैं।

### मनोरम दृश्यों का केंद्र

**कामना** देवी मंदिर का सबसे बड़ा आकर्षण इसका स्थान है। प्रॉस्पेक्ट हिल पर स्थित होने के कारण, यहां से शिमला शहर, आसपास की घाटियों और बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियों का मनोरम 360-डिग्री मनोरम दृश्य दिखाई देता है। यह दृश्य न केवल आत्मा को शांति प्रदान करता है बल्कि फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए भी स्वर्ग के समान है।

### दुर्गा पूजा और अन्य पर्व

*दुर्गा पूजा भी एक महत्वपूर्ण त्योहार है, खासकर बंगाली समुदाय के लोगों के लिए, जो काली देवी के इस रूप की विशेष पूजा करते हैं। इसके अलावा, शिवरात्रि, दिवाली और अन्य स्थानीय त्योहार भी यहां श्रद्धापूर्वक मनाए जाते हैं, जिससे मंदिर में पूरा साल चहल-पहल बनी रहती है। ये पर्व स्थानीय संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन करते हैं।*

### मंदिर का महत्व और इतिहास

**कामना** देवी मंदिर का इतिहास बेहद प्राचीन है, लेकिन दुर्भाग्यवश, इसके निर्माण की सटीक तारीख या इसे किसने बनवाया, उसके बारे में कोई पुख्ता लिखित रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। स्थानीय मान्यताओं और लोक कथाओं के अनुसार, यह मंदिर सदियों से इस क्षेत्र में विद्यमान है। ऐसा माना जाता है कि देवी काली स्वयं इस स्थान पर प्रकट हुई थीं और तब से यह स्थान उनके भक्तों के लिए एक पवित्र स्थल बन गया।

### शक्ति का प्रतीक व मनोकामना पूर्ति

**यह** मंदिर देवी काली को समर्पित है, जिन्हें शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भक्त यहां अपनी समस्याओं के निवारण और इच्छाओं की पूर्ति के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि देवी यहां आने वाले हर व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण करती हैं। यही वजह है कि इसका नाम 'कामना देवी' पड़ा। यह मंदिर न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शिमला की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत का एक अभिन्न अंग है और क्षेत्र की प्राचीन धार्मिक प्रथाओं का प्रतीक है।

### ब्रिटिशकाल में मंदिर

**ब्रिटिशकाल** से ही शिमला एक लोकप्रिय हिल स्टेशन रहा है। इसके विकसित होने से बहुत पहले से ही यह मंदिर अस्तित्व में था। ब्रिटिशराज के दौरान भी, जब शिमला को भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया गया, तब भी इस मंदिर की पवित्रता और महत्व बना रहा। कई ब्रिटिश अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने भी इसकी शांति और सुंदरता की प्रशंसा की है। यह मंदिर मैलन नामक एक ब्रिटिश सज्जन की संपत्ति पर स्थित है, जिसे बाद में मंदिर ट्रस्ट को दानकर दिया गया था।

### वास्तुकला और परिवेश

**यह** मंदिर साधारण, लेकिन प्रभावशाली पहाड़ी शैली की वास्तुकला को दर्शाता है। मंदिर का डिजाइन आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है, जो इसे एक शांत और आध्यात्मिक रूप देता है। इसकी वास्तुकला में स्थानीय सामग्रियों और पारंपरिक निर्माण तकनीकों का उपयोग देखा जा सकता है, जो इसे क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ता है। प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला



### शांतिपूर्ण वातावरण

मंदिर परिसर तक पहुंचने के लिए एक छोटी पहाड़ी चढ़ाई करनी पड़ती है, जो अपने आप में एक शांतिपूर्ण अनुभव है। सुबह और शाम के समय, जब सूर्योदय और सूर्यास्त होता है, तो यहां का नज़ारा बेहद लुभावना होता है और वातावरण एक विशेष प्रकार की आध्यात्मिकता से भर जाता है।

### ● मंदिर तक पहुंचने का मार्ग

**कामना** देवी मंदिर शिमला शहर के केंद्र से आसानी से पहुंचा जा सकता है। यह मंदिर शिमला के प्रॉस्पेक्ट हिल की चोटी पर स्थित है और मॉल रोड से लगभग 5-6 किलोमीटर दूर है।

**ऐसे पहुंचें मंदिर तकः** टैक्सी, ऑटो-रिक्शा या स्थानीय बस से प्रॉस्पेक्ट हिल के आधार तक पहुंच सकते हैं। इसके बाद मंदिर तक पहुंचने के लिए एक छोटी और सुंदर पैदल यात्रा करनी पड़ती है। यह पैदल मार्ग हरे-भरे पेड़ों और शांत वातावरण से घिरा हुआ है, जो प्रकृति प्रेमियों के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करता है। यह यात्रा ही अपने आप में एक ध्यानपूर्ण अनुभव होती है।

### ● प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद

जो लोग शिमला घूमने आते हैं, उनके लिए कामना देवी मंदिर एक जरूरी जगह है। यह न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि एक शानदार दृश्यावली बिंदु भी है। यहां आकर आप कुछ समय प्रकृति की गोद में बिता सकते हैं। शहर के शोरगुल से दूर शांति का अनुभव कर सकते हैं और शिमला की सुंदरता को एक नए दृष्टिकोण से देख सकते हैं।

### शांति और आत्म-चिंतन

प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**यह** स्थान उन लोगों के लिए भी आदर्श है, जो शहरी जीवन की भागदौड़ से दूर कुछ पल शांति और आध्यात्मिक चिंतन में बिताना चाहते हैं। कामना देवी मंदिर सिर्फ ईंटों और पत्थरों से बनी एक इमारत नहीं, बल्कि यह आस्था, शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का एक जीवंत प्रतीक है, जो शिमला आने वाले हर व्यक्ति को अपनी ओर आकर्षित करता है।



# बाबा बालक रूपी मंदिर बना आस्था का केंद्र

*जयसिंहपुर उपमंडल के तहत आलमपुर के पास स्थित बाबा बालक रूपी मंदिर भगवान शंकर के बाल रूप को समर्पित है। यहां भगवान शिव के बालरूप की पूजा की जाती है। मंदिर कमेटी के प्रधान बृजमोहन शर्मा ने बताया कि श्री बाबा बालक रूपी मंदिर की स्थापना 16वीं शताब्दी में हुई थी। जब कांगड़ा में 1905 में भीषण भूकंप आया तो यह मंदिर भी तहस-नहस हो गया था। इसके बाद मंदिर की कमेटी ने दोबारा से बाबा की पिंडी के बाहर का मंदिर का ढांचे का निर्माण करवाया और बाबा की पिंडी को उसी स्थान पर रहने दिया, जहां पहले स्थित थी। माना जाता है कि जब मूर्ति को मंदिर में लाया गया तो मूर्ति बहुत भारी हो गई और वहीं रखनी पड़ी, तब मंदिर में मूर्ति से आवाज आई कि पहले मूर्ति का कुंड में स्नान करवाएं तथा आगे ले जाएं। ऐसा करने पर मूर्ति उठ गई और वर्तमान स्थान में विराजमान कर दी गई।*

## यहां होती भगवान शंकर के बाल रूप की पूजा

### बालक रूपी की कथा.....

**प्राचीनकाल** में एक वृद्ध आत्मा मणि महेश की सरोवर यात्रा के लिए जा रहे थे, तो उसे रास्ते में एक भेड़-बकरी पालक (गद्दी) के यहां ठहरे। सुबह जाते वक्त महात्मा ने झोली गद्दी के पास रख दी और कहा कि मणिमहेश की यात्रा से लौटते वक्त ले लेंगे। यह कहकर महात्मा मणिमहेश सरोवर की ओर निकल पड़े। मणिमहेश में पहुंचकर महात्मा भक्ति में इतने लीन हो गए की आंखें खोलने भी भूल गए। यात्रा में आए सभी भक्तगण लौट चुके थे, सिर्फ वह अकेले पर्वत पर विराजमान थे। आंख खुली तो देखा कि एक दिव्य कन्या पर्वत पर चढ़ रही थी। महात्मा भी उस कन्या के पीछे चल दिए और वह भोलेनाथ के पास पहुंच गए। जब शंकर जी ने पार्वती से महात्मा के बारे में पूछा तो पार्वती ने कहा कि प्रभु आपके पुत्र के अलावा यहां कोई नहीं पहुंच सकता है। यह सुनकर प्रभु ने महात्मा के ऊपर हाथ फेरा और बालक रूप में हो गए। शिव शंकर ने कहा कि तुम मेरा ही बालक रूप हो। तुम्हारे दर्शन और भक्ति से बड़ा फल भक्तजनों को मिलेगा। इसके बाद बालक रूप धारण महात्मा गद्दी के पास आए, लेकिन गद्दी ने उन्हें नहीं पहचाना। तब बालक रूपी ने सारा वृतांत सुन डाला। यह सुनकर गद्दी भी भगवान शंकर से मिलने की जिद में अड़ गया। गद्दी का हट देखकर बालक रूपी उसे मणिमहेश की ओर चल दिया और शिव धाम चढ़ने लगे, तब आकाशवाणी हुई कि तुम यहां नहीं आ सकते, लेकिन गद्दी नहीं माना तो वह वहीं शीला बन गया और बालक रूपी को आदेश दिया कि तुम निजाश्रम चले जाओ। कहा जाता है कि शिव शंकर की कृपा से शीला बना गद्दी गण बन गया, जिसको की कालीनाथ जी बाबा बड़ोह के नाम से जाना जाता है। जिनका स्थान कांगड़ा में है स्थित है।

### शुभ कार्य से पहले भक्त आते मंदिर

**बाबा** बालक रूपी मंदिर को श्रद्धालु अपने कुल देवता के रूप में मानते हैं। यहां ज्यादातर हमीरपुर, उन्ना, बिलासपुर, कांगड़ा, और पंजाब से जुड़े हुए कई जिलों के श्रद्धालु आते हैं। लोगों के घरों में विवाह तथा मुंडन जैसे शुभ कार्य को होते तो लोग मंदिर में आकर पूजा-अर्चना कर अपने आप को सौभाग्य शाली मानते हैं। लोग घरों में शुभ कार्य से पहले मंदिर आते हैं।

### तांबे की बनी विशाल नंदी बैल की मूर्ति की मान्यता

**मान्यता** है कि एक कन्या थी, जिसकी माता उसे बहुत तंग किया करती थी। कन्या पशु चराने जंगल भेजा जाता था और दुखी कन्या ने जंगल में शिव का ध्यान लगाना शुरू कर दिया था। शिव से अपने भाग्यदय की प्रार्थना करती थी। पशु चराते समय कन्या पर राजा अभय चंद की नजर पड़ी और राजा ने कन्या से शादी रचा ली। विवाह के बाद कन्या पिछली सारी बातें भूल गई। रानी की प्रार्थना करने पर स्वप्न में पिछली बातें याद आईं, तब रानी ने नंदी बैल की तांबे की मूर्ति बनाई। बैल का मंदिर ड्योढी नगरखाना, धूणी, मंदिर का भंडार और प्रांगण बनाएं इस मूर्ति को आटा उबटन रूप में थोड़ा घी और हल्दी मिलाकर मला जाता है। माना जाता है कि दाद खुजली और चरम के रोग समाप्त हो जाते हैं।

*प्रस्तुति : नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर*

### मई और जून में लगते मेले

मई व जून माह में मंदिर के साथ मेले लगते हैं। मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। लंगर, रात को ठहरने आदि की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। बृजमोहन शर्मा ने बताया कि बाबा बालक रूपी मंदिर का रखरखाव 1942 से प्रबंधन समिति के हाथ में है।



# श्रावण में करें पार्थिव शिवलिंग पूजन

**श्रावण** माह में शिवभक्त श्रद्धा और भक्ति से पार्थिव शिवलिंग पूजन करते हैं। श्रावण मास में आने वाले सोमवार के दिनों में भगवान शिवजी का व्रत एवं पूजन विशेष फलदायी होता है। इस व्रत का आरंभ सोमवार के दिन प्रातःकाल से होता है। प्रातःकाल में सूर्योदय के स्नान और नित्य क्रियाओं से निवृत्त होकर घर के ईशान कोण में भगवान शिव की पार्थिव शिवलिंग स्थापित करना चाहिए। सावन मास व्रत संकल्प लेना चाहिए। श्रावण मास में केवल भगवान शंकर की ही पूजा की जाती है, बल्कि भगवान शिव के परिवार की ही पूजा की जानी चाहिए। सोमवार के व्रत में भगवान शिवजी सहित श्रीगणेश, देवी पार्वती और नंदी देव एवं नागदेव मूषक राज सभी की पूजा करनी चाहिए। पूजन सामग्री में जल, दूध, दही, चीनी, घी, शहद, पंचामृत, मोली, वस्त्र, जनेऊ, चंदन, रोली, चावल, फूल, बेल-पत्र, भांग, आक-धतूरा, कमल, गट्ठा, प्रसाद, पान-सुपारी, लौंग, इलायची, मेवा, दक्षिणा चढ़ाया जाता है। इस दिन धूप दीया दीपक कपूर से आरती करनी चाहिए। पूजा करने के बाद एक बार भोजन करना चाहिए। सावन के व्रत करने से व्यक्ति को दुखों से मुक्ति मिलती है और सुख की प्राप्ति होती है। सावन सोमवार व्रत सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक मनाया जाता है। व्रत के दिन सोमवार व्रत कथा सुननी चाहिए तथा व्रत करने वाले व्यक्ति को दिन में सूर्य के बाद एक बार भोजन करना चाहिए। श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। इस माह में प्रत्येक सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा करने से व्यक्ति को समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

**हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र भरमौर स्थित चौरासी मंदिर समूह में स्थित है। धर्मराज महाराज का मंदिर जिसे यमराज या मृत्यु के देवता के रूप में जाना जाता है। यह विश्व का इकलौता मंदिर है, जो धर्मराज को समर्पित है। रहस्य, आस्था और लोक मान्यता इस मंदिर को एक अत्यंत विशिष्ट और अद्भुत धार्मिक स्थल बनाती हैं।**





# धर्मराज मंदिरः भरमौर में न्याय के देवता का संसार में एकमात्र मंदिर

### धार्मिक मान्यता और रहस्य

**मान्यता** है कि हर आत्मा को मृत्यु के बाद इस मंदिर में आकर धर्मराज की कचहरी में पेश होना पड़ता है, जहां उनके कर्मों का हिसाब होता है। मंदिर परिसर में एक खाली कमरा है, जिसे चित्रगुप्त का कमरा माना जाता है। वहीं चित्रगुप्त जो यमराज के सचिव हैं और जीवों के समस्त कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। कहा जाता है कि मृत्यु के बाद आत्मा को चित्रगुप्त के सामने प्रस्तुत किया जाता है, जहां उसका लेखा सुनाया जाता है, फिर उसे धर्मराज की कचहरी, यानी अगले कमरे में ले जाया जाता है। धर्मराज मंदिर के सामने चित्रगुप्त का आसन है और बगल में अढ़ाई पौढ़ी (ढाई सीढ़ियां) हैं, जिसके बारे में मान्यता है कि यहीं से आत्मा स्वर्ग की ओर प्रस्थान करती है।

### धर्मराज मंदिर क्यों विशेष है?


**विश्व** में धर्मराज को समर्पित यह एकमात्र मंदिर है। यहां का हर प्रतीक गुप्त यंत्र, चित्रगुप्त का कमरा, कचहरी, ढाई सीढ़ियां, वैतरणी, अखंड धूना-मृत्यु और कर्म के दर्शन से जुड़ा है। यह मंदिर मणिमहेश यात्रा में शामिल होने वाले हज़ारों श्रद्धालुओं के लिए एक अनिवार्य पड़ाव है। यह मंदिर केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि मृत्यु के बाद के सत्य और आत्मा के नियति मार्ग को दर्शाने वाला अद्वितीय अध्यात्मिक अनुभव है।

*प्रस्तुतिः ओपी शर्मा, भरमौर।*

# हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहीं ठौर

## गुरु पूर्णिमा पर विशेष

**माता-पिता** से भी लाख गुणा करुणा गुरु भगवान में होती है। गुरु और पिता दो ही ऐसे शुभचिंतक होते हैं, जो सब जगह अपने शिष्य और पुत्र को अपने से आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं, बाकी के सब प्रतिद्वंद्वी ईर्ष्या रूपी रोग से ग्रस्त होने के कारण अपने से पीछे रखने का प्रयास करते रहते हैं। गुरु पूजन करने से ईश्वर का पूजन हो जाता है और गुरु प्रसन्न हैं, तो ईश्वर स्वतः ही प्रसन्न है और यदि कहीं हरि रूठ गए तो गुरु के यहां शरण मिल जाएगी, लेकिन यदि गुरु रूठ गए तो ईश्वर के यहां भी शरण नहीं मिलेगी। गुरु तत्व सब जगह विद्यमान है, जब भी अपने गुरु को याद करें, तो वह प्रकट हो जाते हैं, बस जरूरत है, गुरु और उनके वाक्यों में पूर्ण निष्ठा की। जैसा गुरु कहे वैसा ही करना चाहिए। गुरु धारण किए बिना ईश्वर तक पहुंचना वैसे ही है, जैसे अंतरिक्ष में चलना। गुरु ही गोविंद से परिचय करवाते हैं, तभी हम गोविंद को जान पाते हैं, गुरु वचन भगवत और भागवत दोनों ही प्रकार के सूक्ष्म अपराधों से बचाते रहते हैं। भगवत और भागवत ऐसे अपराध हैं, जो कभी भी कहीं भी हो जाते हैं और हमें इसका ज्ञान ही नहीं हो पाता। भगवत प्राप्ति के मार्ग में दोनों ही अपराध सबसे बड़ी बाधा मानी गई है। बिना गुरु के ऐसी बाधाओं से पार नहीं पाया जा सकता है।



*गुरु पूर्णिमा को गुरु का पूजन किया जाता है, गुरु लौकिक और पारलौकिक दोनों ही मार्गों को सुगम बनाते हैं। भगवत प्राप्त मनुष्यों को मृत्यु उपरांत गुरु ही हाथ पकड़ कर भगवान के पास लेकर जाते हैं। सार्वभौमिक गुरु तत्व शुद्धात्मा को समय-समय पर मार्गदर्शित करता रहता है। मनुष्य जीवन भगवान की प्राति के लिए ही हुआ है, अन्य सब कार्य माया के मोहित ही होते हैं। गुरु कृपा से इसी माया पर विजय पाई जाती है और अति सूक्ष्म अहंकार, जो काम से भी सूक्ष्म है, उस पर गुरु के आशीर्वाद से ही विजय होती है।*

*-अनिल शर्मा नौबाही, मंडी*

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने भेजी आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों के लिए प्रदेश कामना कर रहा है। वहीं, खाद्य पदार्थ, वर्तन एवं अन्य जरूरी राहत सामग्री की गाड़ी को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पवन काजल के कार्यालय से जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा के नेतृत्व में रवाना किया गया। इस दौरान विधायक काजल, प्रदेश प्रदेश मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजू रस्तोगी, जिला कांगड़ा भाजपा महामंत्री देवेंद्र कोहली, राकेश चौहान, शाहपुर मंडल अध्यक्ष रविदत्त शर्मा, केशव नंद शर्मा, मनजीत, अरुण कौशल, अविनाश, रजनीश मोंगरा आदि उपस्थित थे।

### कलोहा-संसारपुर टैरेस रोड 15 तक रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि देहरा उपमंडल के अंतर्गत कलोहा-परागपुर-ढलियारा-डाडासीबा-संसारपुर टैरेस सड़क मरम्मत कार्य के चलते 3 जुलाई से 15 अगस्त तक यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगी। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए बानी से परागपुर वाया डांगरा सिद्ध व परागपुर से देहरा वाया बलाहर एवं परागपुर से नैहरन पुखर वाया बलाहर बिल्लां दा भरोह नलेटी मार्गों का उपयोग किया जाएगा। उन्होने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को किया याद



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कारगिल युद्ध के अमर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के शहादत दिवस पर सोमवार को नगर निगम पालमपुर की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती, तहसीलदार साजन बग्गा, अतिरिक्त आयुक्त विकास शर्मा,नगर निगम के महापौर गोपाल नाग, उप महापौर राज कुमार, पार्षदगण, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सूद और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को सैन्य सम्मान के रूप में पुलिस द्वारा सलामी दी गई तथा उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूत को नमन किया।

### 15 तक खोला जाएगा पंचरुखी-तिनबड़ रोड

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पंचरुखी-तिनबड़ सड़क करोड़ी की चढ़ाई पर भूस्खलन की चपेट में आ गया था। सड़क बंद होने से जयसिंहपुर व चढ़ियार की तरफ से आने जाने वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वाहन चालक वाया बरकडी, मछुई होते हुए कैलाशपुर तक वैकल्पिक सड़क का प्रयोग कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग ने इस रोड को खोलने की समयसीमा 15 जुलाई तक रखी है। लोक निर्माण विभाग मंडल जयसिंहपुर के अधिशाषी अभियंता विजय वर्मा ने कहा कि पंचरुखी से जयसिंहपुर, चढ़ियार वाया तिनबड़ मुख्य मार्ग है। यहां पर डंगा लगाना संभव नहीं है, इसलिए लोगों को असुविधा न हो, उसके लिए भूस्खलन से दूसरे दिन ही सड़क से ऊपरी तरफ कटिंग का काम शुरू करवा दिया था। 15 जुलाई तक रोड को खोलने का लक्ष्य रखा है। वहीं, धार क्षेत्र के लोगों ने लोक निर्माण विभाग व मंत्री यादविंदर गोमा का सड़क का काम शुरू करवाने के लिए धन्यवाद किया।

### डॉ. अमनदीप प्रदेश संस्कृत शिक्षक परिषद के महासचिव

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** प्रदेश शिक्षा विभाग के तहत पंजीकृत संगठन हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के राज्यस्तरीय चुनाव 2 माह की लंबी प्रक्रिया के बाद रविवार को सोलन जिले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वथालंग में हुए। इसमें कांगड़ा जिले को बड़ी जिम्मेदारी मिली है। प्रदेश के संस्कृत शिक्षकों ने जहां प्रदेशाध्यक्ष के लिए सोलन के कमलकांत शर्मा को चुना है। वहीं, कांगड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनेड के संस्कृत शिक्षक डॉ. अमनदीप शर्मा को प्रदेश महासचिव चुना है। मंडी से लोकपाल शर्मा को राज्य कोषाध्यक्ष बनाया है। वहीं, अमनदीप को प्रदेश महासचिव चुनने पर कांगड़ा के अध्यक्ष दीप कुमार शर्मा, महासचिव अनुष उपाध्याय, कोषाध्यक्ष अमरसिंह, मीडिया प्रभारी कुंदन शर्मा आदि ने बधाई दी है।

### संजीव बने प्राथमिक शिक्षक संघ रक्कड़ के अध्यक्ष

**शालनी शर्मा, अनंत ज्ञान, रक्कड़।** खंड प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय रक्कड़ में सोमवार को प्राथमिक शिक्षक संघ की त्रैवार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। 141 अध्यापक-अध्यापिकाओं ने मतदान किया। चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर खंड खुंडियां से भीम सिंह और खंड डाडासीबा से मनजीत गांधी उपस्थित रहे। अध्यक्ष पद के संजीव कुमार (राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुहना) और मनोहर लाल गांधी (राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाह नगरोटा) को बराबर 70-70 वोट प्राप्त हुए। इसके बाद पर्ची के माध्यम से फैसला किया गया, जिसमें संजीव कुमार को प्राथमिक शिक्षक संघ रक्कड़ का अध्यक्ष घोषित किया गया। मनोहर लाल गांधी को महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दीपक शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मदन जीत को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

### नौरा गांव की महिलाओं को दीं सिलाई मशीनें



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** संवेदना और संवर्धन फाउंडेशन की ओर से पालमपुर क्षेत्र के नौरा गांव और आसपास की कम संसाधनों वाली महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। फाउंडेशन की निदेशक मीनाक्षी पाटियाल ने कहा कि कौशल आधारित सहायता ग्रामीण महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाती है, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी देती है। फाउंडेशन की प्रबंध निदेशक श्रुति जम्वाल को विशेष धन्यवाद, जिनके मार्गदर्शन और नेतृत्व के कारण यह प्रयास संभव हो सका है।

# मानसून आपदा से निपटने के लिए सभी विभाग रहें तैयार : चंद्र

## कृषि मंत्री ने जवाली उपमंडल में अधिकारियों के साथ की बैठक

**सड़क किनारे पानी की निकासी के लिए बनाई जाएं नालियां**

शिवू, अनंत ज्ञान

**कोटला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने सोमवार को जवाली उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मानसून सीजन के मद्देनजर सतर्कता बरतने और संभावित आपदाओं से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए।

चंद्र ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सभी विभागों को सजग रहना होगा। जलशक्ति विभाग को सभी स्कीमों का समय पर निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने को कहा। चंद्र कुमार ने लोक निर्माण विभाग को सड़कों के किनारे पानी की निकासी के लिए प्रभावी नालियों के निर्माण के निर्देश दिए। पौंग डैम क्षेत्र में बरसात के चलते जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए उन्होंने पुलिस प्रशासन को मुस्तैद रहने को कहा, जिससे पर्यटक व स्थानीय लोग किसी भी दुर्घटना से सुरक्षित रह सकें। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बारिश के मौसम में क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, उसके लिए ट्रांसफॉर्मरों की समय पर जांच, जर्जर तारों की मरम्मत और पेड़ों की छंटाई जैसे जरूरी कार्य जल्द पूरे किए जाएं। कृषि विभाग को मक्की की फसल में कीट प्रकोप की रोकथाम के लिए किसानों तक पहुंचने और उन्हें उचित दवाई व फसल बीमा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग को मिशन मोड पर पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा गया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार।

## खटियाड में महिला ने की आत्महत्या, पति समेत तीन गिरफ्तार

**मृतका के पिता ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप**

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर की खटियाड पंचायत में एक विवाहिता ने ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। सुलेखा पत्नी लक्की निवासी खटियाड ने रविवार रात करीब 9 बजे यह कदम उठाया। वहीं, मायके वालों ने आरोप लगाया कि बेटी को पति लक्की, देवर दिनेश कुमार व ननद मनु बाला प्रताड़ित करते थे और उनकी प्रताड़ना से तंग आकर ऐसा कदम उठाया है।

पुलिस ने मृतका के पिता रामेश्वर सिंह की शिकायत के आधार पर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर सौंप दिया है। मृतक महिला का चार साल का बच्चा भी है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# सब्जी मंडी को पास्सू शिफ्ट करने की मंजूरी

## डमटाल मार्केट में लगेंगे लाखों के पेवर ब्लॉक : मोंगरा

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**बोले- एपीएमसी ने चार माह में कमाए एक करोड़ 16 लाख रुपए**

**कांगड़ा।** एपीएमसी की कांगड़ा में हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। 24 जनवरी की मीटिंग के एजेंडे को सोमवार को अमलीजामा पहनाया गया।

इसमें करोड़ों रुपए के कई मसौदे फाइनल कर बोर्ड को भेजे गए हैं। इन फैसलों में चरान में चल रही सब्जी मंडी को पास्सू में शिफ्ट करने के लिए एपीएमसी कांगड़ा ने अपनी मंजूरी दे दी है। जल्द ही इस मंडी का पास्सू शिफ्ट कर दिया जाएगा।

एपीएमसी जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा कि रियाली मंडी में साढ़े तीन करोड़ के काम होंगे। इसी तरह ग्रेन मार्केट यार्ड डमटाल में 39 लाख 89 हजार रुपए के काम किए जाएंगे। इसमें पेवर ब्लाक आदि लगाए जाएंगे। वहीं, फतेहपुर में कैंटीन, पार्किंग, मैदान आदि पर एक करोड़ 89 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। फ्रूट एंड वेजिटेबल सब मार्केट यार्ड जयसिंहपुर में टायलट, बाथरूम व रिपेयर आदि कार्यों पर 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

जसूर मंडी में भी पार्किंग, पेवर ब्लॉक आदि पर 60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। एपीएमसी जिला कांगड़ा के चेयरमैन ने बताया कि एपीएमसी ने पिछले चार माह में एक करोड़ 16 लाख रुपए कमाए हैं। सात जुलाई तक बीते चार माह में कुल चार करोड़ 26 लाख रुपए की कमाई हुई, जबकि तीन करोड़ 10 लाख रुपए खर्च हुए। ऐसे में एक करोड़ 16 लाख कमाई हुई है।

# कृषि विश्वविद्यालय की दो शोधार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

## कुलपति प्रो. नवीन ने आशिन व ईशा को दी बधाई

अजय पाल, अनंत ज्ञान



**पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की दो शोधार्थियों को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है और इसकी उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय में उन्नत हो रही अनुसंधान परंपरा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह गर्व की बात है कि हमारे छात्र राष्ट्रीय स्तर की इस फेलोशिप में चयनित हुए हैं। ऐसी उपलब्धियां अन्य शोधार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनती हैं और विश्वविद्यालय की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करती हैं। चयनित छात्रा आशिन शर्मा, डॉ. नरेंद्र संख्यान, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, मृदा विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में पीएचडी कर रही हैं। छात्रा ईशा गोस्वामी, जो डॉ. विजय राणा प्राध्यापक, अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, कृषि महाविद्यालय के मार्गदर्शन में शोधरत हैं।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की छात्रा ने चमकाया नाम

# कीर्ति पठानिया ने अमेजन किंडल पर प्रकाशित की पहली किताब

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट की छात्रा कीर्ति पठानिया ने साहित्य के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विज्ञान संकाय की छात्रा कीर्ति ने अपनी पहली पुस्तक (एक सिजोफ्रेनिक लेखक: मानव अनुभव की गहराइयों में) अमेजन किंडल पर प्रकाशित की है। यह पुस्तक मानव भावनाओं, मानसिक स्वास्थ्य और आत्म-चिंतन जैसे जटिल विषयों को गहराई से छूती है।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कीर्ति की पुस्तक पीडब्ल्यूएस में पनप रही रचनात्मक प्रतिभा का एक सशक्त प्रमाण है। हम कक्षा से परे छात्रों के संपूर्ण विकास में विश्वास रखते हैं और यह उपलब्धि साबित करती है कि जब सही मंच दिया जाए, तो युवा प्रतिभाएं चमत्कार कर सकती हैं। ओशिन महाजन, निदेशक, पीडब्ल्यूएस अर्ली इयर्स एवं एकेडमिक इनोवेशन ने कहा कि कीर्ति की यात्रा को खास बनाता है उसका संवेदनशील विषय को इतनी परिपक्वता और अंतरदृष्टि के साथ प्रस्तुत करना। वह अपने साथियों के लिए प्रेरणा है और यह कहानी कहने की शक्ति को दर्शाता है। प्रिंसिपल शुभ्रा रानी ने भी प्रसन्नता जताते हुए बधाई है।



स्कूल निदेशक सनी महाजन ने बधाई दी।

### डाडासीबा अस्पताल में लैब मशीन दो दिन से खराब



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में स्थित सिविल अस्पताल में लैब की मशीन पिछले दो दिन से खराब पड़ी हुई है। इस कारण जांच करवाने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि संबंधित अधिकारी को इस बारे में कोई जानकारी तक नहीं है। इस लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। रोजाना जरूरी जांच के लिए आने वाले लोग या तो निराश लौट रहे हैं या निजी लैबों में महंगे दामों पर जांच कराने को मजबूर हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है। यदि मशीन खराब है, तो उसे जल्द ठीक करवाया जाएगा।

### निर्माण कामगार कानूनी अधिकार से वंचित : राकेश

**अनंत ज्ञान डरोह।** प्रदेश निर्माण कामगार संघ के राज्य अध्यक्ष राकेश शर्मा, महासचिव सरोज लता ठाकुर, सुरजीत सिंह राणा, विनोद चौधरी, अजीत कुमार धीमान, पृथ्वी चंद ने पनयाली में प्रेस बयान में कहा कि पिछले 16 साल में प्रदेश में 5 लाख निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड में लाभार्थी बनाए गए थे, जो कि कानूनी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। 2022 से इस निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने काम करना बंद कर दिया है। श्रमिकों को लाभ लेने के लिए इतनी जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है कि वे 5 वर्ष से मृत्यु, छात्रवृत्ति, चिकित्सा, और अन्य योजनाओं से वंचित हैं।

### ब्लैकलिस्ट कंपनी को क्यों दिया बड़ा प्रोजेक्ट : अखिल

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान, नूरपुर।** रणजीत बख्शी जन कल्याण सभा के अध्यक्ष अखिल बख्शी ने एक बार फिर निर्माणाधीन फोरलेन कंपनी को कटघरे में खड़ा किया है। प्रेसवार्ता में अखिल बख्शी ने कहा कि 2017 से फोरलेन निर्माण का प्रोसेस शुरू किया था, लेकिन पिछले तीन साल से यह कार्य जमीनी स्तर पर चल रहा है। लोगों को भरोसा दिलाया गया था कि 2024 तक यह कार्य खत्म कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह कार्य अधर में लटका हुआ है। पिछले वर्ष तत्कालीन एसडीएम को इस विषय से अवगत कराया व लगभग दो महीनों के लिए कंपनी को निकाल दिया था, लेकिन दुर्भाग्य से जिस कंपनी को पंजाब में ब्लैकलिस्ट किया गया है, उसी कंपनी को हिमाचल में इतना बड़ा प्रोजेक्ट कैसे दे दिया गया।

### बीएससी अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में डीएवी कॉलेज कांगड़ा के होनहार छाए



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी हिमाचल प्रदेश की ओर से घोषित बीएससी अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणाम में एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा के विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। बीएससी नॉन मेडिकल के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में श्रेष्ठ तीन स्थानों में डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा की छात्रा शाइना शर्मा (9.56 सीजीपीए) ने प्रथम स्थान और अक्ष ने (9.44 सीजीपीए) तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बीएससी मेडिकल के परीक्षा परिणाम की मेरिट सूची में श्रेष्ठ तीन स्थानों में डीएवी महाविद्यालय की छात्रा शाहीन चौधरी ने (9.52 सीजीपीए) द्वितीय स्थान और सैजल शर्मा ने (9.51 सीजीपीए) तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य बलजीत सिंह पटियाल ने शुभकामनाएं देते हुए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# टिक्करी धमारनू के लोग सड़क सुविधा से महरूम

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के तहत आने वाली लोअर लंबागांव पंचायत के गांव टिक्करी धमारनू (बल्ली) के लोग सड़क सुविधा से महरूम हैं। गांवों के विकास कार्यों के लिए सरकार की ओर से करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कई गांवों आज भी पक्की सड़क सुविधा नहीं है। टिक्करी धमारनू (बल्ली) के लोग सड़क सुविधा से वंचित हैं। गांववासी मदन, महेंद्र सिंह, अतुल, आशा देवी, पम्मी देवी, अंजू देवी, विचित्र सिंह, गोविंद सिंह, बंटी, सुनील, टिंकू सहित अन्य लोगों ने बताया कि गांव में लगभग 25 से अधिक परिवार रहते हैं, लेकिन सड़क सुविधा न होने से कई परिवार यहां से दूरदराज क्षेत्रों में जाने को मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने बताया कि हर साल बरसात के समय नाले की बीच बनाई गई सड़क से संपर्क टूट जाता है, जिसे बनाने में कई महीने लग जाते हैं। लोगों को राशन लेने या बच्चों को स्कूल जाने के लिए बरसाती नाले के बीच जाना पड़ता, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित होती है। कोई व्यक्ति बीमार पड़ जाए तो उसे अस्पताल पहुंचाने के लिए कंधे पर उठाकर खड्ड के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हलेड़ में आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान आयुष मंत्री यादविंदर गोमा को भी अवगत करवाया था, लेकिन अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने प्रदेश सरकार से जल्द से जल्द सड़क बनाने की मांग की है।



बरसात में नाले के बीच बनाई सड़क से टूट जाता संपर्क।

### योल में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा को दी श्रद्धांजलि




**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान, योल।** कारगिल युद्ध के वीर अमर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के शहादत दिवस पर गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग योल कैंट के परिसर में विद्यार्थी सशक्तिकरण सनातन धर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साईं स्कूल धर्मशाला के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. विजय जॉली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, धर्मशाला के अध्यक्ष भूषण रैणा तथा ऋषि कुमार ने शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के बलिदान को नमन करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में कॉलेज प्रबंधन समिति के सदस्य बीएन रैणा, डॉ. राजीव शर्मा, ललित शर्मा, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अंकुर पठानिया आदि उपस्थित रहे।

### कंगना अपने फर्ज से मोड़ रही मुंह : पुनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सांसद कंगना रनौत की ओर से प्रदेश कांग्रेस सरकार पर की जा रही बयानबाजी पर पूर्व कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता पुनीत मल्ली ने निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को धर्मशाला में कहा कि मंडी तथा कुल्लू जिले में बरसात से भारी नुकसान हुआ है व लोग मारे गए हैं, कई बेघर हुए हैं। वहीं, कंगना राजनीति कर अपने फर्ज से मुंह मोड़ रही है। आपदा का मामला कंगना को संसद में उठाना चाहिए तथा केंद्र से राहत की गुहार लगानी चाहिए, लेकिन कंगना लोगों का ध्यान भटकाने के लिए प्रदेश सरकार पर घटिया टिप्पणियां कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू खुद आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायत प्रदान कर रहे हैं।

# विधायक संजय रत्न ने लिया नुकसान का जायजा

पंकज सोनी, अनंत ज्ञान



नुकसान का जायजा लेते विधायक संजय रत्न।

**ज्वालामुखी।** विधायक संजय रत्न ने सोमवार को ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत टिप्परी, जरूण्डी, पीहड़ी और नाहलियां में बरसात से हुए नुकसान का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। मलबा हटाने, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और आवश्यक सेवाओं की बहाली का कार्य युद्धस्तर पर करने पर कहा। कियोड में क्षतिग्रस्त हुए डंगों, पानी की पाइपों, भूस्खलन से घरों को हुए नुकसान का भी जायजा लिया। कियोड गांव के लिए पानी के नए टैंक का प्रस्ताव व ट्यूबबैल लगाने के निर्देश दिए। चौकी स्कूल तक मार्ग की मरम्मत व पक्का करने के निर्देश दिए। वहीं, सहौरबाला स्कूल में अतिरिक्त निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया और वहां अतिरिक्त कमरा बनाने, डंगा लगाने व शौचालय के निर्माण के आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक ने झौला गांव में क्षतिग्रस्त सड़क के डंगे, किसानों के खेतों में भारी बारिश से हुए नुकसान का प्राक्कलन तैयार करने के लिए के निर्देश दिए।

**चिंता** जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने किया घनेटा पंचायत का दौरा

# फॉल आर्मी कीट की चपेट में मक्की की फसल

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**कांगड़ा** जिले में फॉल आर्मी कीट मक्की की फसल को व्यापक क्षति पहुंचा रहा है। इस कीट के संक्रमण की निगरानी के लिए विभागीय अधिकारियों की डायग्नोस्टिक टीम नियमित रूप से फसल का निरीक्षण कर रहे हैं तथा कीट की पहचान, लक्षण और प्रबंधन के बारे में किसानों को जागरूक कर रहे हैं।

कृषि विभाग जिला कांगड़ा की राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम ने कृषि विकास खंड भवारना की घनेटा ग्राम पंचायत का दौरा किया। टीम में राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर से विषयवाद विशेषज्ञ अंजू ठाकुर ने बताया अगर कीट का प्रकोप 10 प्रतिशत से कम हो तो 5 मिलिलीटर नीम आधारित कीटनाशक प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर गड्ढे में दबाकर नष्ट करें। यदि प्रकोप 10 प्रतिशत से अधिक हो तो 0.4 ग्राम एमामैक्टिन बेंजोएट 5 एसजी प्रति लीटर पानी, 0.4 मिलिलीटर क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5 एससी (कोराजन) प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। किसान अपने खेतों में फसल बिजनेस से 10-15 दिन के लिए गहरी जुताई कर खुला छोड़ दें, ताकि सूर्य की किरणें जमीन के अंदर जा सके। उन्होंने बताया कि जिस पौधे को खींच ने अपनी चपेट में लिया है उस पौधे को उखाड़ कर जमीन के अंदर दबा देना चाहिए। स्प्रे करते समय नोजल को मक्की के पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें, ताकि कीटनाशक सीधे कीट पर प्रभावी हो सके। उन्होंने बताया कि मक्की में फूल आने की अवस्था से लेकर फसल कटाई तक किसी भी कीटनाशक का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

विषयवाद विशेषज्ञ ब्लॉक भवारना डॉ. अभिलाष कुमार ने बताया कि यह कीड़ा फसलों को बहुत नुकसान पहुंचा रहा है। इस कीट की सुंडी अवस्था मक्की की पत्तियों, पत्ती गोभ (भंवर) तथा तने को नुकसान पहुंचाकर फसल को पूरी तरह से नष्ट कर देती है। प्रारंभिक अवस्था में यह कीट पत्तों पर सूई जैसे छोटे-छोटे छेद करता है, जो बाद में बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां गोभ के अंदर छिपकर पत्तियों को खाती हैं तथा कई बार तने में घुसकर उसे खोखला कर देती हैं, जिससे पौधा मर जाता है।



फसल का निरीक्षण करती राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की टीम।

# अनइंप्लॉयमेंट फेडरेशन का हर सदस्य मंडी के लोगों के साथ खड़ा : श्रेय

अनंत ज्ञान, शाहपुर

**प्रदेश संयोजक ने की मंडी के लिए विशेष राहत टीम की घोषणा**

**प्रदेश** में आई भीषण आपदा के बीच हिमाचल प्रदेश अनइंप्लॉयड यूथ फेडरेशन ने राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का ऐलान किया है। संगठन के प्रदेश संयोजक श्रेय अवस्थी ने मंडी जिले के लिए विशेष राहत टीम की घोषणा की है, जिसकी कमान जिला अध्यक्ष विशाल मंडोत्रा को सौंपी गई है।

श्रेय अवस्थी ने मंडी में आई आपदा को 'पूरे प्रदेश का संकट' बताते हुए कहा कि प्रदेश अनइंप्लॉयमेंट फेडरेशन का हर सदस्य मंडी के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि संगठन के सदस्य हर पीड़ित तक राहत पहुंचाएं। श्रेय ने सभी सामाजिक और युवा संगठनों से भी आग्रह किया कि वे दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर इस समय एकजुट हों और पीड़ितों की सेवा में लगें। प्रदेश के युवाओं के लिए फेडरेशन की यह सक्रियता न केवल संवेदनशीलता का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जब-जब हिमाचल संकट में होता है, युवाशक्ति आगे बढ़कर नेतृत्व करती है। श्रेय अवस्थी ने कहा कि जो सज्जन बाढ़ पीड़ितों के लिए आर्थिक सहयोग देना चाहते हैं, वह गूगल पे नंबर 9457500001 पर भेज सकते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### बलविजय सिंह को अध्यक्ष की कमान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** प्राथमिक शिक्षा खंड रोहड़ू के चुनाव सोमवार को सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें बलविजय सिंह मच्छान को अध्यक्ष, मंजीत झामटा को महासचिव, मनीष कुमार को कोषाध्यक्ष व सुशीला मेहता को महालेखाकार नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त महासचिव मंजीत झामटा ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी आने वाले समय में रोहड़ू खंड के शिक्षकों की समस्यों को हल करने का भरसक प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वे बखूभी निभाएंगे।

### सफाई-अपनाओ, बीमारी-भगाओ अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** नगर पंचायत चिड़गांव व जुब्बल की ओर से बरसात के मौसम के दौरान होने वाले स्वास्थ संबंधी रोगों की रोकथाम करने एवं सक्रिय उपायों का महत्व समझते हुए स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के माध्यम से सफाई-अपनाओ, बीमारी-भगाओ अभियान का शुभारंभ हुआ है। जिसका उद्देश्य मिशन के आदर्श सिद्धांत स्वभाव, स्वच्छता, संस्कार को आगे बढाना है। नगर पंचायत चिडगांव व जुब्बल के सचिव पियूष चौहान ने बताया कि अभियान के प्रमुख तत्वों में कचरा संभावित सभी स्थानों पर विशेष सफाई अभियान, शौचालयों की नियमित सफाई, हाथ धोने की आदतों को बढावा देना, बीमारियां रोकना, स्वच्छ घर व आस पढोस बनाए रखने में नागरिकों को अपनी भूमिका व जिम्मेदारी समझना और घर- घर जाकर लोगों को गिला व सुखा कूड़ा अलग-अलग देने आदि के विषय में जागरूक करना है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई की दिशा में नगर पंचायत क्षेत्र में भांग उखाड़ो अभियान चलाया जाएगा।

### काहनो में 500 फलदार व औषधीय पौधे रोपे

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी के साथ लगते क्षेत्र काहनो में इको टास्क फोर्स 133 टीएबीएन इको डोगरा, ए कोय थली कैंप के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । लेफ्टिनेंट कर्नल लोकेश धीमान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस पौधरोपण कार्यक्रम स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा लगभग 500 फलदार और औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए श्री धीमान ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन की जरूरत है और हमें अपने जीवन में पौधरोपण अवश्य करना चाहिए उन्होंने हर व्यक्ति को वर्ष में एक वृक्ष रोपने के लिए भी प्रेरित किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य कमलेश कुमार, एस एम सी के अध्यक्ष रोशन लाल,वनखंडाधिकारी भाग चंद,सूबेदार विजय सिंह तथा ईटीएफ के जवानों सहित 110 विद्यार्थियों ने पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया और पौधे रोपे ।

### भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा का स्वागत

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की गृह पंचायत धार में सोमवार को भाजपा नेता चेतन सिंह बरागटा का जोरदार व भव्य स्वागत किया गया। जिसमें धार पंचायत के वरिष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नौजवान जोश एवं महिला शक्ति ने बढ़-चढ़ कर गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस नुक्कड़ सभा में भाजपा कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त वहां के ऐसे लोग भी मौजूद रहे जो प्रधानमंत्र नरेंद्र मोदी व चेतन बरागटा की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होना चाहते थे। धार गांव में हुई इस भव्य सभा में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरबंस धौल्टा, पूर्व मंडल सचिव प्रदीप चौहान, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र धल्टा, वर्तमान मंडल जुब्बल के कार्यालय सचिव सरदार धान्टा, धार पंचायत की प्रधान सुषमा सौहटा, महिला मंडल प्रधान ऊषा झौटा सहित कई मौजूद रहे।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** युवा शक्ति अनुसंधान समिति के तत्वावधान में जुब्बल के विश्राम गृह में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अधिवक्ता उमेश शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। हरबंस धौल्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पण कर किया गया। तत्पश्चात संस्था के सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं युवाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्य वक्ता उमेश शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, कार्ययोजना व राष्ट्रहित में किए गए संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की।

# सेब के बागानों पर पत्ता रोग का संकट

## जुब्बल-कोटखाई, चौपाल व रोहड़ू में तेजी से फैल रहा फंगल संक्रमण, पत्तियां पड़ रही पीली

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** प्रदेश के सेब उत्पादक क्षेत्रों जुब्बल-कोटखाई, चौपाल और रोहड़ू में सेब के बागानों पर पत्ता रोग का विकराल संकट मंडरा रहा है, जिसने हजारों बागवानों की आजीविका को सीधे तौर पर खतरे में डाल दिया है। यह गंभीर फंगल संक्रमण इतनी तेजी से फैल रहा है कि सेब के पौधों की पत्तियां तेजी से पीली पड़ रही हैं और समय से पहले झड़ रही हैं, जिससे फलों की गुणवत्ता और कुल पैदावार दोनों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है।

विशेषज्ञों के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, यह पत्ता रोग मुख्य रूप से एक फंगल संक्रमण है, जो पौधों की पत्तियों पर हमला करता है। इसके साथ ही, अल्टरनेरिया और मार्फोलिना जैसे वैकल्पिक रोग भी इस समस्या को और अधिक जटिल बना रहे हैं। इन रोगों के कारण पत्तियों में क्लोरोफिल की कमी हो जाती है, जिससे वे पीली पड़ जाती हैं और पौधों की प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया बुरी तरह बाधित होती है। इसका सीधा असर फलों के विकास पर पड़ता है।

बागवानों का कहना है कि इस घातक रोग से बचाव के लिए उन्हें सरकारी बागवानी केंद्रों पर समय पर और पर्याप्त मात्रा में प्रभावी दवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। यह स्थिति उनके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। एक ओर उनकी फसल बर्बाद हो रही है, वहीं दूसरी ओर उन्हें मजबूरन स्थानीय बाजार से महंगी और कई बार कम प्रभावी दवाएं खरीदनी पड़ रही हैं। इससे उनकी खेती की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जबकि मुनाफे की कोई गारंटी नहीं है। बागवानों में इस बात को लेकर भी भारी रोष है कि सरकार और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे रोग का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है।

### सरकार तत्काल स्थिति का ले जायजा



**इस** विकट स्थिति को देखते हुए, क्षेत्र के किसानों और बागवानी संघों ने हिमाचल प्रदेश सरकार व बागवानी विभाग से तत्काल और प्रभावी हस्तक्षेप की पुरजोर मांग की है। रोग के सटीक निदान व प्रभावी रोकथाम के लिए कृषि और बागवानी विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय टीम तुरंत प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जाए। सरकारी बागवानी केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण और प्रमाणित फफूंदनाशक दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को बाजार से महंगी दवाएं न खरीदनी पड़ें।

### मार्गदर्शन व प्रशिक्षण कार्यक्रम हो आयोजित

**किसानों** को इस रोग से निपटने के लिए आधुनिक तकनीकों, सही दवाओं के प्रयोग और पौधों की देखभाल के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जिन किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है, उन्हें उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए और भविष्य में ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए दीर्घकालिक सहायता योजनाएं बनाई जाएं।

### बचाव व जागरूकता ही एकमात्र मार्ग : भारद्वाज

**नौणी** स्थित बागवानी विभाग के पूर्व प्रोफेसर एवं जाने-माने सेब विशेषज्ञ डॉक्टर एसपी भारद्वाज ने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए बागवानों को भी अपनी ओर से सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्हें अपने बगीचों की नियमित निगरानी करनी चाहिए और रोग के शुरुआती लक्षणों को पहचानकर कार्रवाई करनी चाहिए। संक्रमित पत्तियों और टहनियों को तुरंत हटाकर सुरक्षित तरीके से नष्ट करना रोग के फैलाव को रोकने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



# किराये पर रह रहे प्रभावित परिवारों का किराया देगा एनएचएआई : कश्यप



भट्टाकुफर में भारी भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए रिहायशी मकान सहित समूचे फोरलेन से प्रभावित हुए क्षेत्र का सांसद सुरेश कश्यप ने दौरा किया।

अनंत ज्ञान, जुन्गा

**शिमला** से सटे भट्टाकुफर में भारी भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए रिहायशी मकान सहित समूचे फोरलेन से प्रभावित हुए क्षेत्र का सांसद सुरेश कश्यप ने दौरा किया तथा प्रभावित परिवारों का कुश्लक्षेम पूछा।

उन्होंने लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि जिन परिवारों के घरों को फोरलेन निर्माण के कारण नुकसान हुआ है उनकी भरपाई व मुआवजा के लिए मामला भारत और प्रदेश सरकार के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आंनद देइया से बातचीत करने के उपरांत बताया कि जो प्रभावित परिवार किराये के मकान में रह रहे हैं उसका किराया एनएचएआई द्वारा अदा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जमीन में दरारें आने से जिन मकानों को खतरा पैदा हो गया है उन सभी दरारों को एनएचएआई को युद्धस्तर पर भरा जाएगा। उन्होने लोगों को आश्वासन देते हुए बताया कि जिन बिंदूओं पर कंकरीट डंगे लगाने की जरूरत है उन सभी स्थानों पर एनएचएआई द्वारा मकानों की सुरक्षा के लिए पक्के डंगे लगाए जाएंगे।

# बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस से बचें, सावधानी बरतें : गुमान नेगी

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** बरसात के मौसम में स्क्रब टायफस जैसी बीमारी के लक्षण देखने को मिलते हैं ऐसे में सावधानी बरतने की सख्त जरूरत है यह कहना है मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर गुमान नेगी का। रामपुर क्षेत्र में बरसात के मौसम में लोगों को बुखार जैसी शिकायतें आने की खबरें हैं। इससे विशेष रूप से स्क्रब टाइफस की आशंका जताई जा रही है।



महात्मा गाधी चिकित्सा सेवा परिसर खनेरी रामपुर के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. गुमान नेगी के अनुसार तेज बुखार, सिरदर्द, थकान, और शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखने पर इसे नजरअंदाज न करें। ऐसे लक्षण दिखने पर शीघ्र नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करवाए। डॉ नेगी ने बताया कि यह संक्रमण रोग घास-झाड़ियों में पाए जाने वाले छोटे कीट, पिस्सु आदि के काटने से होता है। उन्होंने इस संक्रमण रोग से बचने के लिए लोगों को सलाह दी है कि खेत-बगीचों में घास काटने, स्प्रे आदि करते समय अपने शरीर के खुले भागों को अच्छी तरह ढक लें। गम बूट पहनकर ही खेतों में जाएं, जिससे कीटों से बचाव हो सके। खेतो से आने के बाद अपने हाथ पैर अच्छी तरह धोए, अगर हो सके तो स्नान अवश्य करें।

डॉ. गुमान नेगी नाम बताया कि उपरोक्त लक्षण होने पर डॉक्सीसाइक्लिन जैसा एंटीबायोटिक का उपयोग करें। उन्होंने सलाह दी कि ग्रामीण इलाकों में अभी जागरूकता कम है, इसलिए सतर्क रहने और तुरंत जांच कराने की जरूरत है। ऐसे लक्षण महसूस होने पर तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और डॉ. द्वारा दिये गए एंटीबायोटिक (जैसे डॉक्सीसाइक्लिन) का समय पर सेवन करें। रोग से बचाव बारे जागरूकता बढ़ाएं आस-पास के लोगों को भी सावधानी बरतने की बात बताएं।

## शिक्षा मंत्री रोहित से स्कूल प्रवक्ता संघ ने की मुलाकात, रखीं अहम मांगें

# प्रधानाचार्य के खाली पदों को भरने की मांग

दशमी रावत, अनंत ज्ञान

**रोहड़ू।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ के मुख्य प्रेस सचिव जय राम शर्मा ने बताया कि संघ के राज्य अध्यक्ष अजय नेगी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की और प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में मिली ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल में प्रेम प्रकाश दुल्टा, संजीव चौहान, नरेश लाल, बलवान झौटा, राजीव सपटा, विनोद कायथ एवं संजीव सूद शामिल रहे।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए शिक्षा मंत्री के समक्ष कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। प्रमुख मांगों में प्रदेश के विद्यालयों में लगभग 850 प्रधानाचार्य पदों की रिक्तियों का मुद्दा उठाया गया। जिससे शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। इन पदों को शीघ्र भरने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल ने खराब परीक्षा परिणामों के आधार पर शिक्षकों पर की जाने वाली कार्रवाई से पहले वास्तविक परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने शिक्षा संहिता की धारा 2.20.3 (क्रमांक सी) का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि छात्रों की संख्या पांच से कम हो या कक्षा नौ महीनों से कम समय से संचालित हो रही हो, तो शिक्षक पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से प्रवक्ता संघ का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न मांगों को लेकर मिला।

शिक्षा मंत्री ने संघ की सभी मांगों को गंभीरता व ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि प्रधानाचार्य की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी की जाएगी। वहीं अन्य सभी मुद्दों पर भी सकारात्मक और न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। इन सभी मांगों का समर्थन संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी किया। जिनमें महासचिव इंद्र सिंह ठाकुर, मुख्य संरक्षक लोकेंद्र सिंह नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना, चेयरमैन सुरेंद्र पुंडीर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश, मुख्य सलाहकार चंद्र देव ठाकुर व वित्त सचिव सुरजीत सिसौदिया शामिल रहे।

# नितिन हिमराल को मिली शिक्षा खंड सुन्नी की कमान

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षा खंड सुन्नी के चुनाव सुन्नी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शिक्षा खंड कुसुम्पटी के अध्यक्ष जानकी दास की अध्यक्षता में संपन्न हुए। सर्वसम्मति से हुए इन चुनावों में पुरुष विंग और महिला विंग की कार्यकारिणी घोषित की गई। इस दौरान पुरुष विंग में नितिन हिमराल को अध्यक्ष, टेक चंद वर्मा को उपाध्यक्ष, देवेंद्र शर्मा को महासचिव खुब राम हरनोट को कोषाध्यक्ष तथा गतेश्वर वर्मा को-ऑडिटर मनोनीत किया गया। महिला विंग में कुसुमलता को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए लवीना शर्मा व महासचिव पद के लिए संगीता शर्मा को मनोनीत किया गया। इस दौरान शिक्षा खंड सुन्नी के समस्त प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य मौजूद रहे।

**महिला विंग की अध्यक्ष बनी कुसुमलता**

# आपदा प्रभावित परिवारों को प्रदान कीं 31 बर्तन किटें



आपदा प्रभावितों को आवश्यक बर्तन भेजते देशराज शर्मा और देवेश।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**मंडी** जिले में बारिश से आई भीषण त्रासदी के बीच जहां लोग अपने घर-परिवार और जीवन की मूलभूत सुविधाओं से जूझ रहे हैं।

वहीं, औहर पंचायत के पूर्व प्रधान एवं भाजपा किसान मोर्चा मंडल घुमारवीं के अध्यक्ष देशराज शर्मा और चांदपुर पंचायत के पूर्व प्रधान देवेश चंदेल ने पीड़ितों की मदद के लिए एक अनूठी पहल की है। दोनों ने आपसी सहयोग और संवेदना के साथ त्रासदी से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए 31 बर्तन किटें प्रदान की हैं। इन किटों में एक प्रेशर कुकर, छह थालियां, एक कढ़ाई, छह गिलास, चकला-बेलन, एक पतीला, मग, बाल्टी, चाकू, आटा छननी सहित रसोई के लिए आवश्यक बर्तन शामिल हैं। देशराज शर्मा ने यह बर्तन किटें मंडी जिले के बाड़ा गांव में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल, सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल और मंडी भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद को सौंपीं, ताकि उन्हें जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सके। वहीं, देशराज शर्मा और देवेश चंदेल की इस संवेदनशील और व्यावहारिक सोच के लिए उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से प्रशंसा मिल रही है।

# रेलवे टनल निर्माण से प्रभावित 37 दिन से भूख हड़ताल पर डटे

## प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की चुप्पी पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**रेलवे** टनल निर्माण से प्रभावित ग्रामीण 37 दिन से भूख हड़ताल पर डटे हुए हैं। शारदा देवी, मीना देवी, बंती देवी, रामलाल और शालिग्राम लगातार बारिश और विपरीत मौसम के बीच धरने पर डटे हुए हैं। स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है, लेकिन जिला प्रशासन, रेलवे विभाग और केंद्र सरकार ने अब तक मौन साध रखा है।

प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे सुरंग निर्माण के चलते उनके घरों में गहरी दरारें आ गई हैं। कई मकान रहने लायक नहीं बचे हैं। लोग डर और दहशत के साए में रातें गुजारने को मजबूर हैं। ऊपर से लगातार हो रही बारिश ने हालात और भी बदतर बना दिए हैं। जहां लोगों को सुरक्षित स्थान चाहिए था, वहां वे खुले आसमान के नीचे भूख से लड़ रहे हैं। आंदोलनकारी मंच ने सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से भी गुहार लगाई है। उनका कहना है कि अनुराग ठाकुर हाल ही में दो दिन बिलासपुर में रहे और अन्य कई केंद्रीय मंत्री भी यहां आए, लेकिन किसी ने भी धरना स्थल पर आने की जरूरत नहीं समझी। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनावों के वक्त जो नेता लोगों के पैरों में गिरकर वोट मांगते हैं, वही सत्ता में आने के बाद जनता की चीखों पर भी आंखें मूंद लेते हैं। स्थानीय प्रशासन और रेलवे अधिकारियों की निरंतर चुप्पी को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो भूख हड़ताल पर बैठे लोगों की जान को खतरा हो सकता है और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।



37 दिन से क्रमिक अनशन पर बैठे रेलवे टनल निर्माण से प्रभावित ग्रामीण।

# प्रदेश में आपदा की मार और सरकार ने चहेतों का बढ़ा दिया मानदेय : सुभाष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों का मानदेय 50,000 रुपए तक बढ़ाने के निर्णय पर सियासत गरमा गई है। इस फैसले पर ऐतराज जताते हुए पूर्व विधायक सुभाष ठाकुर ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि एक ओर पूरा प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं से बुरी तरह प्रभावित है और दूसरी और सरकार अपने चहेते नेताओं को उपकृत करने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि जब राज्य के लाखों बुजुर्गों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही, लोग महीनों से अपने मेडिकल बिलों की स्वीकृति के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, तब यह मानदेय वृद्धि न केवल असंवेदनशील है, बल्कि जनता के साथ सरासर अन्याय है। यह सरकार की प्राथमिकताओं की सच्ची तस्वीर पेश करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सत्ता के करीबी लोगों को पुरस्कृत करने की नीति पर चल रही है, जबकि आम जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी हो रही है।

# भगेड़ स्कूल में रोपे आम, लीची के पौधे



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला भगेड़ में वन महोत्सव मनाया गया। स्कूल परिसर में लीची, अमरपाली आम, कटहल, पपीता, संतरा,नींबू इत्यादि फलदार पौधे लगाए गए। शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक नरेश कुमारी चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों के साथ पौधरोपण करके बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। लकेश चंदेल ने बताया कि वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर पाठशाला में भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग इत्यादि गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. राकेश शर्मा, बीना जगोता, केंद्र मुख्य शिक्षक कर्मचंद, एसएमसी प्रधान शकुंतला, अवनीश कुमार, बलदेव शर्मा कुसुम लता इत्यादि उपस्थित रहे।

# आपदा प्रभावितों को राहत सामग्री भेजेंगी संस्थाएं



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाएं मंडी जिले में आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए आगे आई हैं। हिमुडा बोर्ड के निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डीसी राहुल कुमार से भेंट की और मंडी में राहत सामग्री भेजने की इच्छा जताई। डीसी को बताया कि श्री बाबा विश्वकर्मा मांदर कमेटी डियारा, श्री राम नाटक समिति डियारा, श्री नवदुर्गा समिकेतन समिति डियारा तथा श्री खाटू श्याम मित्र मंडल समिति डियारा मंडी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी राहत सामग्री भेजने के लिए तत्पर हैं। डीसी ने संस्थाओं को आवश्यकतानुसार सहायता पहुंचाने का आग्रह किया।

# भूस्खलन और बाढ़ से निपटने की दी जानकारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय बिलासपुर के डीपीआरसी प्रशिक्षण हॉल में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, अग्निशामक विभाग, स्वास्थ्य विभाग, तकनीकी अधिकारियों द्वारा भवन निर्माण से संबंधित प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित व्यापक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में भाग लेने वालों को आपदाओं की पूर्व तैयारी, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों की व्यवहारिक और सैद्धांतिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदर बिलासपुर, ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, महिला मंडल की प्रतिनिधियों तथा विकास खंड सदर के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने आगजनी, भूकंप, भूस्खलन और बाढ़ जैसी संभावित आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# कटवाल को दिया धनराशि मंजूर होने का श्रेय

**अनंत ज्ञान बिलासपुर।** जिला भाजयुमो प्रवक्ता नीरज कतना ने शाहतलाई में प्रेसवार्ता में कहा कि कहा कि घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क को सेंट्रल रोड फंड योजना के तहत केंद्र सरकार की निर्माण को मंजूरी मिलने तथा 35 करोड़ रुपए स्वीकृत करने का श्रेय भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर तथा विधायक जीतराम कटवाल को जाता है। शनिवार को बिलासपुर में घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क को सेंट्रल रोड फंड (सीआरएफ) योजना के तहत केंद्र सरकार की निर्माण को मंजूरी मिलने की जानकारी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने दी थी। घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई सड़क क्षेत्र के कई गांवों को सीधे जोड़ेगी। इस अवसर पर केसी सी भारद्वाज, रजत ठाकुर व सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी ने सुनीं बार एसोसिएशन की समस्याएं

# घुमारवीं कोर्ट परिसर में मूलभूत सुविधाएं होंगी सुदृढ़

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**प्रदेश** सरकार में नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को कोर्ट परिसर घुमारवीं में बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

उन्होंने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एलआर नड्डा की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में चार मांगों को उठाया गया।

इसमें बार परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए शौचालय की सुविधा की अनुपलब्धता, बार रूम और कोर्ट कैंटीन की जर्जर स्थिति, पुस्तकालय एवं ई-लाइब्रेरी के लिए आधारभूत ढांचे की आवश्यकता, तथा राजस्व न्यायालय परिसर स्थित बार रूम की मरम्मत का मुद्दा शामिल था। मंत्री धर्माणी ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए पीडब्ल्यूडी के एसडीओ को निर्देश दिए कि सभी सुविधाओं के लिए संशोधित एस्टीमेट शीघ्र तैयार कर फंडिंग प्रक्रिया आरंभ की जाए। वहीं, चालानों को वर्चुअल कोर्ट भेजे जाने की नई व्यवस्था से उत्पन्न असुविधा को अधिवक्ताओं द्वारा उठाया गया। बताया कि पहले चालान की जानकारी संबंधित मोबाइल पर प्राप्त होती थी, लेकिन अब यह सुविधा बंद हो चुकी है, जिससे आमजन को कोर्ट में भटकना पड़ रहा है। मंत्री धर्माणी ने इस मामले को राज्य स्तर पर उच्चाधिकारियों के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के बाद मंत्री धर्माणी ने कोर्ट परिसर का स्थलीय निरीक्षण करते हुए पार्किंग, कैंटीन, पुस्तकालय तथा अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।



मंत्री धर्माणी ने कोर्ट परिसर घुमारवीं में बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में भाग लिया।

### धर्माणी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सिराज क्षेत्र में आई आपदा को लेकर बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय थुनाग को कहीं और स्थानांतरित करने को लेकर बच्चों और अभिभावकों का एक प्रतिनिधिमंडल तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से घुमारवीं में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विश्वविद्यालय नौणी सोलन के अधीनस्था थुनाग महाविद्यालय को मुख्य परिसर नौणी सोलन को स्थानांतरित करने बारे मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल मनोज कुमार, राकेश नड्डा, दीपक ठाकुर, चमन उप्पल, गंधर्व पाल सिंह, कृतिका व अंशिका आदि ने बताया कि आपदा के कारण उनके पीजी आवास आदि सब कुछ बाढ़ की भेंट चढ़ गए हैं। आपदा प्रबंधन द्वारा इस क्षेत्र को असुरक्षित और संवेदनशील घोषित कर दिया है। ऐसे में उनके भविष्य के मद्देनजर उनकी मांग पर गौर किया जाए।

# अलसोटा पियूंगली में 20 लोगों ने थामा कांग्रेस पार्टी का दामन



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने जनसमस्याएं भी सुनीं।

अनंत ज्ञान, झंडूता

**झंडूता** विधानसभा क्षेत्र के तहत अलसोटा पियूंगली गांव में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव विवेक कुमार ने जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

वहीं, 20 लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। लोगों ने पानी किल्लत की समस्या रखी। विवेक ने जल शक्ति विभाग को 25 से 30 हजार लीटर का जल भंडारण टैंक के निर्माण जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की स्थायी पेयजल समस्या को लेकर जल्द हैंडपंप भी लगाया जाएगा, ताकि इस समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं, जिसका लाभ लोगों को उठाना चाहिए। झंडूता क्षेत्र में लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज खजियार में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा, राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उपमंडल चंबा नंबर 11 के अंतर्गत आने वाले खजियार फीडर की मरम्मत और नई तारें डालने के कार्य के चलते 8 से 13 जुलाई तक बिजली आपूर्ति सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जहां-जहां लंबा स्पैन है वहां नए खंभे लगाए जाएंगे और पुरानी तारों की जगह नई तारें लगाई जाएंगी। यह कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा। 8 को खजियार फीडर से जुड़े सामान्य क्षेत्र, 9 को मंगला, उखल, हाड़ा, टिकरू, बासा, 10 को भरोड़ी, टिकरू, ढोली, ऊखल, द्रमण, सरोड़ी, सगार, बैंसका, कुटला, खेई, गड्डी, काथला, 11 को मंगला, उखल, हाड़ा, टिकरू, बासा व 13 को भरोड़ी, टिकरू, ढोली, ऊखल में बिजली बंद रहेगी।

### अरविंद बने तीसा के नए खंड विकास अधिकारी

**अनंत ज्ञान, तीसा।** हिमाचल प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, अरविंद कुमार कखंड विकास अधिकारी, तीसा (जिला चंबा) के पद पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यालय शिमला में तैनात थे। इस आदेश के तहत अरविंद कुमार की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गई है और यह निर्णय जनहित में लिया गया है। इसके साथ ही कंवर सिंह, जो वर्तमान में सलूणी विकास खंड में खंड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं और तीसा का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे, को इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। यह अधिसूचना ग्रामीण विकास विभाग के सचिव राजेश शर्मा, आईएएस द्वारा जारी की गई है।

### बीए पाठ्यक्रम में नहीं कोई परिवर्तन: आर्यन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा महाविद्यालय में बीए पाठ्यक्रम से संबंधित सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों के जरिए फैल रही भ्रामक जानकारियों को लेकर महाविद्यालय के एनएसयूआई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने स्पष्ट किया है कि ऐसी सभी सूचनाएं तथ्यहीन व निराधार हैं। आर्यन भारद्वाज ने बताया कि पिछले एक-दो दिनों से उन्हें छात्रों द्वारा यह जानकारी दी जा रही है कि महाविद्यालय में बीए का पाठ्यक्रम अब चार वर्ष का कर दिया गया है। इस विषय में अनेक छात्रों ने उन्हें कॉल व संदेशों के माध्यम से संपर्क किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह पूरी तरह से भ्रामक सूचना है। चंबा महाविद्यालय में वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ववत नियमों के अनुसार ही संचालित की जा रही है। बीए पाठ्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।'

### अब बनीखेत में होगी डीईएसएसए की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक, चंबा कार्यालय द्वारा जारी एक संशोधित कार्यालय आदेश के अनुसार, जिला प्रारंभिक शिक्षा खेल संघ (डीईएसएसए) चंबा की सामान्य परिषद की बैठक का स्थान बदल दिया गया है। पूर्व में यह बैठक 08 जुलाई को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शेरपुर (चंबा) में आयोजित की जानी थी, जिसे अब संशोधित करते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बनीखेत (चंबा) में स्थानांतरित कर दिया गया है। बैठक की तिथि एवं समय पूर्ववत ही रहेगा, केवल स्थल में परिवर्तन किया गया है।

### नई सदस्यता से संगठन को मिली नई ऊर्जा

**अनंत ज्ञान, साहो।** समाजहित में कार्यरत प्रगतिशील संगठन साल घाटी साहो को क्षेत्र के लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हाल ही में संगठन द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिससे संगठन के सामाजिक प्रयासों को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त हुई है। संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नवसदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि - 'एकता की ताक़त ही परिवर्तन की असली चाबी है, और आप सभी ने इस एकता को मजबूत बनाकर एक सकारात्मक पहल की है।'

### राम नाम के प्रकाश से जगमगाया चंबा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** श्री राम शरणम् परिवार चंबा द्वारा संस्था के संस्थापक परमहंस स्वामी सत्यानंद जी महाराज के ईश्वरीय साक्षात्कार की 100वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 2 से 10 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का भव्य शुभारंभ किया गया है। यह आयोजन हरि राय मंदिर के प्रांगण में श्रद्धा व भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है। हर दिन सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा 'अमृतवाणी पाठ', ग्रंथ विवेचना, और स्वामी जी द्वारा रचित धर्मग्रंथों की व्याख्या की जा रही है। चंबा में श्रद्धालु इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम संयोजिका सुषमा पुरी और कोषाध्यक्ष सुमन कुंद्रा ने जानकारी दी कि अनाथालय, कोढ़घर और अस्पतालों में सेवा, साहित्य वितरण, रक्तदान, नेत्र परीक्षण जैसे समाजसेवी कार्य भी किए जा रहे हैं।

### रैंप वॉक और फैशन शो का आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आईटीआई चंबा में सोमवार को रैंप वॉक और फैशन शो का आयोजन किया गया। इस रैंप वॉक का उद्देश्य एपेरल सेक्टर जैसे ड्रेस मेकिंग, सियुंग टेक्नोलॉजी, एम्ब्रॉयडरी व फैशन टेक्नोलॉजी ट्रेड्स की महिला प्रशिक्षुओं द्वारा डिज़ाइन की गयी ड्रेस, हैंडीक्राफ्ट्स और अन्य उत्पादों को प्रदर्शित करने और महिला प्रशिक्षुओं का एपेरेल सेक्टर में स्किल सीखने और इस क्षेत्र में अपना करियर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### डीए की घोषणा को लेकर जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल पेंशनर्स संघ, ब्लॉक चंबा की मासिक बैठक सोमवार को लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह चंबा में संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह बेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में सबसे पहले मुख्यमंत्री द्वारा घोषित तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) की घोषणा को लेकर नाराज़गी व्यक्त की गई। संघ ने कहा कि मई 2025 से लागू की जानी थी यह घोषणा आज तक अधिसूचना का रूप नहीं ले सकी है। इसे एक सफेद हाथी करार देते हुए पेंशनर्स ने सरकार से मांग की कि इस पर शीघ्र आदेश जारी किया जाए और पेंशनर्स को भ्रमित करने का यह नाटक समाप्त किया जाए।

# अलमी में शिक्षक के स्कूल न आने पर बच्चे बिना पढ़े बैरंग घर लौटे

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



**भरमौर।** गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल अलमी में सोमवार को अध्यापक के स्कूल न पहुंचने पर बच्चे बिना पढ़े बैरंग घर लौट गए। 1:00 बजे तक अध्यापक के स्कूल न पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने एसएमसी अध्यक्ष के साथ मौके पर पहुंचकर स्कूल में खूब बवाल किया और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। दोपहर 1:00 तक स्कूल के नौनीहाल मिड डे मील वर्कर व चपरासी के सहारे ही बैठे थे। दोपहर ठीक 3:00 तक यहां पर कोई भी अध्यापक बच्चों को पढ़ाने नहीं पहुंचा लिहाजा बच्चे बिना पढ़े ही बैरंग घर लौट गए।

जानकारी के अनुसार पिछले एक वर्ष से यहां पर अध्यापकों को डेपुटेशन के आधार पर भेजा जा रहा है। मौके पर पहुंचे एसएमसी अध्यक्ष को लोगों ने आरोप लगाया है कि इससे पहले भी कई बार अध्यापक स्कूल ड्यूटी पर ही नहीं पंहुचते हैं लिहाजा बच्चे बिना पढ़े ही घर वापस आ जाते हैं।

गौरतलब है यह स्कूल बतोट सड़क से 13 किलोमीटर की पैदल दूरी पर है। पिछले एक वर्ष से यहां पर नियमित अध्यापक ना होने की स्थिति में बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। यहां पर प्राइमरी स्कूल में 28 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। अध्यापकों के यहां पर स्कूल टाइम पर हज ना होने के चलते कई बार बच्चे यहां से बिना पढ़ाई किए ही बैरंग घर वापस लौट रहे हैं। स्थानीय लोगों में शिव कैलाश रमेश कुमार संजीव कुमार व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नयनसुख का कहना है कि अगर दोबारा ऐसा हुआ तो वह स्कूल को ताला लगा देंगे। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर नियमित अध्यापक भेजा जाए। उन्होंने कहा है कि सोमवार को यहां पर अध्यापक के स्कूल न पहुंचने के कारण बच्चे बिना पड़े ही बैरंग घर वापस लौट आए हैं इसकी सूचना उन्होंने उच्च अधिकारी को भी दे दी है।

### इस तरह की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: प्रधान

**इस** विषय पर प्रधान ग्राम पंचायत बतोट आरती शर्मा ने कहा है कि अगर ऐसा है तो यह बहुत ही गलत है। उन्होंने कहा है कि ट्राइबल क्षेत्र में स्कूल में अध्यापकों की इस तरह के लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। अध्यापकों वी स्कूल प्रबंधन की इस तरह की लापरवाही के कारण यहां के नोनीहालों का जीवन को भविष्य बिल्कुल बर्बाद हो रहा है।

### डेपुटेशन के सहारे चल रहा स्कूल: बजर सिंह

**इस** विषय पर खंड शिक्षा अधिकारी बजर सिंह ठाकुर ने कहा है कि उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं है। लेकिन यह स्कूल पिछले कुछ समय से डेपुटेशन के सहारे चल रहा है। उन्होंने कहा है कि हेड मास्टर से इसके बारे में रिपोर्ट लेकर आगे कुछ कहा जा सकता है।

# मजदूरों की मजदूरी को लेकर सड़कों पर उतरे जिला परिषद सदस्य मनोज



मजदूरी का भुगतान न होने के विरोध में जिला परिषद सदस्य मनोज मनु धरने पर बैठे।

**आरके सहगत, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** विकास खंड मैहला में मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान न होने के विरोध में जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि अक्टूबर माह में एमपी हेड के तहत हुए कार्यों को कुछ तकनीकी कारणों से बीच में रोक दिया गया था, जबकि मजदूरों की मजदूरी अब तक लंबित है।

मनोज मनु ने बताया कि इस विषय को दिशा बैठक में उठाया गया, जहां स्वयं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कार्य को पुन: स्वीकृति प्रदान की थी। इसके बाद सभी बिल और वाउचर तैयार कर खंड विकास अधिकारी मेहला के को सौंपे गए ताकि पोर्टल पर अपलोड होने के बाद डीसी कार्यालय से सीधे पंचायत खातों में भुगतान हो सके, परंतु एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि खंड विकास अधिकारी भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं और केवल चुनिंदा कार्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि सबसे अधिक लंबित फाइलें मैहला क्षेत्र की हैं। मनु ने यह भी कहा कि वह अब तक बीडीओ से 10 से अधिक बार मिल चुके हैं और हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि गरीब मजदूरों की मेहनत की कमाई रोकी जाना अन्याय है और जब तक सभी मजदूरों को उनका हक नहीं मिलता, तब तक धरना जारी रहेगा।

# मेले, उत्सव व त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक: कुलदीप पठानिया



छिंज मेला चलामा में कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया छिंज मेला चलामा में मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस दौरान पठानिया ने कहा कि देवभूमि एवं वीर भूमि हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति, परंपराएं और रीति-रिवाज लोगों के सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से हैं।

उन्होंने कहा कि मेले, उत्सव और त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन जहां एक ओर मनोरंजन का माध्यम हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत लोक निर्माण, जल शक्ति सहित प्रमुख विभागों की 500 करोड़ से अधिक की धन राशि वाली विभिन्न परियोजनाओं का अधिकांश निर्माण कार्य पुरा कर लिया गया है जल्द इन परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने लोअर द्रमण से चलामा गांव तक जल्द सड़क निर्माण कार्यों को शुरू करने का आश्वासन भी लोगों को दिया। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि बरसात के पश्चात एक सौ के करीब छोटे-बड़े संपर्क मार्गों के निर्माण कार्यों को शुरू किया जाना भी प्रस्तावित है। उन्होंने लोगों से सड़क निर्माण को लेकर निजी भूमि को स्वेच्छा से विभाग के नाम करने का आग्रह भी किया।

# मिंजर मेले में होंगी 4 हिमाचली सांस्कृतिक संध्याएं: पठानिया

## विस अध्यक्ष ने की अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य प्रगति बारे समीक्षा बैठक

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 की व्यवस्थाओं से संबंधित कार्य प्रगति वारे जिला मुख्यालय चंबा के बचत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने की। बैठक में मेले के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मिंजर मेले के दौरान होने वाले व्यय व आय, निमंत्रण कार्ड /स्मारिका, परिवहन, यातायात व पार्किंग प्रबंधन, खेलकूद प्रतियोगिताओं, चौगान रखरखाव, पेयजल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति के अतिरिक्त साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा व्यवस्था के सहित कला केन्द्र व मंजरी गार्डन में आवश्यक मुरम्मत के संबंध के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मेले के मूल स्वरूप व सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना हम सब का दायित्व है उन्होंने आशा व्यक्त की कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रशासन व जन सहयोग से मेले का आयोजन पूर्णतया सुखद एवं शांतिपूर्ण संपन्न होगा। उन्होंने जिला के सभी प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिंजर मेला 2025 की तैयारीयों से संबंधित अपने-अपने दायित्वों को ईमानदारी व गंभीरता के साथ निभाते हुए यह सुनिश्चित करें की मेले के दौरान व्यवस्था प्रबंधन में कोई भी कमी न रहे।

इस अवसर पर उन्होंने जानकारी दी कि मिंजर मेले के दौरान चार हिमाचली, दो पंजाबी व दो बॉलीवुड सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि मिंजर मेले में स्थानीय संस्कृति की झलक को पेश करने तथा हिमाचली कलाकारों को ज्यादा से ज्यादा मंच प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने जिला वासियों को मिंजर मेले की अग्रिम बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

### संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष व्यवस्था बनाएं सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में मानसून-2025 के दौरान ज़िला में बेहतर आपदा प्रबंधन व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर विभिन्न विभागों की पूर्व तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज बचत भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने बैठक के दौरान ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जुड़े सभी प्रमुख विभागों द्वारा बेहतर आपदा प्रबंधन एवं जन सुरक्षा से संबंधित पूर्व तैयारियों एवं उठाए गए आवश्यक कदमों की विभाग बार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को विशेष सतर्कता रखने के साथ सभी हित धारकों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रदेश में विगत कुछ वर्षों से बादल फटने की घटनाओं में काफी बढ़ोतरी हो रही है। ज़िला चंबा की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप अकस्मात प्राकृतिक आपदाओं की संभावनाओं के चलते संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी सुनिश्चित बनाई जाए।

# सोशल मीडिया ने मां से मिलाया खोया बच्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



**चंबा** के सरोल क्षेत्र में एक मार्मिक घटना ने सभी को भावुक कर दिया जब एक मजदूर महिला का 10 वर्षीय बेटा अरुण सुबह से गायब हो गया। लेकिन समय रहते की गई पहल, सोशल मीडिया का प्रभाव और समाज की सामूहिक चेतना ने मां शांति देवी को उसका खोया हुआ लाल वापस दिला दिया। यह पूरी घटना शनिवार शाम लगभग 6 बजे शुरू हुई जब 'प्रेरणा - द इंस्पिरेशन' संस्था के एक सदस्य को फ़ोन पर जानकारी मिली कि सरोल के पास एक महिला अपने बच्चे के गुम हो जाने के कारण रो रही है।

संस्था की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मामले को गंभीरता से लेते हुए संस्था के फेसबुक पेज से लाइव होकर लोगों से सहयोग की अपील की। लगभग 7 बजे मामला सदर थाना चंबा में दर्ज करवाया गया और मौके पर तैनात एएसआई व उनकी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तलाश अभियान आरंभ कर दिया।

बच्चे की मां मूल रूप से तेलका क्षेत्र से हैं, जो कुछ दिन पूर्व ही मजदूरी के सिलसिले में चंबा आई थीं। वह अपने बेटे के साथ भद्रम में किराए के क्वार्टर में रह रही थीं, जहां से अरुण सुबह 8 बजे बिना बताए निकल गया। संस्था द्वारा फेसबुक पर जानकारी साझा करने के बाद चंबा के जागरूक नागरिकों ने इसे गंभीरता से लिया और कई लोगों ने अलग-अलग जगहों पर बच्चे को देखने की जानकारी दी। किसी ने भद्रम, किसी ने कियाणी, और किसी ने पुखरी में बच्चे को देखने की बात कही। अंतत: रात 10:30 बजे अरुण छन्नी माता मंदिर के पास सुरक्षित मिला।

### 'आप' की मजबूती को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आम आदमी पार्टी द्वारा सोमवार को चंबा में एक अहम ज़िला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी संगठन की मजबूती और आगामी पंचायत चुनावों में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीतिक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने की, जबकि सह प्रभारी विजय फूलारा, प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर, प्रदेश सचिव राकेश मढ़ोतरा, जिला अध्यक्ष सोनू ठाकुर, जिला सचिव शशिकांत और जिला कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी बैठक में मौजूद रहे। इस अवसर पर दिल्ली से आई प्रदेश प्रभारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि हम जानते हैं कि हिमाचल की जनता भाजपा और कांग्रेस दोनों से परेशान हो चुकी है।

### चंबा में खोला जाए पासपोर्ट कार्यालय

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश के सीमांत जिला चंबा के नागरिकों की एक लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर डलहौज़ी निवासी इंजीनियर पंकज शर्मा ने सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव भारद्वाज को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। पत्र में उन्होंने चंबा जिले में पासपोर्ट कार्यालय की स्थापना की आवश्यकता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। पंकज शर्मा ने अपने पत्र में लिखा है कि चंबा जिले के नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने या नवीनीकरण जैसे जरूरी कार्यों के लिए कॉंगड़ा या शिमला जैसे दूरस्थ जिलों की यात्रा करनी पड़ती है, जिससे उन्हें समय, धन और संसाधनों की भारी क्षति होती है। उन्होंने कहा कि चंबा जिला न केवल एक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है, बल्कि अब भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में भी शामिल किया जा चुका है, जिससे यहां विकास की संभावनाएं और अधिक प्रबल हो गई हैं।

### बस का स्टेरिंग टूटा, राह चलते छात्र बचे

**अनंत ज्ञान, बतोट।** जिला चंबा के दुर्गम क्षेत्र बतोट नामक स्थान पर सोमवार को चंबा डिपो की एचआरटीसी बस जो चंबा से बतोट को जाती है। यह बस शाम 3:30 बजे चंबा से बतोट को जाती है और सुबह 7:40 पर बतोट से चंबा की ओर जाती है स्थानीय लोगों शम्मी शर्मा प्रवीन शर्मा आरती शर्मा ओमप्रकाश कृष्ण चंद देवी सिंह कुशल कुमार शरण दास इत्यादि लोगों का कहना है कि पिछले डेढ़ वर्षो से इस रुट पर पुरानी बस भेजी जा रही है जिस वजह से यह बस हर बार खराब हो जाती है। सोवार सुबह यह बस अपने बस ठहराव से मात्र 500 मीटर ही चली थी चरोडी नामक स्थान पर अचानक बस का स्टेरिंग टूट गया जिस बजह से बस में अफरा तफरी मच गई। गनीमत यह रही कि किसी भी तरह का कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। राह चलते स्कूल के छात्र-छात्राएं भी बस की चपेट में आने से बाल-बाल बचे बस ड्राइवर की सूझबूझ से या हादसा होने से टला मौके पर बस में 30 सवारियां सवार थी।

### कल्हेल में पकड़े देवदार के 31 स्लीपर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** वन विभाग की टीम ने कल्हेल में डुलू मोड के पास एक पिकअप वाहन से देवदार लकड़ी के 31 अवैध स्लीपर बरामद करने में सफलता हासिल की है। इस लकड़ी का बाजारी मूल्य करीब अढ़ाई लाख रुपए आंका गया है। वन विभाग की टीम ने इस संदर्भ में वाहन में सवार दो लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में रहने के साथ ही अवैध लकड़ी की खेप को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम ने वन परिक्षेत्र अधिकारी मसरूंड हितेश्वर नरियाल की अगवाई में डुलू मोड के पास गुप्त सूचना के आधार पर नाका लगा रखा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पिकअप वाहन को निरीक्षण के लिए रोका गया। वाहन के निरीक्षण दौरान विभागीय टीम ने इसमें देवदार लकड़ी के 31 स्लीपर लदे पाए। वन विभाग की टीम की पूछताछ में वा हन में सवार दो लोग लकड़ी का कोई वैध दस्तावेज मौके पर नहीं पेश कर पाए। डीएफओ चंबा कृतज्ञ कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### बीएसएल परियोजना के शहीद किए याद

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** बीएसएल परियोजना का 49वां स्थापना दिवस पड़ोस डैम पर बीबीएमबी द्वारा धूमधाम से आयोजित किया गया। खिलखिलाती धूप में आयोजन ओर भी सुनियोजित तरीके से सम्पन्न हुआ। इस समारोह में अधीक्षण अभियन्ता बीबीएमबी सुंदरनगर अजय पाल सिंह ने परियोजना निर्माण में अपनी शहादत देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि भेंट करते हुए उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। तथा सीआईएसएफ के जवानों ने भी शहीदों की शहादत को परेड के माध्यम से सलामी दी। इस के उपरांत 239वीं बटालियन के कर्नल अरुण पाल सिंह ने पुष्पांजलि भेंट की तथा उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी श्रद्धासुमन अर्पित की गई। अपने सम्बोधन में इंजीनियर अजय पाल सिंह ने कहा कि इस परियोजना निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के कारण ही यह परियोजना निर्मित हो सकी है। इसलिए हम समस्त बीबीएमबी परिवार की ओर से उन्हें शत् शत् नमन करते हैं तथा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

### छेड़छाड़ मामले में हिरासत में लिए 7 आरोपी

**अनंत ज्ञान, ठियोग।** शिमला जिले के ठियोग के मझार स्कूल की छात्राओं से छेड़छाड़ और डराने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस 7 लोगों को हिरासत में लिया है। सभी मझार के आसपास के क्षेत्रों के बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी गई है। छात्राओं के परिजनों के अनुसार, बीते डेढ़ से दो सप्ताह के दौरान मझार स्कूल की छात्राओं को स्कूल से आते जाते वक्त जंगल में दो से तीन छात्राओं को छेड़ा गया। छात्राओं के परिजनों का कहना है कि बच्चियों को बेड टच भी किया गया। बताया जा रहा है कि छेड़छाड़ करने वाले आरोपी मास्क लगाकर हरकतें करते थे।

### सूडोकू नवताल- 7484 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7483 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# आयुर्वेद डिस्पेंसरी के भवन की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, हमल (चंबा)।** ग्राम पंचायत हमल में वर्ष 1998 से संचालित आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी अब तक किराये के भवन में ही कार्यरत है। बीते 27 वर्षों में न तो इसे स्थायी भवन मिला और न ही मूलभूत सुविधाएं। स्थानीय निवासियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने अब आयुर्वेद भवन के निर्माण की मांग को लेकर आवाज बुलंद की है। सूत्रों के अनुसार, डिस्पेंसरी भवन के निर्माण के लिए भूमि का हस्तांतरण विभाग के नाम पहले ही किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इससे न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

# चामुंडा मंदिर के रास्ते पर लगाए 50 पौधे

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट बाल माध्यमिक विद्यालय चंबा की ओर से पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया इस कार्यक्रम का संचालन दीपक कुमार प्रवक्ता जीव विज्ञान प्रभारी को क्लब हुआ पवन कुमार प्रवक्ता संस्कृत प्रभारी ,एन एस एस द्वारा करवाया गया इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के इको क्लब व एनएसएस के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें स्थानीय विद्यालय के अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें बिंदु परमार, शिखा महाजन, रजनी वाला नीरज हांडा ,जालम सिंह ने बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। यह कार्यक्रम चामुंडा मंदिर के रास्ते पर स्मृति वन विहार के पास खाली पड़े हुए स्थान, जहां जंगल की आग लगने की वजह से भूमि कटाव होता रहता है वहां पर उसे जगह को चिन्हित कर वहां पर पौधारोपण किया गया। हमने वहां पर 50 पौधे लगाए जिसमें मुख्यत शीशम, अनार, कचनार, दरेक व धमन । यह 50 पौधे हमें वन विभाग चंबा डिवीजन द्वारा मुहैया करवाए गए।

# हॉकी ब्लास्टर चंबा ने सीएससी को 4-0 से हराकर जीती ट्रॉफी



हॉकी प्रतियोगिता के समापन समारोह में विधायक नीरज नय्यर का स्वागत किया गया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला हॉकी संघ चंबा के तत्वावधान में प्रथम जिला स्तरीय 6-ए साइड प्री मिंजर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक चंबा के ऐतिहासिक चौगान में किया गया। यह प्रतियोगिता पुरुष वरिष्ठ, पुरुष कनिष्ठ व महिला वर्ग में आयोजित की गई। पुरुष वरिष्ठ वर्ग में जिला से 8 टीमों ने महिला वर्ग में दो टीमों ने तथा पुरुष कनिष्ठ वर्ग में चार बढ़चढ़ कर भाग लिया।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर चम्बा सदर के विधायक नीरज नय्यर मुख्यातिथि के रूप में तथा एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट संस्थान उदयपुर के प्रबंध निदेशक सुंदर्शन शर्मा विशिष्ट अतिथ के रूप में उपस्थित रहें। उक्त जानकारी देते हुए हॉकी चम्बा के महासचिव मुकेश बेदी ने कहा कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला उपायुक्त चम्बा, जिला प्रशासन, जिले की नामी संस्था एनएफसीआई, होटल मैनेजमेंट और कलिनरी इंस्टिट्यूट चंबा, जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी रुपेश शर्मा व उनकी टीम, विभिन्न खेल संघो तथा पुराने हॉकी खिलाड़ियों का भरपूर सहयोग रहा ।

प्रतियोगिता के पुरुष वरिष्ठ वर्ग के ख़िताबी मुकाबले में हॉकी ब्लास्टर चंबा ने सीएससी चंबा को 4-0 से हराकर ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। प्रतियोगिता के पुरुष कनिष्ठ वर्ग ख़िताबी मुकाबले में सुपरहिट कल्ब ने चम्बा टाइगर कल्ब को 3-1 से हराया। महिला वर्ग में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा टीम ने कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चम्बा बी टीम को 2-1 से हराकर अपने वर्ग में ख़िताब पर कब्ज़ा जमाया।

पुरुष वरिष्ठ वर्ग में जिला से 8 टीमों ने, महिला वर्ग में दो टीमों ने तथा पुरुष कनिष्ठ वर्ग में चार बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर सुंदर्शन शर्मा, रुपेश शर्मा, प्रदीप कालिया हॉकी कोच, भागीरथ एथलेटिक्स कोच, जय राज वर्धन, राजिंदर मेहरा, शशि मेहरा, परमजीत मेहरा, उमेश चौना, अविनाश पाल, अनिल मुन्ना, पंकज पूरी, भार्गव शर्मा इत्यादि उपस्थित रहें।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

मंगलवार, 8 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** त्रयोदशी (24:36) **: नक्षत्र** ज्येष्ठा (27:06), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शुभ (10:02), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:53)। **राहुकाल** (15:51-17:34)।

**विशेष दिन**

- 8 जुलाई 2025: भौम प्रदोष व्रत आज।
- 8 जुलाई 2025: मंगला तेरस आज।

**मेषः** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**वृषः** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**मिथुनः** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**कर्कः** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**सिंहः** नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्याः** अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**तुलाः** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**धनुः** पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**मकरः** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा दूर हो जाएगी।

**कुंभः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे।

**मीनः** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**विश्वास** वह पक्षी है जो सुबह के अंधेरे में भी प्रकाश को महसूस करता है। -सरोजिनी नायडू

## संपादकीय

## भाषा की राजनीति

महाराष्ट्र की राजनीति इन दिनों एक नई करवट ले रही है। मराठी बनाम हिंदी के मुद्दे पर छिड़े विवाद ने अचानक से दो राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों-उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को एक मंच पर ला दिया। दोनों नेताओं ने हाल ही में मुंबई के वर्ली सभागार में मराठी विजय रैली के नाम से एकजुटता प्रदर्शित की और स्पष्ट किया कि हिंदी से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन जबरन थोपे जाने वाली भाषा नीति का वे विरोध करते हैं। राजनीति में गठबंधन, विरोध, समीकरण और असहमतियां आम बात है, लेकिन जब भाषा जैसे संवेदनशील मुद्दे पर सालों से दूरी बनाए दो नेता एक मंच साझा करें, तो इसके निहितार्थ केवल भावनात्मक नहीं होते, बल्कि रणनीतिक भी होते हैं। ठाकरे बंधुओं की यह मराठी एकता कहीं न कहीं भाजपा के बढ़ते प्रभाव से उपजे उस अस्तित्व संकट की ओर इशारा करती है, जिसे वे अब खुलकर स्वीकार कर चुके हैं। मराठी अस्मिता महाराष्ट्र की राजनीति की रीढ़ रही है। शिवसेना की स्थापना ही मराठी मानुष के अधिकारों के लिए हुई थी। समय के साथ जब राजनीति के केंद्र में विकास, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दे हावी हुए, तो क्षेत्रीय अस्मिता कुछ हद तक पीछे छूट गई, लेकिन जैसे ही भाजपा ने महाराष्ट्र में अपनी राजनीतिक पकड़ मजबूत करनी शुरू की, मराठी अस्मिता फिर से राजनीतिक हथियार बन गई। हिंदी को लेकर छिड़ा ताजा विवाद इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से तीन भाषा फॉर्मूला को लेकर जो रुख अपनाया गया, उसे महाराष्ट्र में हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में पेश किया गया। ठाकरे बंधुओं ने इसका विरोध कर मराठी स्वाभिमान की रक्षा करने वाले नेता के रूप में अपनी छवि गढ़नी चाही।

यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि उद्धव और राज ठाकरे, जो एक-दूसरे को राजनीतिक रूप से समाप्त करने की कोशिश में लगे रहे, अब मराठी भाषा के नाम पर साथ खड़े नजर आ रहे हैं। यह नया गठजोड़ दर्शाता है कि राजनीति में कोई स्थायी दुश्मन नहीं होता, केवल हित स्थायी होते हैं। सवाल उठता है कि क्या यह एकता वास्तव में मराठी भाषा की रक्षा के लिए है या फिर भाजपा के बढ़ते वर्चस्व के खिलाफ एक रणनीतिक मोर्चाबंदी? दरअसल, महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा ने जिस तेजी से पैर पसारे हैं, उससे पुराने क्षेत्रीय दलों की जमीन खिसकती दिख रही है। उद्धव ठाकरे पहले ही शिवसेना के एक मजबूत शाखा को गंवा चुके हैं और अब कांग्रेस व एनसीपी के साथ गठबंधन के बावजूद उनकी राजनीतिक हैसियत कम हुई है। वहीं, राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) लगातार हाशिए पर रही है। ऐसे में यह मराठी एकता सत्ता में वापसी का साझा प्रयास भी हो सकता है। भारत विविधताओं का देश है और भाषायी विविधता इसका एक प्रमुख आधार है। संविधान ने सभी भाषाओं को सम्मान और मान्यता दी है, लेकिन जब भाषा को राजनीति का हथियार बनाया जाता है, तो वह समाज को विभाजित करने का माध्यम बन जाती है। हिंदी हो या मराठी-दोनों भारतीय भाषाएं हैं, दोनों की अपनी गरिमा और इतिहास है। किसी एक को दूसरे के खिलाफ खड़ा करना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि सामाजिक सौहार्द के लिए भी खतरा है।

यह स्पष्ट है कि यह भाषाई आंदोलन कम और राजनीतिक रणनीति अधिक है। इस समूचे घटनाक्रम का सबसे बड़ा राजनीतिक असर भाजपा पर पड़ सकता है। भाजपा ने महाराष्ट्र में सत्ता की मजबूत पकड़ बनाई है, लेकिन क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर जब दो पुराने शिवसैनिक एक साथ खड़े हो जाते हैं, तो यह भाजपा के लिए एक चेतावनी हो सकती है। खासकर तब, जब इस एकता के पीछे सामाजिक भावनाओं को भड़काने की क्षमता हो और मराठी जनमानस में इसका प्रभाव गहराई से महसूस किया जाए। हालांकि, भाजपा अब एकमात्र हिंदी समर्थक पार्टी नहीं है और वह भी क्षेत्रीय भाषाओं को महत्व देने की बात करती रही है, लेकिन फिर भी हिंदी थोपे जाने की छवि उसे विपक्ष के निशाने पर लाने के लिए काफी है। इस पूरे प्रकरण से स्पष्ट है कि मराठी बनाम हिंदी का विवाद केवल भाषाई नहीं, बल्कि राजनीतिक है।

यह अस्तित्व की लड़ाई है, जिसमें ठाकरे बंधु अपनी अलग-अलग राहें छोड़कर एक साथ चलने को मजबूर हुए हैं। हिंदी को ठुकराकर नहीं, मराठी को मजबूती देकर वे अपने राजनीतिक भविष्य को साधना चाहते हैं। अब देखना यह है कि यह नई एकता महाराष्ट्र की राजनीति में किस हद तक असर डालती है। क्या यह भाजपा को वाकई चुनौती दे पाएगी या यह केवल क्षणिक गठबंधन बनकर रह जाएगा? यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन एक बात तय है कि भारत जैसे देश में भाषा से ज्यादा जरूरी है, भाषा के पीछे की भावना और राजनीति से ऊपर है जनभावना का सम्मान। राजनीति को भाषा के सहारे नहीं, बल्कि जनता के हितों के सहारे तय होना चाहिए। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक ऐसे मराठी बनाम हिंदी विवादों की पुनरावृत्ति होती रहेगी।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## पहली महिला पर्वतारोही

**अनीता** कुंडू भारत की प्रसिद्ध पर्वतारोही हैं। वह पहली महिला पर्वतारोही हैं, जिन्होंने विश्व के सबसे ऊंचे पर्वत एवरेस्ट पर नेपाल और चीन दोनों तरफ से चढ़ाई पूरी की है। हरियाणा के हिसार की रहने वाली अनीता कुंडू सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं। अनीता कुंडू को प्रतिष्ठित 'तेनजिंग नोर्गे नेशनल अवार्ड-19' से भी सम्मानित गया है। यह पुरस्कार उन्हें एक वर्चुअल प्रोग्राम में भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों दिया गया। अनीता कुंडू ने यह अवार्ड 'लैंड ऐडवेंचर' कैटेगरी में जीता है। गरीबी, नुकसान और निराशा से घिरे बचपन से लेकर अपने आप में एक वास्तविक पर्वतारोही बनने तक वह पुरुषों और महिलाओं के लिए समान रूप से प्रेरणा बन गई हैं। पिता की मृत्यु 13 साल की उम्र में अपने पिता को खोने के बाद अनीता कुंडू को उनके रिश्तेदारों द्वारा लगातार शादी करने के लिए मजबूर किया गया। वह अफसोस करती हैं और कहती हैं-मेरे पिताजी में एक जुनून था। मैं घर का सबसे बड़ा बच्चा थी और मेरे पिताजी चाहते थे कि मैं एक अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज बनूं। जब मैं 12 साल की थी, तब मैंने बॉक्सिंग क्लास भी ज्वाइन कर ली थी, लेकिन पिता की मौत ने सब कुछ बदल दिया।



अनीता कुंडू
जन्म : 8 जुलाई, 1991

## कविता: कल्पनाहीन आवर्तन



वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, ऊना (हि. प्र.)

*कौन अर्धरात्रि के बीच आकर,*
*मुझे सहसा जगाता।*
*स्वप्न की बिखरी धुंध,*
*सुप्त चेतना में लाता।*
*विचारों का यह काफिला,*
*गतिशील है निरंतर।*
*बेचैन है यह मुग्ध भाव अशांत,*
*है उनसे प्रांतर।*
*कौन उनमें करता हलचल,*
*कहां से प्रारंभ यह भाला।*
*अनचाहे विचारों का संघर्ष,*
*कौन जड़ देता ताला।*
*छोड़ो चिंता व्यर्थ,*
*है यह कल्पनाहीन आवर्तन।*
*कल्पना को दो विदाई,*
*जिससे रुके सीमाहीन नर्तन।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन से सतत् हरित बदलाव





लेखक : भूपेंद्र यादव
केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री

पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया, लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है।

जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई, तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल सिद्धांतों- 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव'- पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' को सुविधा प्रदान करने हेतु तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं, बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिलकुल साफ था। इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए, जो 'इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था' दोनों के लिए फायदेमंद हो। वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया। वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्युफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।

कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और 'प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत' पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है।

प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरुआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है। प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

वर्ष 2019 में शहरों पर केंद्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सका। 1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया, वहीं उसी वर्ष शुरू किए गए 'जल जीवन मिशन' ने पानी की सुलभता को पर्यावरणीय स्थिरता के साथ जोड़ा। अब जबकि हम विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं, एक दशक से अधिक समय में लागू किया गया पर्यावरण से जुड़ा प्रशासकीय ढांचा टिकाऊ विकास के लिए एक ठोस आधार प्रदान करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# अमरनाथ यात्रा : एक घोड़े वाले की बात और मन का शून्य



लेखक : सौरभ धीमान
नालागढ़



जुलाई 2016 की बात है। मन में कुछ पुण्य, कुछ रोमांच और कुछ अनजानी खोज की चाह लिए मैं अपने कुछ साथियों के साथ अमरनाथ यात्रा पर निकला। सात जुलाई को हमारी टोली नालागढ़ से चली। हिमाचल की हरी-भरी पहाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए हम जम्मू पहुंचे।

जम्मू में एक रात ठहरने के बाद, अगली सुबह, यानी आठ जुलाई को, हम सुबह छह बजे श्रीनगर की ओर बढ़ चले। सूरज अभी पहाड़ों की ओट में था और हल्की ठंडी हवाओं में तैर रही थी। रास्ते में सैन्य वाहनों की भारी आवाजाही दिखी। हर मोड़ के बाद एक हरे रंग के ट्रक, सैनिकों की टोलियां और भारी हथियारों से लैस जवान। हमें लगा, शायद यह कश्मीर का रोजमर्रा का दृश्य है। फिर भी, मन के किसी कोने में कुछ बेचैनी थी। क्या इतनी भारी सैन्य मौजूदगी सामान्य थी? दोपहर तक हम श्रीनगर पहुंचे। वहां एक ढाबे में रोटी-दाल खाकर मन को कुछ सुकून मिला। श्रीनगर की हवा में एक अजीब-सी गंध थी—शायद बादलों की, शायद तनाव की। हमारा अगला पड़ाव सोनमर्ग था, जहां हमने रात टैंट हाउस में बिताई। चारों ओर बर्फीली चोटियां और नीचे हरी-भरी घाटी। प्रकृति की गोद में मन शांत होने को था, पर कुछ अधूरी-सी बात हवा में तैर रही थी। अगली सुबह हम सोनमर्ग हेलिपैड पर पहुंचे। वहां कई हेलिकॉप्टर की प्रतीक्षा में कुछ घंटे बीते। इंतजार के बीच खबर मिली कि कश्मीर घाटी में माहौल गरम है। एक आतंकवादी, बुरहान वानी, पिछले दिन मुठभेड़ में मारा गया था। लोग सड़कों पर उतर आए थे और तनाव बढ़ रहा था। मन में एक हल्का-सा डर उभरा, पर श्रद्धा और उत्साह ने उसे दबा दिया। कुछ घंटों बाद हम हेलिकॉप्टर में सवार हुए और पंजतरणी उतर गए। यहां से अमरनाथ गुफा की चढ़ाई शुरू होती थी और मैंने एक घोड़े की सवारी चुनी।

घोड़े वाला एक मझोले कद का कश्मीरी था, चेहरा सूरज की किरणों से झुलसा हुआ, पर आंखों में एक अजीब-सी चमक। रास्ते में मेरी आदत ने मुझे फिर से बोलने पर मजबूर कर दिया। मैंने उससे बात शुरू की। 'भाई, जब यात्रा का मौसम नहीं होता, तब क्या करते हो?' उसने बताया कि उसके दो बेटे और चार बेटियां हैं। बड़ा बेटा, जो अभी 13 साल का हुआ, अब घोड़ा चलाने लगा है। यात्रा के बाद वह वैष्णो देवी जाएगा, वहां भी घोड़ा चलाएगा। परिवार की कमाई का यही एकमात्र जरिया था। न खेत, न दुकान, न कोई और साधन। उसकी बातों में एक सादगी थी, पर कहीं गहरे में एक अनकहा दर्द भी।

मैंने पूछा, 'घाटी में माहौल खराब होने की खबर है, क्या हुआ?' उसने तपाक से जवाब दिया, 'हमारा एक बंदा शहीद हो गया है, उसी के समर्थन में यह सब हो रहा है।' मैं स्तब्ध रह गया। 'शहीद? कोई शहीद नहीं हुआ, एक आतंकवादी मारा गया है,' मैंने कहा। उसकी आंखों में एक ठहराव आया और फिर उसने जो कहा, वह मेरे कानों में आज भी गूंजता है, जैसे कोई तीखा तीर मन को भेद गया हो। उसने कहा, 'जैसे आप लोगों की तरफ से फौज है, हमारे लिए ये लोग हैं।' मैंने हैरानी से पूछा, 'हमारी तरफ? फौज तो पूरे भारत की है!' उसने जवाब दिया, 'तो हम भारत के साथ नहीं हैं।' मैंने पूछा, 'तो किसके साथ हो?' उसने कहा, 'हम आजाद रहना चाहते हैं, या फिर पाकिस्तान के साथ।' मैंने तर्क दिया, 'अगर ऐसा हुआ, तो यात्रा बंद हो जाएगी।

फिर तुम्हारा घर कैसे चलेगा?' उसने शांत स्वर में कहा, 'वह अल्लाह खुद सोचेगा हमारा।' उसके शब्दों ने मेरे मन को शून्य कर दिया। जैसे कोई भारी पत्थर दिल पर रख दिया गया हो। मैं चुप हो गया। घोड़े की टाप और मेरे मन की उथल-पुथल के सिवा कुछ सुनाई नहीं दे रहा था। उसका चेहरा, उसकी आवाज और उसके शब्द—सब कुछ मेरे दिमाग में अंकित हो गया। 'आपकी तरफ से फौज, हमारी तरफ से ये लोग।' यह वाक्य बार-बार गूंजता रहा। शाम को यात्रा पूरी कर हम बालटाल पहुंचे, तो पता चला कि घाटी में कर्फ्यू लग चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**सकारात्मक** सोच व कर्मों से भाग्य को बदला जा सकता है। मन के हारे हार है मन के जीते जीत, कबीर के इस दोहे में भी यही कहा गया है कि मन को मजबूत कर लिया जाए तथा मनोबल ऊंचा उठा लिया जाए, तो सब संभव है। सुविधाएं एवं आलस्य मनुष्य को पंगु बना देते हैं तथा कार्य क्षमता को निस्तेज कर देते हैं। मनुष्य जीवन परमार्थ के लिए बना है मानव जीवन बहुत ही दुर्लभ है जीवन को ऐसे नहीं गंवाना चाहिए।

अपने गुण के अनुसार ही कार्य कुशलता को बढ़ाना चाहिए। हर व्यक्ति को कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है, कहीं पहुंचने के लिए कहीं से निकलना पड़ता है। अगर यह सब समझ लें तो कामयाबी को छू सकते हैं। स्वयं भगवान को 14 वर्ष का वनवास हुआ तो ही वह राक्षसों का संहार कर सके एवं मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। श्री कृष्ण अगर वृंदावन नहीं छोड़ते तो द्वारकाधीश न कहलाते।

**कनुप्रिया शर्मा , नूरपुर**

# प्रकृति से छेड़छाड़ न करे मानव, वरना होती रहेगी तबाही





लेखक : रामलाल पाठक
वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार

हिमाचल प्रदेश में प्रतिवर्ष बरसात तबाही लेकर आती है। अनेक स्थानों पर दिल दहलाने वाली बादल फटने की घटनाएं होती हैं तथा जानमाल की भारी क्षति होती है। बरसात में कई जगह तो पूरे गांव का नामोनिशान तक मिट जाता है।

बहुत सारी जिंदगियां भूस्खलन में दब जाती हैं या पानी के बहाव में बह जाती हैं। जाने वाले तो परिजनों को उम्रभर के जख्म दे जाते हैं, लेकिन सब कुछ तबाह होने के बाद जो बच जाते हैं उनकी जीवनभर की कमाई मिट्टी में मिल चुकी होती है। उनकी स्थिति यह हो जाती है कि उनके पास तन पर पहने कपड़े ही रह जाते हैं। इसके अलावा खाने-पीने और पहनने के लिए भी कुछ नहीं होता। बादल फटने की घटनाएं अक्सर आधी रात या उसके बाद होती हैं। उस समय लोग गहरी नींद में सोए होते हैं। फिर भी यदि किसी की नींद खुल जाए, तो वह आसपास क्षेत्र से किसी को मदद के लिए भी नहीं बुला सकता है।

वहां भयंकर मंजर होता है। बचने-बचाने के लिए दर्दनाक चीख पुकार होती है। जो लोग बच जाते हैं वे अपनों को ढूंढने लगते हैं। जब तक राहत और बचाव कार्य शुरू होता है तब तक बहुत क्षति हो चुकी होती है। उसकी भरपाई करना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह सब प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ का परिणाम है। हर साल बड़ी घटनाएं होने के बावजूद न तो मनुष्य सबक ले रहा है और न ही प्रशासन व सरकार इस बारे में गंभीर है। नतीजतन हर वर्ष यही क्रम चलता रहता है। कुछ लोगों के पास घर बनाने के लिए नदी-नालों के किनारे या दरकने वाले पहाड़ों की ओट में अपनी जमीन होती है। इसलिए मजबूरी में ही उन्हें वहां अपना आशियाना बनाना पड़ता है। प्रकृति से खिलवाड़ करने वाले कई लोग ऐसे हैं जो पहाड़ का सीना चीरकर अपनी बहुमंजिला इमारतें खड़ी कर देते हैं। इससे पहाड़ खोखले हो जाते हैं। भारी बारिश होने से पहाड़ दरक जाता है तथा बड़ी-बड़ी इमारतें ताश के पत्तों की तरह बिखर जाती हैं। इसके अलावा प्रदेश में फोरलेन के निर्माण हो रहे हैं। पहाड़ों के सीने को छलनी करके लंबी-लंबी सुरंगें बनाई जा रही हैं। यह भी तबाही का बड़ा कारण है। जंगलों के बेरहमी से कटान हो रहा है। सिकुड़ते जंगल और बेतरतीब अंधाधुंध खनन से भी पहाड़ दरक रहे हैं तथा नदी-नाले उफान पर होते हैं। हर वर्ष होने वाली इस तबाही से करोड़ों का नुकसान होता है। समाज के विकास में लगने वाले सरकार के बजट का काफी हिस्सा प्रभावितों को राहत के तौर पर वितरित करना पड़ता है।

बरसात के बाद जन-जीवन को पटरी पर लाने के लिए काफी समय लग जाता है। पहाड़ों के दरकने से हर वर्ष कई जिंदगियां दफन हो जाती हैं। अनगिनत पालतू पशु भूस्खलन की भेंट चढ़ जाते हैं अथवा पानी के तेज प्रवाह में बह जाते हैं। कई लोग अपने आशियाने के अंदर ही दब जाते हैं। उस परिवार का सदा-सदा के लिए अस्तित्व ही मिट जाता है। बहुमूल्य सरकारी व निजी संपत्ति मिट्टी में मिल जाती है। लगातार होने वाली भारी बारिश से प्रभावितों को होने वाले गहरे जख्मों की पीड़ा और अधिक बढ़ जाती है।

जाने वाले तो संसार छोड़ कर ही चले जाते हैं। उनका किसी से कोई संबंध नहीं रह जाता, लेकिन परिजनों को उनका दुख जिंदगी भर सताता रहता है। सरकार प्रभावितों को राहत तो देती है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं होती। उनका अच्छा भला बस बसाया बसेरा उजड़ जाता है तथा भारी मुश्किलों के साथ उनका पुनर्वास होता है, लेकिन पहले की तरह सुख-सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं और न उन्हें संतोष मिल पाता है। दोबारा संभलने में वर्षों लग जाते हैं। जानी नुकसान की भरपाई से 'ऊंट के मुंह में जीरा' वाली कहावत चरितार्थ होती है। भौगोलिक जलवायु से पर्यटक अनभिज्ञ होते हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता या वे मनमानी करते हुए जान जोखिम में डालकर खतरनाक स्थानों पर पहुंच जाते हैं। ऐसे में यदि कोई घटना होती है तो प्रशासन को उनके बचाव के लिए काफी खर्च करना पड़ता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

**दैनिक** अनंत ज्ञान थोड़े से समय में आमजन की आवाज बन गया है। लोगों को अपनी बात रखने का सशक्त माध्यम यह समाचार पत्र दे रहा है। पाठकों के पत्र कालम के तहत मैं भी अपने इलाके की एक सार्वजनिक समस्या के बारे में अवगत करवाना चाहता हूं। नाचन विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च मार्ग न 21 से जुड़े गांव धनोटू से लेकर महादेव आदि ग्रामीण क्षेत्र का एक बड़ा भाग सॉफ्ट एंड हार्ड ड्रिंक की सामग्री की डंपिंग साइट बनकर रह गया है। यही नहीं, झाड़ियों, सड़क के किनारे-नालियों सरकारी संस्थानों के परिसरों में भी बास मारते कूड़े-कचरे का फैलाव यहां सरेआम देखा जा सकता है, जिससे इलाके का पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। पंचायत एवं संबंधित विभाग-प्रशासन जनहित में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के मामले में नाकाम साबित होता जा रहा है। यहां बड़े पैमाने पर कार्य करने की क्षमा खूब खल रही है। ऐसी स्थिति में यानी हवा में लगातार जहर घुलने से अगले भयावह परिणामों का शिकार होना स्वाभाविक सी बात है। सब्जी मंडी धनोटू के एक बड़े भाग में सड़ रहे कूड़े के अंबारों को नरक का द्वार कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अगर यही बदहाली रही, तो कोरोना जैसी महामारी के लपेटे में आने की आशंका बढ़ सकती है। एक तो आजकल बरसात का मौसम है और ऊपर से दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल किया हुआ है। उपायुक्त महोदय को चाहिए कि स्वच्छता अभियान चलाकर उक्त ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी की दुर्दशा सुधारने के लिए कारगर कदम उठाएं।



**भीम बसेड़ राजपूत, महादेव ( मंडी )**
**मोबाइल : 9816129019**

**मैं** अदिति चौधरी जिला कांगड़ा की ग्राम पंचायत घणा की स्थायी निवासी हूं। मैं एक विद्यार्थी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर निर्भर हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते गांव अनसोली, मटौर, चैतड़ू आदि हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। कई दफा बारिश अधिक या कम होने से फसल प्रभावित होती है। बेरोजगारी भी प्रमुख समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित भी होते हैं, लेकिन अखबार का डिजिटल संस्करण ही पढ़ पाती हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि हमारे क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। यहां धान और गेहूं की प्रमुख फसलें होती हैं, लेकिन कुछ मौसम की मार और रही कसर लावारिस जानवरों द्वारा पूरी कर दी जाती है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी अधिक हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए, किसानों की समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण नियमित पढ़ती हूं। कभी-कभी प्रिंट भी मिल जाता है।



**अदिति चौधरी**
**ग्राम पंचायत घणा**
**मो. 98160-02358**

**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से मैं सरकार के ध्यानार्थ एक मसला लाना चाहती हूं कि सोलन मुख्यालय में कई वर्षों से पेयजल समस्या हल नहीं हुई है। ऐसे में लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय सोलन में बरसात के मौसम में भी 6 से 7 दिन बाद पेयजल की आपूर्ति हो रही है। लोगों को मजबूरन टैंकर मंगवाकर गुजारा करना पड़ रहा है और जो लोग पानी के टैंकर के लिए पैसे नहीं दे पा रहे हैं, उनकी समस्या और बढ़ गई है। पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है, लेकिन नगर निगम और जल शक्ति विभाग एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने तक ही सीमित हो गया है, जिसका खामियाजा सोलन की जनता को भुगतना पड़ रहा है। नगर निगम को शहर में रोजाना पानी की मांग पूरी करने के लिए 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, परंतु इन दिनों मांग से आधा पानी भी निगम को नहीं मिल रहा है। ऐसे में वार्ड क्षेत्र में लोगों को 5 से 6 दिन बाद पानी मिल रहा है। हैरानी की बात है कि पेयजल पाइपों से लीकेज से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ऐसे में सरकार को इस समस्या के हल के लिए खुद संज्ञान लेना चाहिए।



**वर्षा शर्मा**
**सोलन, मो. 98052 47130**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# डॉ. राजन सिंह ने संभाला मंडी जोन के आयुष उपनिदेशक का कार्यभार

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान



**मंडी।** डॉ. राजन सिंह ने मंडी जोन के उपनिदेशक आयुष विभाग का पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उनके कार्यभार संभालने के साथ ही मंडी जोन को प्रदेश का सबसे युवा उपनिदेशक मिला है। मंडी जोन में मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति व बिलासपुर जिले शामिल हैं।

डॉ. राजन सिंह इससे पूर्व जिला आयुष अधिकारी सिरमौर एवं बिलासपुर के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने मंडी जिला के आयुष अधिकारियों, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय मंडी के चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ के साथ विस्तृत बैठक की और फीडबैक प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका फोकस चारों जिलों में आयुष संस्थानों की कार्यप्रणाली सुधारने एवं जनमानस को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध करवाने पर रहेगा। उप निदेशक ने बताया कि चारों जिलों के जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में पंचकर्म चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ क्षारसूत्र विधि के माध्यम से पाइल्स, भगंदर एवं फिस्टुला जैसी बीमारियों का प्रभावशाली इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।

# सेर-कटाडां के समीप कार खाई में गिरी, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, करसोग।** उपमंडल करसोग के अंतर्गत सेरी-कटाडां क्षेत्र में एक मारुति कार खाई में गिर गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई हैं। यह घटना देर रात को हुई है। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखच्चे उड़ गए। मरने वाले की पहचान हंस राज पुत्र सूरत राम गांव भनेरा तहसील करसोग जिला मंडी के रूप में हुई है।

बता दें कि 10 दिन पहले ही गाड़ी खरीदी थी। हादसा इतना खतरनाक था कि कार के परखचे उड़ गए। वहीं सोमवार सुबह 11 बजे के करीब स्थानीय ग्रामीणों ने हादसे की सूचना करसोग पुलिस को दी है और पुलिस मौके पर जाकर अन्वेषण का कार्य कर रही है।

# खुद हुए बेघर, नहीं छोड़ा दूसरों की मदद का जज्बा

## स्याठी गांव के प्रभावित विजय ने औरों के घर बसाने को दिए एक लाख, पूरे क्षेत्र में हो रही प्रशंसा

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** अपने लिए जीएं तो क्या जीएं, तू जी ए दिल जमाने के लिए...मन्ना डे द्वारा दशकों पहले गाया यह गाना धर्मपुर के आपदा प्रभावित स्याठी गांव के युवा विजय कुमार पर बिल्कुल सटीक बैठता है जिनका खुद 29 जून को धर्मपुर में हुई प्रलयनकारी भरी बारिश के चलते स्याठी गांव के अन्य अभागों 20 घरों के साथ-साथ अपना पुस्तैनी मकान भी गिर गया और लोग बेघर हो गए परंतु दूसरों की मदद करने का जज्बा लिए विजय कुमार ने अपनी मेहनत से कमाए एक लाख रुपए गांव के अन्य प्रभावित लोगों को दान कर दिया, ताकि इस पैसे से वह अपने लिए रोजमर्रा की चीजे जुटा सके विजय कुमार सॉफ्टवेयर इंजीनियर है और वह अपना निजी व्यवसाय करते हैं।



ध्वस्त हुआ मकान, जिसकी केवल छत ही बची है।

उन्होंने बताया कि गांव में उनके पैतृक मकान से पूरे परिवार की यादें जुड़ी है। उनके पिता पंचकू राम खुद मिस्त्री का काम करते थे। 5 साल पहले उनका स्वर्गवास हो गया है। इस घर को बनाने के लिए पिता ने खुद एक-एक पत्थर अपने आप घड़ा था और खुद चिनाई करने घर बनाया था। उनकी तमाम यादें इसी घर से जुड़ी है और वह खुद भी धर्मशाला से छुट्टियों में माता और बच्चों और पत्नी के साथ इसी घर में आना पसंद करते हैं। 1 साल पहले ही उन्होंने इस मकान का रिनोवेशन किया था। इसके खिड़की दरवाजे छत वायरिंग से लेकर प्लास्टर और पेंट तक खुद करवाया था ताकि वह गांव की आबोहवा में ही रह सके परंतु नियति को कुछ और मंजूर था 29 जून की अभागी रात को पूरा गांव मिट्टी में मिल गया। उनके आशियाने सहित एक भी घर बच नहीं सका अब हालात यह है कि उसे गांव का सिर्फ नाम ही रहा है। कोई भी उसे गांव में अब बसना नहीं चाहता जो ऐसे में जो बेघर मंदिर में शरण लिए हुए हैं। उनके जीवन यापन की समस्या पैदा हो गई है उनके दिए 1 लाख से इन परिवारों को रत्ती भर भी खुशी मिलती है तो वह मेरी खुशी होगी। गौरतलब है कि इस बारिश के चलते इस गांव के 20 घर गिर गए थे और 63 लोग, बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हैं। खुद बेघर होकर भी औरों के घर बसाने को लेकर स्याठी के विजय की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है और इससे औरों को भी इन प्रभावितों की मदद करने की प्रेरणा मिल रही है।

### भारी बारिश से गिर गए थे 20 घर

## न्यूज ब्रीफ

### सुरभि नेगी को हार पहनाकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट में सोमवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल की छात्रा सुरभि नेगी जिसने जेईई मैंस की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल का नाम रोशन किया, उसको हार पहनाकर सम्मानित किया। सुरभि ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों व स्कूल प्रबंधन को दिया। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सुरभि के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी को इस महान उपलब्धि पर बधाई दी।

### माउंट मौर्य की दिव्याना ने चमकाया नाम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल, जोगिंद्रनगर की पांचवीं कक्षा की छात्रा दिव्याना राठौर ने अपने गायन प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डी.डी. पंजाबी द्वारा आयोजित 'किस में कितना है दम' प्रतियोगिता में दिव्याना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर फिनाले की ट्रॉफी अपने नाम की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन लुधियाना में हुआ था, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। फिनाले संगरूर में संपन्न हुआ, जहां दिव्याना की मधुर गायकी ने निर्णायक मंडल का दिल जीत लिया। स्कूल प्रबंधक मनोज ठाकुर ने दिव्याना को बधाई देते हुए कहा कि 9 वर्ष की आयु में ऐसा मुकाम हासिल करना निश्चित ही क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### दिव्यम ठाकुर ने पास की सीए की परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के मढ़धार करौली निवासी दिव्यम ठाकुर ने 24 वर्ष की आयु में आईसीएआई द्वारा घोषित सीए फाइनल परीक्षा पास कर जिले का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ अपर राम नगर, मुहाल मंगवाई मंडी में रहते हैं। दिव्यम के पिता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में ऑडिटर पंचायत के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता स्वास्थ्य विभाग में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में सेवाएं दे रही हैं। उनके माता-पिता पूर्व में समाजसेवा व पंचायत कार्यों में भी सक्रिय रहे हैं। उनके पिता ने बताया कि वर्ष 1996 में बीकॉम के बाद वह स्वयं सीए बनना चाहते थे, लेकिन पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनका सपना अधूरा रह गया। आज बेटे ने उसी सपने को पूरा कर पूरे परिवार को गौरवान्वित किया है।

### हुक्कल का साहिल बना चार्टर्ड अकाउंटेंट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कहते हैं कि पंखों से नहीं, हौसलों से उड़ान होती है, कठिन राहों में भी कामयाबी की पहचान होती है। साहिल की मेहनत ने ये साबित कर दिखाया है कि हर मोड़ पर जीत उसी की होती है जो थकता नहीं। साहिल की सफलता से धर्मपुर में जश्न का माहौल है। दरअसल लौंगनी पंचायत के हुक्कल गांव निवासी साहिल की चार्टर्ड अकाउंटेंट की फाइनल परीक्षा में शानदार सफलता से न केवल खुद को साबित किया, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षकों और पूरे धर्मपुर क्षेत्र का नाम भी रोशन कर दिया है। साहिल की सफलता से उनके पिता ओमप्रकाश, माता कुसुमलता, बड़ी बहनें बहन शिवानी और शिवाली भावुक हो गए और उनके खुशी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। साहिल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार के सदस्यों एवं अपने गुरुजनों को दिया है।

### रिटायर्ड सूबेदार विजय का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट द्वारा सेना से सम्मानपूर्वक और सराहनीय सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए सूबेदार विजय कुमार का सैनिक रेस्ट हाउस सरकाघाट पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विजय कुमार गांव खरोह के निवासी हैं और उन्होंने भारतीय सेना की कोर ऑफ सिग्नल रेजिमेंट में 30 वर्षों तक सेवा दी। इस दौरान उन्होंने न केवल देश की सुरक्षा में योगदान दिया बल्कि खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भारत का नाम रोशन किया। गौरतलब है कि विजय कुमार के पिता स्व. के. प्यार चंद भी सेना में सूबेदार मेजर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे और उन्होंने भी एक्स-सर्विसमैन लीग सरकाघाट के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहते हुए समाज सेवा की है। सैनिक भवन में आयोजित स्वागत समारोह में विजय कुमार को मालाएं पहनाकर, उपहार भेंट कर और गर्मजोशी से सम्मानित किया गया।

### एनसीसी कैडेट्स ने पदक जीतकर बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के एनसीसी कैडेट्स ने हाल ही में आयोजित एटीसी-199 शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई श्रेणियों में पुरस्कार और पदक प्राप्त किए हैं। यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गौरव का विषय रही। कॉलेज में 7 जुलाई को आयोजित एक सम्मान समारोह में इन विजयी कैडेट्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य रेनू कालिया मुख्य अतिथि रहीं। साथ ही एएनओ कमलेश सेन और सीटीओ पूजा ठाकुर की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। पुरस्कृत एनसीसी कैडेट्स में समक्ष सेन को कैंप सीनियर के रूप में चुना गया और उन्हें 'बेस्ट फायरर' का खिताब मिला। शिवांश सेन को फायरिंग में रजत पदक मिला और वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। माधवी को 'सर्वश्रेष्ठ ड्रेस अप' के लिए सम्मानित किया गया। सार्जेंट जेनिथ शर्मा को 'सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता' चुना गया। कैडेट आशीष ने 'नींबू-चम्मच दौड़' में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैडेट लुकेश को फायरिंग में रजत पदक मिला। कैडेट एकता ठाकुर ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### सुनील बने कोयला देवी मंदिर कमेटी के प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री कोयला देवी मंदिर कमेटी मूल स्थान पीपलू राजगढ़ की आम सभा महेंद्र पाल कपूर उप प्रधान की अध्यक्षता में हुई। यह आम सभा में चुनाव के बारे में चर्चा की गई और सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाए। सर्व देवता सेवा समिति मंडी के उपाध्यक्ष भीम चंद सरोच की देख रेख में चुनाव कराए गए, जिसमें सुनील गुप्ता को प्रधान, महेंद्र पाल कपूर को वरिष्ठ उप प्रधान, चमन लाल सैनी को महा सचिव, बीएल महाजन कोषाध्यक्ष, योग राज शर्मा को सचिव, सीता राम गुप्ता को संरक्षक, भीम चंद को मुख्य सलाहकार, खेम राज, ललित पाठक, खेम राज शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए।

### धर्मपुर के तनेहड़ का युवक 8 दिनों से लापता

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** लोहारगढ़ पिंजौर से एक 40 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। राजेंद्र कुमार रिंकू नामक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। राजेंद्र कुमार रिंकू नामक युवक बिना किसी को बताए घर से निकल गया है। लापता युवक के परिवार वालों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

### मंडी में पंडित चंद्रधर गुलेरी की मनाई जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिंदी के पहले कहानीकार एवं उसने कहा था कालजयी कहानी से विश्व विख्यात रचनाकार रहे पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती का आयोजन संस्कृति सदन मंडी में किया गया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से हर वर्ष महान विभूतियों की जयंतियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को भाषा विभाग मंडी की ओर से गुलेरी जयंती का आयोजन किया गया। इस जिला स्तरीय लेखक गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवियित्री, लोकगायिका रूपेश्वरी शर्मा ने की। जबकि वरिष्ठ साहित्यकार गंगाराम राजी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर कवि आलोचक डॉ. विजय विशाल ने गुलेरी के निबंधों में विचारशीलता व साहित्यकार मुरारी शर्मा ने पंडित चंद्रधर शर्मा के साहित्य में राष्ट्रीय चेतना विषय पर पर्चे पढ़े गए।

# व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर ने 81 हजार की राहत राशि जिला प्रशासन को भेजी



आपदा प्रभावितों को सहायता राशि भेजते हुए व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के सदस्य।

अभिष, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी में लगातार हो रही भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं के कारण अनेक गांवों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ऐसी विकट परिस्थिति में जोगिंद्रनगर व्यापार मंडल ने आपदा पीड़ितों की सहायता के लिए 81 हजार रुपए की राहत राशि जिला प्रशासन को भेजी है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष भास्कर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राशि स्थानीय व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से दिए गए अंशदान से एकत्र की गई है।

इस राशि को सोमवार को उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) जोगिंद्रनगर के माध्यम से उपायुक्त मंडी को भेजा गया, ताकि इसे आपदा राहत कार्यों में उपयोग में लाया जा सके। भास्कर गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा समाजसेवा और जनहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

# जवाहर ठाकुर ने पेंशन से 50 हजार की राशि आपदा राहत कोष में की भेंट

कविता, अनंत ज्ञान



एडीसी मंडी के माध्यम से जिला रेडक्रॉस को 50 हजार का चेक भेंट करते पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर।

**पधर।** द्रंग क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ समाजसेवी जवाहर ठाकुर ने मंडी जिला में भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए अनुकरणीय पहल की है। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह के माध्यम से जिला रेडक्रॉस सोसायटी को अपनी पेंशन से 50,000 रुपए का चेक भेंट किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सराज, करसोग और धर्मपुर विधानसभा क्षेत्रों में आई इस भीषण त्रासदी ने जनजीवन को झकझोर कर रख दिया है। कई लोगों की जानें गई हैं, सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि इस संकट की घड़ी में जनसहयोग और सामूहिक प्रयास ही सबसे बड़ी ताकत हैं। जवाहर ठाकुर ने आम जनता, सामाजिक संस्थाओं और सक्षम व्यक्तियों से आगे आकर सहायता करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से जिला स्तर पर अलग से एक आपदा राहत कोष स्थापित करने की भी मांग की, ताकि भविष्य में आपदा पीड़ितों को त्वरित सहायता मिल सके।

# विजय भारद्वाज ने पीड़ितों को भेजे एक लाख

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** उपमंडल के स्याठी गांव में एक जुलाई को हुई भारी बरसात से हुए नुक्सान से बेघर हुए बीस परिवार जिसमें इन परिवारों के मकान बाढ़ की भेंट चढ़ गए थे और जिसमें एक मकान खुद विजय भारद्वाज का भी है जो पुरी तरह से ध्वस्त हो गया है। विजय कुमार ने प्रभावितों के लिए बैंक में खुलवाए गए खाते में ट्रांसफर किए हैं। विजय भारद्वाज ने कहा कि इस गांव के लोगों को फिर से नई जिंदगी देने के लिए सरकार व समाज सेवी संस्थाओं को खुलकर आगे आना चाहिए ताकि ये लोग भी अपनी जिंदगी की शुरुआत फिर से कर सकें। बता दें की विजय भारद्वाज इसी गांव से सम्बन्ध रखते है और पिछले 25 वर्षो से मल्टिनेशनल कम्पनी में कार्य करते हुए वर्तमान में नैना माता डिजिटल सोलुशन करके खुद की एक मल्टिनेशनल कम्पनी चलाते हैं।

## स्याठी गांव के लिए 1.16 लाख की राशि भेंट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राज्य सहकारी बैंक के निदेशक प्रियव्रत शर्मा व अन्य कर्मचारियों सहित सोमवार को उपमंडल धर्मपुर की स्याठी पंचायत में पहुंचे और हाल ही में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित ग्रामीणों को व्यक्तिगत सहायता स्वरूप एक लाख सोलह हजार एक सौ रुपए का ड्राफ्ट सौंपा। यह सहायता राशि शर्मा एवं बैंक के कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से एकत्र की गई थी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि मानसून की भारी तबाही ने स्थाठी गांव को पूरी तरह उजाड़ दिया है। गांव के अधिकांश लोग अपने घरों से बेघर हो चुके हैं और आजीविका का संकट उनके सामने खड़ा हो गया है।

## 125 कीटें राशन व 24 सेट बर्तन किए भेंट

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** कोयला माता मंदिर कमेटी राजगढ़, व्यापार मंडल नलसर और शिव मंदिर नागचला बरतन भंडार द्वारा संयुक्त रूप से एसडीएम बल्ह को आपदा राहत प्रभावित क्षेत्र को राहत सामग्री भेंट की जिसमें 125 कीटे राशन, 24 सेट बर्तन तथा कपड़े व रजाई गदद्दे आदि शामिल है। कोयला माता मंदिर कमेटी राजगढ़ की ओर से प्रधान सुनील गुप्ता सहित भीमचंद सरोज, सीताराम गुप्ता, बी एल महाजन, सी एल सैनी, ललित पाठक, खेमचंद, योगराज शर्मा, राजू शर्मा, डिंपल शर्मा तथा शिव मंदिर नागचला बर्तन भंडार से रूपेश गुप्ता और व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार सहित विनोद जसवाल, मुरारी शर्मा, कृष्ण चंद्र शर्मा, हीरा ठाकुर, लता शर्मा, प्रभात आनंद आदि ने आपसी सहयोग और व्यापारियों के सहयोग से एकत्रित की गई राशि से यह सामग्री खरीदी और उसे कार्यवाहक एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी के स्फूर्द किया। स्मृतिका नेगी ने आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए कोयला माता मंदिर कमेटी राजगढ़ व्यापार मंडल नलसर और शिव मंदिर नागचला बरतन भंडार का आभार जताया।

## आपदा प्रभावितों की करें भरपूर मदद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन खंड सरकाघाट व धर्मपुर की विशेष सामूहिक आपातकालीन बैठक, सरकाघाट खंड के प्रधान रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में धर्मपुर के स्याठी गांव में आई आपदा पर गहरा चिंतन किया गया तथा सभी पेंशनर्स व अन्य बुद्धिजीवियों से अनुरोध किया, कि वो भी उनकी तरह उन पीड़ितों की भरपूर यथासंभव मदद करे। सभी पेंशनर्स ने अन्य पेंशनर्स से भी आग्रह किया कि वो पेंशनर्स की लड़ाई और वास्तविक मांगों को लेकर, एक मंच पर आएं, जिससे हम सभी पेंशनर्स अपनी वास्तविक मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती के साथ रख सकें। अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अतिरिक्त प्रदेश प्रैस सचिव रमेश चंद ने स्याठी गांव के अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले परिवारों की मदद के लिए, सभी पेंशनर्स तथा अन्य लोगों का आगे आने के लिए धन्यवाद किया।

# टिपरा में आपदा प्रभावितों का जांचा स्वास्थ्य

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** थुनाग उपमंडल के टिपरा गांव में आपदा प्रभावित लोगों की स्वास्थ्य विभाग के दल द्वारा सोमवार को स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें दवाइयां इत्यादि प्रदान की गई।

स्वास्थ्य टीम द्वारा गांव के लगभग 20 परिवारों के 79 लोगों की जांच की गई। टिपरा गांव के प्रवीण कुमार ने बताया कि हमारे गांव में स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों तथा टीम के अन्य सदस्यों द्वारा परिवार के सभी सदस्य के स्वास्थ्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हमें जरूरी दवाईयां भी दी तथा हमें जल जनित रोगों के बारे में जागरूक रहने को बताया। उन्होंने बताया कि पीने के पानी को उबाल कर पीएं। यदि स्वास्थ्य संबंधी कोई और दिक्कत हो तो स्वास्थ्य केंद्र में जरूर आएं। इसी गांव की लता देवी ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के घटने के अगले ही दिन हमारे गांव में डॉक्टर आ गए थे, जिन्होंने हमारे स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ राहत कार्य में भी हमारा सहयोग किया।



थुनाग के टिपरा गांव में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती डॉक्टरों की टीम।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य दल घर-घर जाकर हमारे गांव के सभी लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं तथा हमें इस आपदा के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं। हम राज्य सरकार के भी आभारी हैं, जिन्होंने समय रहते हमारी मदद की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार सराज क्षेत्र में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 24 मोबाइल टीमें घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रही हैं तथा जरूरी दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जंजैहली तथा थुनाग में 10-10 तथा बगशाड़ में 4 टीमें प्रभावित क्षेत्र में उपचार कर रही हैं।

# सांसद कंगना भ्रष्टाचार के आरोपों को करे साबित या माफी मांगे: एनके पंडित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता एनके पंडित ने अभिनेत्री और मंडी लोकसभा क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत द्वारा प्रदेश सरकार पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि यदि उनके पास इन आरोपों के समर्थन में कोई ठोस प्रमाण हैं, तो उन्हें सार्वजनिक करें। अन्यथा, उन्हें प्रदेश सरकार से बिना देरी के माफी मांगनी चाहिए। एनके पंडित ने कहा कि प्रदेश की सरकार पर बिना तथ्यों और साक्ष्यों के टिप्पणी करना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह प्रदेश की राजनीतिक गरिमा को भी ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कंगना को राजनीतिक मर्यादाओं का पालन करते हुए बयान देने चाहिए, क्योंकि अब वे एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि हैं।



# चौहार घाटी में लंबे समय से चला आ रहा है तबाही का मंजर

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बरोट।** चौहार घाटी के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सिल्हबधाणीके कोर्तंग में गत दिन बादल फटने से बेशक किसी भी प्रकार का जानमाल का नुकसान तो नहीं हुआ है, मगर बादल फटने से किसानों द्वारा कई बीघा उपजाऊ जमीन में बीजी गई नगदी फसल, आलू, राजमाह तहा मक्की की फसलों से भरे खेतों को पूरी तरह से तवाह कर दिया है, वहीं इस घटना ने घाटी में घटी 4 व 5 सितंबर 1995, 16 सितंबर 2012 व 31 जुलाई 2024 को बड़ी घटनाओं याद ताजा कर दी है, वहीं 31 जुलाई 2024 की काली रात ने धमच्याण पंचायत के राजवन गांव में बादल फटने से दस महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को मौत के आगोश में लेने के चलते पूरी तरह से मातम छा गया था। राजवन गांव की घटना को याद करते हुए पीड़ित छिन्जू राम का कहना है कि 31 जुलाई को जब बादल फटा तो उसकी माता मलबे में दब गई थी। उस दौरान प्रशासन ने अन्य सभी शवों को तो ढूंढ़ निकाला, मगर उस घटना के एक वर्ष बीत जाने के उपरांत भी अभी तक भी एक पुरुष का शव को ढूंढने से प्रशासन नाकाम हो गया है।

वर्ष 2012 की घटना को याद करते हुए पबरोट पंचायत के पूर्व उपप्रधान श्याम सिंह बताते हैं कि बारिश के कारण उहल नदी का जलस्तर बढ़ जाने व बादल फटने से बरोट में स्थित पंजाब राज्य बिजली बोर्ड के बैराजगेट में बड़े-बड़े पेड़ फंस जाने के कारण बेराजगेट के गेट खुलने से पानी ने अपना रुख बरोट के लक्कड़ बाजार की तरफ कर वहां की खूब तबाही मचाई मचाकर करोड़ों का नुक्सान कर दिया था।

# आपदा के समय भत्तों में बढ़ोतरी जनविरोधी फैसला: जमवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल ने प्रदेश में हो रही भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन से उत्पन्न हालात पर चिंता जताते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला समेत पूरे हिमाचल में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो चुका है। दर्जनों गांवों में मकान ढह गए, फसलें नष्ट हो गईं, सड़कें और पुल बह गए, और लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

इस विकट परिस्थिति में सरकार की संवेदनहीनता की आलोचना करते हुए पंकज जमवाल ने कहा कि ऐसे समय में जब आम जनता पुनर्वास की बाट जोह रही है, कांग्रेस सरकार ने बोर्डों और निगमों के अध्यक्षों व उपाध्यक्षों का मानदेय 30 हजार से बढ़ाकर 80 हजार रुपए कर दिया है। साथ ही उन्हें आवास, वाहन और टेलीफोन भत्तों में भी भारी बढ़ोतरी दी गई है। भाजपा प्रवक्ता ने इस फैसले को बेहद जनविरोधी व असंवेदनशील करार देते हुए कहा कि यह कांग्रेस की कार्यशैली का परिचायक है। जब मंडी जैसे जिले प्राकृतिक आपदा से कराह रहे हैं, तब कांग्रेस अपने सत्ता के चहेतों को उपहार बांट रही है। उन्होंने इस फैसले को तुरंत रद्द करने की मांग की।

# अपने स्कूल की छात्रा से प्रेरणा लेकर आरकेएम स्कूल कपाही ने राहत सामग्री पहुंचाई थुनाग

उमेश, अनंत ज्ञान

### छठी कक्षा की छात्रा मोक्षथिका ने गूलक तोड़कर की मदद

**सुंदरनगर।** कहते हैं कि कभी-कभी बच्चे भी बुजुर्ग लोगों से बड़ी सीख सीखा देते हैं। ऐसा ही कुछ बात हुई उपमंडल सुंदरनगर के कपाही गांव के एक निजी स्कूल में। दरसअल आरकेएम स्कूल कपाही की छठी कक्षा की छात्रा मोक्षथिका के दिल में आपदा पीड़ितों की मदद करने की प्रबल इच्छा हुई। रविवार सुबह उसने अपना गुल्लक तोड़ा और उसमें से निकले 1660 रुपए लेकर अपने पापा को बोली कि 'पापा मेरे ये पैसे लीजिए और कुछ पैसे आप और मम्मी इसमें मिला दो, हमने सराज के लोगों की मदद करनी है'। यह सुनते ही पिता कर्म सिंह एक पल के लिए स्तब्ध रह गए और उनकी आंखे भर आई। रविवार को अवकाश के बावजूद भी फाउंडर कर्म सिंह के आग्रह पर सभी स्कूल पहुंचे व आनन फानन में मीटिंग हुई। आपस में यथासंभव धनराशि इकट्ठा कर बेटी के पिता कर्म सिंह व माता रुक्मणि ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए जरूरी सामान की 100 किटें तैयार कर दी। इसके बाद बेघर हुए लोगों के लिए राशन और कपड़ों की किटें लेकर आरकेएम पब्लिक स्कूल कपाही के अध्यक्ष हरि सिंह ठाकुर की अगुवाई में स्कूल का राहत दल देर शाम थुनाग पहुंचा तथा राहत सामग्री को प्रशासन के आपदा राहत स्टोर के सुपुर्द किया।

मोक्षथिका ने स्वयं भी कीटों में सामान भरा व पूरा दिन से रात तक अपने राहत दल के साथ उदास चेहरे के साथ मदद में डटी रही, लेकिन उसकी आंखों में शकून व एक विशेष प्रकार की चमक अवश्य थी। राहत दल में स्कूल प्रधानाचार्य वीरेन्दर भारती, स्कूल के फाउंडर सदस्य कर्म सिंह ठाकुर, पूर्व प्रधानाचार्य रुक्मणी ठाकुर, एसएमसी की अध्यक्षा बनिता, अध्यापिका मंजू वर्मा, कुसुम ठाकुर, लकी ठाकुर, बस ड्राइवर जयलाल ठाकुर, पियन सरला देवी, छात्रा मोक्सथिका ठाकुर एवं घनश्याम राणा विशेष रूप से शामिल रहे।

**कार्यक्रम** डॉ. ललित मल्होत्रा की याद में मंडी शहर के खत्री सभा भवन में विशेष संगोष्ठी का किया आयोजन

# मल्होत्रा के वैज्ञानिक जीवन के प्रेरक प्रसंगों को किया साझा

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** हाल ही गुड़गांव में दिवंगत हुए प्रसिद्ध भौतिक विज्ञानी और थिन फिल्म टेक्नोलॉजी के प्रणेता डॉ. ललित मल्होत्रा की याद में मंडी शहर के खत्री सभा भवन में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषयक इस आयोजन की मेजबानी मंडी पीडिया, मेरे अपने व इंटेक मंडी चैप्टर ने संयुक्त रूप से की।

कार्यक्रम का संचालन नीरज शर्मा ने अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से किया और खचाखच भरे सभागार में श्रोताओं को गहन अनुभवों से जोड़ते रहे। नीरज शर्मा ने बताया कि किस प्रकार उन्हें दिवंगत वैज्ञानिक का इंटरव्यू लेने का अवसर मिला और इस व्यक्तित्व ने विज्ञान के साथ-साथ संस्कृति में भी रुचि रखी। मंडी पीडिया के एडमिन विनोद बहल ने मंडयाली में अपनी बात रखते हुए डॉ. मल्होत्रा के मार्गदर्शन, सहयोग और उनके सांस्कृतिक रुझान की चर्चा की। उन्होंने बताया कि डॉ. मल्होत्रा मंडी पीडिया पोर्टल पर मंडी की बोली, संस्कृति और इतिहास से जुड़े शोध कार्यों में गहरी रुचि लेते थे।



मंडी शहर के खत्री सभा भवन के सभागार में मौजूद अतिथि वक्ता व आयोजक।

आईआईटी मंडी की ओर से आमंत्रित प्रो. अजय सोनी ने बताया कि संस्थान की स्थापना के शुरुआती वर्षों में मल्होत्रा का अहम योगदान रहा, जिन्हें विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने आईआईटी दिल्ली में स्थापित थिन फिल्म लैब की जानकारी दी, जहां से यह टेक्नोलॉजी निकलकर दुनिया भर में चश्मा, सेमीकंडक्टर, एलईडी और टीवी जैसी तकनीकों में प्रयुक्त हुई। कार्यक्रम में वक्ता नित्य दर्शी वैद्य ने उन्हें वैज्ञानिक योगी बताते हुए कहा कि जैसे ऋषि मुनि समाज के लिए तप करते हैं, वैसे ही डॉ. मल्होत्रा ने विज्ञान के क्षेत्र में सतत साधना की। वक्ताओं में नरेश मल्होत्रा, अनिल शर्मा, डॉ. हरबंस कपूर, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. पवन वैद्य, नरेश वैद्य, अक्षय कपूर व चिराग ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में दिवंगत वैज्ञानिक के पुत्र राहुल मल्होत्रा ने मंच से सभी का धन्यवाद किया।

### थिन फिल्म टेक्नोलॉजी के जनक को याद कर भावुक हुए मंडीवासी

# आंचल गुलेरिया बनी नर्सिंग ऑफिसर, एम्स बठिंडा में देगी सेवाएं

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल की घरवासड़ा पंचायत के गांव अन्सवाई की आंचल गुलेरिया का एम्स बठिंडा में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयन हुआ है। आंचल का चयन एम्स बठिंडा के लिए हुआ है। आंचल गुलेरिया ने अपनी 10वीं कक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घरवासड़ा से और 12वीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टीहरा से और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई सरकारी नर्सिंग कॉलेज नेरचौक मंडी से की है। आंचल के दादा स्व. रोशन लाल गुलेरिया शिक्षा विभाग से बतौर मुख्य शिक्षक सेवानिवृत्त हुए थे। पिता सुरेश गुलेरिया कैरियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर में लाइब्रेरियन और माता किरना देवी गृहणी हैं। आंचल का एक भाई है जो बी फार्मेसी कर रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अम्ब में वाणिज्य संकाय के नव-प्रवेशित छात्रों के लिए उन्नमुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन सोमवार को किया गया है। इस कार्यक्रम को महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार रहे। उन्होंने विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के नवप्रवेशित वाणिज्य संकाय में दाखिला लेने वाले प्रथम वर्ष के छात्रों को महाविद्यालय में होने वाले समस्त गतिविधियों से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दर्शन कुमार ने उन्नमुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित नए छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध शिक्षण संस्थान में दाखिला लेने के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके भविष्य को उज्जवल बनाने और संवारने में हमारे अध्यापक वर्ग हर संभव आपके मददगार साबित होंगे। इस मौक़े पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सहायक प्रोफेसर जमीत कुमार ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। इसके साथ ही सभी विभागों के फैकल्टी से विद्यार्थियों की जान-पहचान कराई। इस कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के सभी फैकल्टी सदस्य समेत नान टीचिंग स्टाफ भी मौजूद थे।

### फॉरेस्ट विभाग ने कृष्णा नगर में रोपे 1600 पौधे



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** जिला ऊना फॉरेस्ट विभाग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फॉरेस्ट रेंज बंगाणा के अंतर्गत सोहरी यूपीएफ की कृष्णा नगर भूमि पर 1600 पौधों का रोपण किया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसमें वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, गांववासियों और वन मित्रों ने मिलकर सक्रिय भागीदारी निभाई। इस कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में हमीरपुर फॉरेस्ट जोन के कंजर्वेटर निशांत मल्होत्रा ने शिरकत की। इस मौके पर जिला के डीएफओ ऊना सुशील राणा बंगाणा रेंज के रेंज ऑफिसर अंकुश आनंद,रामगढ़ धार के रेंज ऑफिसर संदीप कुमार के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानसी का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की छात्रा मानसी राणा को सम्मानित किया गया। मानसी ने हाल में ही जिला स्तरीय स्विमिंग स्किल की पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल में लड़कियों में 50 मीटर रेस में प्रथम तथा मिक्स टीम में द्वितीय स्थान हासिल कर स्कूल माता-पिता कोच व ऊना का नाम रोशन किया है। मानसी राणा ने स्विमिंग सहित ड्रैगन वोट एवं ट्रैडीशनल चैंपियनशिप, थ्रो बाल सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं पर सोमवार को स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार, अध्यापकों व छात्रों ने उनका स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी ने मानसी राणा उनके परिजनों का गुरुजनों को बधाई दी और मानसी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रवक्ता मदनलाल, सुनील संधू, अमित कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, डीपीई रजनीश कुमार, राकेश चंद, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने जरूरतमंद परिवारों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने 28 जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता स्वरूप लगभग पांच लाख की धनराशि के चेक वितरित किए। विधायक विवेक शर्मा द्वारा दी गई यह आर्थिक सहायता उन परिवारों को दी गई है, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, जिनके पास आय का कोई नियमित स्रोत नहीं है, और जिन परिवारों में बुजुर्गों के इलाज, बीमार सदस्यों की दवा या बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि मेरे लिए जनता का दुख-दर्द सबसे पहले है। जिन लोगों के पास आज रोटी कमाने का कोई साधन नहीं है, वह मुझसे सीधा संपर्क करें। हम उनकी हरसंभव मदद करेंगे। यह राहत राशि एक शुरुआत है, और भविष्य में हम और भी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए शुरू करेंगे। विवेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिनों में भारी बारिश के कारण कुटलैहड़ क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ रुपये की जन और धन हानि का अनुमान है। खेत, मकान, पशुधन, और सार्वजनिक संपत्ति को भारी क्षति पहुंची है। इस बाबत प्रशासनिक अमला पूरी तरह से सक्रिय है और नुकसान का आकलन करने हेतु सर्वे का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र के हर गांव, हर प्रभावित परिवार का विवरण एकत्र किया जाए ताकि सरकारी राहत योजनाओं के तहत शीघ्र सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। विधायक विवेक शर्मा ने इस राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम बंगाणा कार्यालय के बैठक हाल में अपने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। लोगों ने समस्याओं को लेकर विधायक विवेक शर्मा को अवगत करवाया। विवेक शर्मा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्रवाई के आदेश दिए।



कुटलैहड़ के विधायक ने जरूरतमंद परिवारों को चेक बांट उनका कुछ दुख कम किया।

# औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में जल प्रलय का कारण बना ब्लॉकेज नाला

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

औद्योगिक क्षेत्र गगरेट में आई जल प्रलय के बाद उद्योग विभाग व स्थानीय प्रशासन भी हरकत में आए हैं। सोमवार को उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने औद्योगिक क्षेत्र का दौरा कर परिस्थितियों का जायजा लेते हुए नाले के निकासी द्वार छोटे होने की बात बाढ़ संरक्षण मंडल पर डाल दी। इस प्रलय के लिए उन्होंने उन उद्योगों को भी जिम्मेवार ठहराया, जो उद्योगों से निकलने वाले कचरे को नाले में डालते हैं।

वहीं, एसडीएम सौमिल गौतम के साथ जायजा लेने पहुंचे बाढ़ संरक्षण मंडल के अधिशाषी अभियंता पंकज कुमार ने कहा कि नाले के निकासी द्वार पर पाइप कलवर्ट की जगह बाक्स कलवर्ट बनाया जा सकता है, लेकिन अभी तक बाढ़ संरक्षण मंडल के पास इस कार्य के लिए बजट ही नहीं है।

गौर हो कि रविवार को औद्योगिक क्षेत्र गगरेट से निकलने वाले नाले का निकासी द्वार अवरुद्ध हो जाने के चलते ऐसी जल प्रलय आई कि कई उद्योग इसमें डूब गए। इसके चलते कई उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि उपायुक्त जतिन लाल ने बरसात के मौसम से पहले ही तमाम नाले-नालियों की साफ-सफाई की हिदायत दी थी, लेकिन



गगरेट में बाढ़ से प्रभावित हुए क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य में जुटे प्रशासन के कर्मचारी।

**उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने किया निरीक्षण**

औद्योगिक क्षेत्र गगरेट से निकलने वाले नाले की समय रहते सफाई नहीं हो सकी। नाले में उगी झाड़ियां और नाले में फेंके गए कचरे के चलते ही रविवार को नाले का निकासी द्वार अवरुद्ध हो गया, जिसके चलते नाला ओवरफ्लो कर गया और पानी उद्योगों में जा घुसा।

हैरत की बात है कि इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी हर साल उद्योगों से एनुअल मेंटीनेंस चार्ज लेती है। ऐसे में सवाल यह हैं कि आखिर बरसात के मौसम से पहले नाले की सफाई क्यों नहीं करवाई जाती। सोमवार को आए उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने उद्योगपतियों को नाले की सपाई करवाने का आश्वासन दिया है। उधर, एसडीएम सौमिल गौतम भी बाढ़ संरक्षण मंडल के अधिशाषी अभियंता पंकज कुमार के साथ औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे और उन्होंने भी विभिन्न उद्योगों में हुए नुकसान का जायजा लेने के साथ नाले का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने माना कि नाले में पानी ज्यादा आता है, ऐसे में बाढ़ संरक्षण मंडल को यहां पाइप कलवर्ट के स्थान पर बाक्स कलवर्ट का निर्माण करवाना चाहिए था। बाढ़ संरक्षण मंडल के अधिशाषी अभियंता पंकज कुमार ने कहा कि जल्द ही बाक्स कलवर्ट का एस्टीमेट तैयार करवा लिया जाएगा लेकिन अभी तक उनके विभाग के पास कोई बजट नहीं है। बजट आने के बाद इसका कार्य आरंभ करवाया जाएगा।

# क्रशर यूनियन ऊना करेगी मंडी आपदा राहत में 2.51 लाख की आर्थिक मदद

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**भवन निर्माण सामग्री के भेजे जाएंगे 100 टिप्पर : डिंपल**

**बंगाणा।** जिला ऊना क्रशर यूनियन के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित युवा व्यवसायी डिंपल ठाकुर ने मंडी जिला में आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ितों की सहायता के लिए बड़ा कदम उठाया है। डिंपल ठाकुर ने बताया कि क्रशर यूनियन ऊना की ओर से मंडी में आपदा राहत कार्यों के लिए 2 लाख 51 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी, साथ ही मंडी जिले में आवश्यक निर्माण कार्यों और आपदा से प्रभावित इलाकों में पुनर्निर्माण के लिए सौ टिपर रेता और बजरी निशुल्क पहुंचाई जाएगी। डिम्पल ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि यह समय एकजुट होकर मदद करने का है। हमारी क्रशर यूनियन सरकार और पीड़ितों के साथ खड़ी है। प्रदेश में जब भी कोई आपदा आती है, हम चुप नहीं बैठ सकते। मंडी में जो कुछ भी हुआ है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने कई परिवारों को उजाड़ दिया है।



उन्होंने बताया कि जल्द ही वे मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ एक बैठक करने वाले हैं, जिसमें आपदा राहत के विभिन्न पहलुओं और दी जाने वाली सहायता को लेकर चर्चा होगी। डिंपल ने कहा कि सरकार जो भी दिशा-निर्देश देगी, यूनियन उसका पूरी तरह पालन करेगी और हरसंभव सहायता के लिए तत्पर रहेगी। उन्होंने बताया कि क्रशन यूनियन ऊना ने यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया है और संघ के सभी सदस्यों ने इस नेक कार्य में पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह सहायता केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित है। उनका मानना है कि जब तक पुनर्निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक मदद जारी रखनी चाहिए। डिंपल ठाकुर ने सरकार से यह भी आग्रह किया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने की प्रक्रिया को और तेज किया जाए ताकि समय पर पीड़ितों तक मदद पहुंच सके।

उन्होंने कहा कि क्रशर यूनियन ऊना की ओर से भेजे जा रहे सौ टिपर रेता और बजरी की आपूर्ति तत्काल शुरू कर दी जाएगी, जिससे टूटी सड़कों, क्षतिग्रस्त मकानों और अन्य संरचनाओं के निर्माण में तेजी लाई जा सके। यह कदम डिम्पल ठाकुर के सामाजिक सरोकारों और जिम्मेदार व्यावसायिक नेतृत्व को दर्शाता है। डिंपल ठाकुर पूर्व में भी समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहे हैं और आपदा के समय आगे आकर मदद करना उनकी इसी भावना को दर्शाता है। प्रदेश में इस समय राहत और पुनर्निर्माण कार्यों को लेकर कई गैर-सरकारी संगठन एवं व्यावसायिक संस्थाएं आगे आ रही हैं। डिंपल ठाकुर ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि मानवता का है।

## नंबरदारों ने ज्ञापन सौंप मांगा मानदेय

**अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)।** हिमाचल नंबरदार जनकल्याण महासंघ खंड अंब के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपमंडल अधिकारी (एसडीएम) अंब को ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने लंबे समय से लंबित पड़े मानदेय का शीघ्र भुगतान किए जाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से अपील की कि वर्षों से अटके मानदेय को प्राथमिकता के आधार पर जारी किया जाए, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासंघ के जिला प्रभारी सुरजीत सिंह ने किया।

उनके साथ खंड अंब के महासंघ सचिव मनीष कुमार, निर्मल कुमार, कृष्ण देव समेत कई अन्य नंबरदार मौजूद रहे। नंबरदारों ने बताया कि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेताया कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होंगे। एसडीएम अंब ने कहा कि वे मामले को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द आवश्यक कार्रवाई करवाने का प्रयास करेंगे।

## जीनत महंत ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 11 हजार रुपए का अंशदान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

आसमान से बरसी आफत के चलते हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के बीच सब कुछ गंवा चुके लोगों के लिए अब मदद के हाथ भी उठने लगे हैं। विधानसभा क्षेत्र गगरेट से इसकी पहल समाजसेवी ट्रांसजेंडर जीनत महंत ने की है। जीनत महंत ने इस प्राकृतिक आपदा से घिरे लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान दिया है।

सोमवार को जीनत महंत ने एसडीएम सौमिल गौतम के माध्यम से ग्यारह हजार रुपए की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष को भेजी। उन्होंने लोगों से इस प्राकृतिक आपदा में घिरे लोगों की दिल खोलकर मदद करने की भी अपील की है। समाजसेवी जीनत महंत लगातार समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। जिले में शिशु लिंग अनुपात की दर में गिरावट आने पर बी उन्होंने आवाज बुलंद की थी तो कई सामाजिक सरोकारों को अब अपने दम पर बखूबी निभा रही हैं। मंडी जिले में



एसडीएम को चेक सौंपती जीनत महंत।

आई प्राकृतिक आपदा में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं तो कई लोगों के आशियाने उजड़ गए हैं। हालात यह हैं कि कुछ लोगों के पास तो पेट भरने के लिए न राशन बचा और न ही तन ढकने के लिए वस्त्र बचे हैं।

इसी बात ने जीनत महंत को भी विचलित किया और उन्होंने अपनी कमाई में से ग्यारह हजार रुपए का योगदान प्राकृतिक आपदा से घिरे लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में भेजा है। जीनत महंत ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सच्चा धर्म है। उन्होंने कहा कि उनके गुरु ने कहा था कि कफन में जेब नहीं लगी होती, इसलिए कुछ भी साथ नहीं जाएगा।

## मंडी जिले के प्रभावितों को भेजी आपदा राहत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**डेरा बाबा रुद्रानंद भाजपा मंडल कुटलैहड़ ने सौ राहत सामग्री की किटें भेजी**

हिमाचल के मंडी जिले में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से कुटलैहड़ विस क्षेत्र से मानवता की एक मिसाल पेश की गई है। सोमवार को डेरा बाबा रुद्रानंद भाजपा मंडल कुटलैहड़ से सौ से अधिक राहत सामग्री की किटें दो वाहनों में भरकर मंडी रवाना की गईं। इस राहत सामग्री में राशन, बर्तन, कंबल और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कमान संभाल कर किया है।

एक दिन पहले भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टों ने निजी आए से 40 राशन किटें मंडी पीड़ित परिवारों के लिए रवाना की थी। इस अवसर परभुट्टो ने कहा कि मंडी जिले में आई भारी बारिश और भूस्खलन जैसी आपदाओं ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ की जनता हमेशा देश और प्रदेश के किसी भी कोने में आए संकट के समय हरसंभव मदद के लिए तैयार रहती है। मंडी के हालात को देखते हुए हमने यह राहत सामग्री तैयार की है।

डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल से रवाना हुई राहत सामग्री के साथ-साथ भाजपा नेता भुट्टो ने स्वयं बही चलोला और झंबर गांवों का दौरा किया, जहां उन्होंने दो पीड़ित परिवारों को नकद राशि, ˙˙बल और राशन की विशेष राहत किटें प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि इन परिवारों की स्थिति देखकर मन व्यथित हो गया और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इनकी मदद का संकल्प लिया है। पूर्व विधायक भुट्टो ने यह भी बताया कि मंडी में वर्तमान में जिन चीजों की सबसे अधिक आवश्यकता है, उनमें खाना बनाने से संबंधित बर्तन और सामग्री प्रमुख हैं। आपदा के दौरान अधिकांश पीड़ितों के घरों के साथ उनका सारा घरेलू सामान भी नष्ट हो गया है। इसीलिए इस बार की राहत किटों में बर्तनों की संख्या बढ़ाई गई है। चावल, आटा, दालों के साथ-साथ बर्तन, तश्तरियां, गिलास, चूल्हे और कुछ जगहों पर गैस चूल्हों की व्यवस्था भी की गई है।

भुट्टो ने कहा कि यह राहत कार्य एक बार की प्रक्रिया नहीं है। हम लगातार भाजपा नेतृत्व और विपक्ष नेता जयराम ठाकुर के संपर्क में हैं। जैसे ही वहां से आगे की जरूरतों की सूची प्राप्त होगी, हम नई राहत किटें तैयार कर मंडी भेजेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी परिवार भूखा न रहे और उसे बुनियादी जरूरतें समय पर मिलें। इस राहत अभियान में कुटलैहड़ के सैकड़ों स्वयंसेवकों, समाजसेवियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। दोनों भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने पूरी रात जागकर राहत सामग्री को पैक किया और उसे व्यवस्थित तरीके से वाहनों में लादा।

## रायपुर मैदान स्कूल की साक्षी शर्मा ने केकेएचडी के फाइनल में दिखाया दम

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियाणी।** पंजाब के धूरी क्षेत्र के उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान की होनहार छात्रा साक्षी शर्मा ने केकेएचडी (किस में कितना है दम) प्रतियोगिता के फाइनल में अपनी मधुर आवाज से सबका दिल जीत लिया। साक्षी ने हिमाचली लोकगीत 'सोणी सोणी शिमला दी सड़कां' को इतने भावपूर्ण और सधे हुए अंदाज में प्रस्तुत किया कि निर्णायक मंडल के साथ-साथ उपस्थित दर्शकों का ध्यान भी अपनी ओर आकर्षित कर प्रतियोगिता में सेकेंड रनरअप का खिताब हासिल किया।



इस प्रतिष्ठित फाइनल प्रतियोगिता में छह राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, लेकिन कड़े मुकाबले में साक्षी की गायकी ने अलग छाप छोड़ी। साक्षी शर्मा रायपुर मैदान के एक छोटे से गांव से संबंध रखती हैं और गरीब परिवार से होने के बावजूद उन्होंने अपने संघर्ष और प्रतिभा से यह मुकाम हासिल किया है।

**स्कूल में हुआ भव्य स्वागत :** प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद साक्षी शर्मा का स्कूल में भव्य स्वागत किया। स्कूल की प्रधानाचार्या सारिका नंदा ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमारे स्कूल की छात्रा ने अपनी मधुर आवाज से स्कूल, माता-पिता और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर स्कूल के प्रवक्ता पवन कुमार, शारीरिक शिक्षक विजय कुमार, विजय कुमार, संजय कंवर, पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, दीक्षित पटियाल, सानिया, शोभा, वीना, सोमदत्त, मोतीलाल सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने साक्षी को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पीजी कोर्सेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का आगाज होने जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने पीजी कोर्सेज (एमए हिंदी, एमए इंग्लिश, एमकॉम, पीजीडीसीए) में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इच्छुक विद्यार्थी 15 जुलाई तक महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **admission.gcbangana.ac.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद विद्यार्थियों को उसका प्रिंटआउट लेकर महाविद्यालय कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। प्रवेश प्रक्रिया का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। उन्होंने छात्रों से इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## राहत : लठियाणी पंचायत में सोलर लाइटों की मरम्मत शुरू

**अनंत ज्ञान, लठियाणी**

उपमंडल बंगाणा की लठियाणी पंचायत में लंबे समय से बंद पड़ी सोलर लाइटों की समस्या बहुत ही जल्द दूर हो जाएगी। पंचायत के प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु के द्वारा सोलर लाइटों की मरम्मत का कार्य शुरू करवा दिया है। काफी समय से पंचायत क्षेत्र में रात के समय सोलर लाइटें काम नहीं कर रही थीं, जिससे खासकर बरसात के मौसम में ग्रामीणों को रास्तों में कीचड़, पानी और अंधेरे की वजह से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था।

पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कंपनी से संपर्क किया और सोलर लाइटों की मरम्मत का कार्य कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। पंचायत सदस्य अमरजीत कौशल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे स्वयं विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों से संपर्क कर लाइटों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं और जहां-जहां लाइटें खराब हैं, उन्हें कंपनी के मैकेनिक निहाल सिंह से तुरंत सही करवाया जा रहा है। गांववासियों रमेश चंद चौधरी, जगमोहन सिंह, पंकज कुमार, जोगिंदर सिंह, मनीष कुमार, अशोक कुमार और रणजीत सिंह इत्यादि ने कहा कि रात के समय अंधेरे की वजह से जो परेशानियां आ रही थीं, वे अब दूर हो जाएंगी।



बंद सोलर लाइट को ठीक किया गया।

उन्होंने पंचायत प्रधान जोगिंदर शर्मा पौणु एवं सभी पंचायत सदस्यों का आभार प्रकट किया और इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की। ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि बरसात के मौसम में सुरक्षित आवाजाही भी सुनिश्चित होगी।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय, ऊना द्वारा आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के लिए पूर्व तैयारियों को लेकर एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता तहसीलदार (निर्वाचन) सुमन कपूर ने की। कार्यशाला में जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एरिया लेवल मास्टर ट्रेनर एवं निर्वाचन कानूनगो उपस्थित रहे।

तहसीलदार सुमन कपूर ने प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को पुनरीक्षण से पूर्व की जाने वाली महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करना, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूरा करना तथा मतदान केंद्रों के युक्तिकरण से संबंधित कार्य प्राथमिकता से किए जाने चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर इन गतिविधियों को पूर्ण करें ताकि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य सुचारु, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

## संदीप ने स्विमिंग में युवाओं को दिखाया करियर बनाने का रास्ता

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



बेहतर कार्य के लिए संदीप को सम्मानित किया गया।

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की डुहल वंगवाला पंचायत के संदीप कुमार ने शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब हिमाचल प्रदेश स्विमिंग पूल संगठन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में वाटर स्पोर्ट कोच की भूमिका निभाई। इस दौरान उन्होंने 60 के करीब स्विमिंग के युवाओं और खिलाड़ियों को कोचिंग दी। इस कार्यक्रम में अंब की एसडीएम सचिन शर्मा ने संदीप कुमार को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया।

संदीप कुमार की इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर है। शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब के मैनेजिंग डायरेक्टर रशीद मोहम्मद ने कहा कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण समारोह में वाटर स्पोर्ट कोच संदीप कुमार की भूमिका अहम रही। उन्होंने कहा कि युवा स्विमिंग में अपना करियर बनाकर देश के लिए मेडल ला सकते हैं और नशे से भी दूर हो सकते हैं। इस प्रशिक्षण शिविर से युवाओं को स्विमिंग के प्रति प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी, जिसका उदाहरण तलमेहड़ा की मानसी राणा ने 50 मीटर स्विमिंग में लड़कियों तथा मिक्स में प्रथम व द्वितीय स्थान, अंब सलमान मोहम्मद ने प्रथम, इंदौर इशान खान ने द्वितीय, जूनियर टीम में अंब हर्षित मोहम्मद, नैहरियां वीर,तथा दौलतपुर की प्रयांशी, अंब की पलाशा ने बढ़िया प्रदर्शन कर जहां पर माता-पिता स्कूल क्षेत्र व कोच का भी नाम रोशन किया।

आने वाली स्विमिंग खेलकूद प्रतियोगिता में और भी बढ़िया प्रदर्शन कर होनहार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा।

**आयोजन** पं. चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर ऊना में साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित

# गुलेरी के गांव में आपसी सद्भाव की अनूठी मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला भाषा अधिकारी कार्यालय ऊना द्वारा पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी जयंती पर लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां में एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. सुरेश सेठ ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध विद्वान डॉ. प्रेम लाल गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में जेएनयू (नई दिल्ली) के संस्कृत विभाग के प्रो. डॉ. कृष्णमोहन पांडेय और मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त डॉ. धर्मपाल साहिल (सदस्य, गृह मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति, भारत सरकार) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। जिला भाषा अधिकारी निकू राम ने सभी अतिथियों एवं साहित्यकारों का स्वागत करते हुए साहित्यकारों से सामाजिक सरोकारों को लेकर सकारात्मक साहित्य सृजन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर हिमाचल कला, भाषा एवं संस्कृति अकादमी के सदस्य व वरिष्ठ साहित्यकार जाहिद अबरोल द्वारा रचित पुस्तक 'शिवस्तोत्र सिंधु' का विमोचन भी किया गया। यह पुस्तक भगवान शिव के संस्कृत स्तोत्रों, ऋग्वेद के तीन सूक्तों और अन्य मंत्रों का उर्दू अनुवाद प्रस्तुत करती है, जो संस्कृत और उर्दू जैसी समृद्ध भाषाओं के बीच एक सांस्कृतिक सेतु का कार्य करती है।



जाहिद अबरोल की पुस्तक 'शिवस्तोत्र सिंधु' का विमोचन करते साहित्यकार।

कार्यक्रम के पहले सत्र में 'पंडित चंद्रधर शर्मा गुलेरी का साहित्य एवं हिमाचल से उनका संबंध' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस सत्र में डॉ. राजकुमार एवं अशोक कालिया द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

मुख्य वक्ता डॉ. धर्मपाल साहिल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि गुलेरी जी के गांव में आज भी जातिगत भेदभाव से परे आपसी सद्भाव देखने को मिलता है, जो उनके साहित्यिक विचारों की जीवंत झलक है।प्रो. सुरेश सेठ ने कहा कि डिजिटल युग में पुस्तक पठन की परंपरा को पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे मानसिक और शारीरिक समस्याओं से भी मुक्ति मिल सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्ण मोहन पांडेय ने 'शिवस्तोत्र सिंधु' को भाषायी और सांस्कृतिक सेतु बताते हुए इसकी साहित्यिक महत्ता को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम लाल गौतम ने गुलेरी जी की रचनाओं में प्रयुक्त पहाड़ी शब्दों और लोक संस्कृति पर प्रकाश डाला।

**दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन ने बिखेरे साहित्यिक रंग**

**कार्यक्रम** के दूसरे सत्र में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के अनेक कवियों ने भाग लिया। अपनी रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले कवियों में सुरेंद्र सेठ, डॉ. अर्पना, कृष्ण कुमार, सूरम सिंह, डॉ. योगेश चंद्र सूद, किशोरी लाल बैन्स, डॉ. बालकृष्ण सोनी, ओम प्रकाश शर्मा, विशाली भारद्वाज, दिनेश कुमार, ओम देवी सैनी, मनोहर भट्टी, रामपाल और राजेंद्र कुमार कौशल शामिल रहे।

## बंगाणा से 68 शिव भक्तों का जत्था कांवड़ यात्रा के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के विभिन्न गांवों से 68 शिव भक्तों का एक विशाल जत्था सोमवार को हरिद्वार के लिए रवाना हुआ, जहां से वे पवित्र गंगा जल लेकर कांवड़ यात्रा पर निकलेंगे। इस अवसर पर कुटलैहड़ क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सभी शिव भक्तों को सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमारे सनातन धर्म की जीवंतता और एकता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत गर्व का है, जब हमारे युवा और श्रद्धालु राजनीतिक मतभेद भुलाकर धर्म और आस्था की सेवा में समर्पित हो रहे हैं। भुट्टो ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह सनातन संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि सभी भक्तों की यात्रा मंगलमय और सुरक्षित हो। इस जत्थे के प्रमुख अभय सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 जुलाई को हरिद्वार से कांवड़ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि इस धार्मिक यात्रा का समापन 21 जुलाई को सोलहसिंगी धार के प्रसिद्ध चौमुखा महादेव मंदिर में होगा, जहां रात भर जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने किया कांवड़ियों का सम्मान, दी शुभकामनाएं।

# बिजली महादेव पर्यटन स्थल नहीं देव आस्था का केंद्र: राम सिंह

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

एचपीएमसी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि बिजली महादेव हमारी आस्था व श्रद्धा का केंद्र है न कि कोई पर्यटन स्थल, लेकिन कुछ लोग इस धार्मिक स्थल को पर्यटन स्थल बनाने पर तुले हुए हैं।

राम सिंह ने सोमवार को कुल्लू के ढालपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं के पुराने स्थलों को देवस्थान ही रहने दें, उन्हें पर्यटन स्थल बनाना सही नहीं। उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे का एक ओर जहां घाटी के लोग कड़ा विरोध कर रहे हैं और बिजली महादेव ने भी इसका देववाणी के माध्यम से विरोध किया है। बावजूद इसके शासन न देववाणी न ही देवता और न ही तो जनता की परवाह कर रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाहे जनप्रतिनिधि वर्तमान के हैं या पूर्व के कोई भी देवता और जनता की बात को नहीं मान रहे। बिजली महादेव रोपवे को लेकर आज सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही चुप्पी साधे हुए हैं।



एचपीएमसी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राम सिंह पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

## देववाणी का भी नहीं किया जा रहा सम्मान

**उन्होंने** कहा कि भगवान बिजली महादेव ने देववाणी में यह स्पष्ट कहा था कि उन्हें यह रोपवे कतई भी मंजूर नहीं है, लेकिन आज उनकी वाणी का भी सम्मान नहीं किया जा रहा है और भगवान बिजली महादेव से जुड़े हुए श्रद्धालुओं की भी बात सरकार नहीं सुनी जा रही है। राम सिंह ने कहा कि वह विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सरकार को चाहिए कि वह पर्यटन स्थलों का विकास करें न की देवस्थानों में विकास के नाम पर पर्यावरण से छेड़छाड़ कर आपदा को न्योता दें।

वहीं, उन्होंने कहा कि बिजली महादेव रोपवे के नाम पर सैकड़ों पेडों की बलि दी जा रही है, जो कि गलत है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से रोपवे निर्माण को लेकर यहां पर पेड़ कटान किया जा रहा है, उस तरह का विकास न तो भगवान बिजली महादेव का मंजूर है और न ही यहां की स्थानीय जनता को। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को पर्यटन स्थलों को विकसित करना है, तो प्रदेश व कुल्लू जिले में बहुत से स्थल ऐसे हैं, जो मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। यही नहीं यदि विकास करना है, तो सरकार जनजातीय क्षेत्रों व दुर्गम ग्रामीण इलाकों का विकास करें।

# दशनामी जूना अखाड़ा से श्रीखंड कैलाश को रवाना हुई 30वीं छड़ी यात्रा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**



**आनी।** उत्तरी भारत की सबसे कठिनतम श्रीखंड कैलाश के दर्शन को निरमंड के दशनामी जूना अखाड़ा से माता अंबिका और दत्तात्रेय स्वामी की 30वीं छड़ी यात्रा सोमवार को श्रीखंड यात्रा के लिए रवाना हुई। इस मौके पर छोटी काशी निरमंड बम बम भोले के जयकारों से गुंजायमान हो गई।

छड़ी यात्रा को एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह और छड़ी यात्रा समिति के अध्यक्ष टाकेश्वर शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। निरमंड से छड़ी यात्रा को अखिल भारतीय पंच दशनामी जूना अखाड़ा खन्ना कुदरत गिरि ने दावत गिरि की अध्यक्षता में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद वाद्ययंत्रों की ध्वनि, शंखनाद और बम बम भोले, हर हर महादेव के जयकारों के साथ रवाना किया। इस छड़ी यात्रा को रवाना करने में देश के विभिन्न अखाड़ों के दर्जनों साधु महात्माओं सहित करीब 500 लोगों ने भाग लिया। छड़ी यात्रा समिति के अध्यक्ष टकेश्वर शर्मा ने बताया कि इस बार पवित्र छड़ी यात्रा में करीब 150 लोग शामिल हैं, जो श्रीखंड महादेव के दर्शन करेंगे। यह छड़ी यात्रा सोमवार सायं तक जाओं, सिंहगाड़ होते हुए, ब्राहटीनाला पहुंचेगी, जबकि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन श्रीखंड कैलाश के दर्शन करने के बाद छड़ी 14 जुलाई की शाम को वापस जूना अखाड़ा निरमंड पहुंचेगी और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कारदार पुष्पेंद्र शर्मा, छड़ी यात्रा समिति के उपाध्यक्ष खेम राज सोनी, सचिव मयंक शर्मा, भूपेंद्र भारद्वाज, शुभम कपूर युवक मंडल प्रधान विनीत शर्मा सहित निरमंड क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। टाकेश्वर शर्मा ने बताया कि श्रीखंड कैलाश के दर्शनों के लिए निरमंड के जूना अखाड़े से माता अंबिका और दत्तात्रेय स्वामी की छड़ी यात्रा वर्ष-1996 में शुरू की गई थी। छड़ी यात्रा प्राचीन समय से जाती है, जो हर साल देव शयनी एकादशी को निरमंड से रवाना होती है और गुरु पूर्णिमा के दिन दर्शन करके वापस आती है।

### आपदा प्रभावितों की मदद को लाहौल-स्पीति भाजपा ने बढ़ाए हाथ

# बाढ़ प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

प्रदेश के अन्य स्थानों व दानी सज्जनों की तरह लाहौल-स्पीति भाजपा ने भी आपदा प्रभावितों की मदद को हाथ बढ़ाया हैं।

लाहौल-स्पीति भाजपा ने मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों में जरूरतमंद परिवारों के लिए एक ट्रक राहत सामग्री भेजी है। इस राहत सामग्री में 150 राशन की किट शामिल हैं। यह राहत सामग्री लेकर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर स्वयं सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पहले रवि ने मीडिया से परिचित होते हुए कहा कि आपदा में यह राहत सामग्री इतनी अधिक तो नहीं है, लेकिन लाहौल-स्पीति भाजपा की ओर से एक छोटा सा प्रयास है, जिसके जरिए हम किसी के दुख को बांट सकते हैं। सराज पहुंचने पर वह नेता प्रतिपक्ष जयराम के साथ नुकसान का जायजा भी लेंगे और जहां-जहां और मदद की जरूरत होगी, आगे भी इसी तरह यथासंभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने निगमों बोर्डों के अध्यक्षों के मानदेय बढ़ाने में लगे हैं, जबकि प्रदेश में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जनता एक जोड़ी कपड़े, एक वक्त की रोटी और छत के लिए तरस रही है।



आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए भेजी गई राहत सामग्री के वाहनों के साथ जिला भाजपा पदाधिकारी।

## बाढ़ प्रभावितों की मदद को आगे आया रेडक्रॉस

**अनंत ज्ञान, सैंज।** डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कुल्लू के सैंज में 25 जून को जीवा नाला में अचानक बाढ़ से गांव शरण बिहाली के पूर्ण रूप से प्रभावित 6 परिवारों को जिला रेडक्रॉस सोसायटी से 50-50 हजार के चैक वितरित किए। डीसी ने बाढ़ में पूर्ण रूप से प्रभावित हुए खिमी राम सुपुत्र जय चंद, गांव बिहाली, नंद राम सुपुत्र झाबे राम गांव बिहाली, बिंद्र सिंह सुपुत्र झाबे राम, ओमप्रकाश सुपुत्र जय चंद, वीर सिंह सुपुत्र जय चंद और देवराज सुपुत्र रोशन लाल को जिला रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 50-50 हजार की राहत राशी उपलब्ध करवाई। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने सोमवार को सैंज के गांव शरण बिहाली का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर, उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार और जिला प्रशासन पूर्ण रूप से उनके साथ है और प्रभावित परिवारों को संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के लिए राहत और पुनर्वास के सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रोजेक्ट में 10.50 करोड़ की ठगी का आरोप

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि एक पावर प्रोजेक्ट के पूर्व निदेशकों ने कंपनी के कर्ज के नाम पर 10.50 करोड़ रुपए की हेराफेरी की है। पलचान भाग पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक चमनदीप ने आरोप लगाया कि पूर्व निदेशकों आशीर्वाद अग्रवाल, श्रीधर रामाकृष्णन और सीएएन सुब्रमन्या भाट ने कंपनी को ठगने का प्रयास किया। इन्होंने कंपनी की बैलेंस शीट में लोन की राशि ज्यादा आई दिखाई। 2024 में जुलाई, अगस्त व सितंबर में कंपनी से 5.77 करोड़ और 24 प्रतिशत सालाना ब्याज की दर से 10.50 करोड़ रुपए मांगे, जबकि मांगी गई यह राशि कभी भी कंपनी के खाते में जमा नहीं की। आरोप है कि इन लोगों ने काफी सारी राशि अपने लोगों और अपने खाते में डाली। डीएसपी केडी शर्मा ने बताया कि जांच शुरू कर दी है।

### ध्रुव ने बॉडी बिल्डिंग में झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** कलाकेंद्र कुल्लू में राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। भुंतर के ध्रुव सेठी ने 55-60 किलो भार में पहला स्थान हासिल किया। ध्रुव सेठी ने प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल किया। भुंतर के युवा खिलाड़ी ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर कुल्लू जिले का भी नाम रोशन किया। वहीं, अपने परिजनों का भी मान बढ़ाया। ध्रुव ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। ध्रुव ने इसका श्रेय अपने कोच विश्वजीत भानु को दिया। भंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप व उपाध्यक्ष मनीष, रोशन लाल, सुनील चौहान, ऋषि राज, घनश्याम, पूर्ण, महिला विंग की अध्यक्ष नीलम घई, सचिव मीना, प्रवक्ता नीलम घई सहित सभी सदस्यों ने ध्रुव सेठी को बधाई दी। समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि इस तरह के मंच को जीतने के लिए कड़े परिश्रम की जरूरत होती है। युवा पढ़ाई के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग लें। नशे से दूर रहकर अच्छी सेहत बनाएं और ध्रुव की तरह अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

### रविवार को लगने वाली दुकानों का किया विरोध



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** व्यापार मंडल कुल्लू की बैठक ट्रक यूनियन के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के अध्यक्ष मदन लाल सूद ने की। बैठक में मुख्य संरक्षक दिनेश सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि शहर में मेले व अन्य व्यापारिक गतिविधियों के आयोजन से पूर्व व्यापार मंडल को विश्वास में लिया जाए। व्यापारियों ने बैठक में उनके समक्ष आ रही परेशानियों के बारे में भी अवगत करवाया। व्यापारियों द्वारा एपीएमसी द्वारा जो किरयाना थोक विक्रेताओं से फीस ली जाती है, उसे बंद किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की फीस देश में अन्य किसी राज्य में नहीं ली जाती है। कुछ व्यापारियों ने ढालपुर में रविवार को लगने वाली दुकानों का विरोध किया। इसमें दुकानों में बिकने वाला कई तरह का सामान बेचा जा रहा है, जबकि वह मात्र पुराने कपड़ों का बाजार हुआ करता था। कुछ व्यापारियों ने शहर के साथ ब्यास तट पर लगने वाली दीवार को लगाए जाने की भी मांग उठाई। अभी तक काफी हिस्सा शहर का असुरक्षित है। बैठक में अध्यक्ष मदनलाल सूद ने बताया कि व्यापार मंडल के पंजीकरण की औपचारिकताएं पूर्ण करके पंजीकृत कर लिया गया है तथा बैंक खाता भी खुल चुका है, जो कि सबसे महत्वपूर्ण कार्य था। व्यापार मंडल भवन के बारे में विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से बात की गई थी। उन्होंने कहा कि भूमि का चयन करके बताएं वह भवन निर्माण के लिए पैसा उपलब्ध करवाएंगे। इसके अतिरिक्त शहर की निकास नालियों की दुर्दशा सुधारने और सड़क मार्ग की तरफ झुकने वाले पोल के बारे में भी संबंधित विभागों को अवगत करवाया गया है। ।

### अनु सिंह महिलाओं-युवाओं के लिए बनी प्रेरणास्रोत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** आमतौर पर पुरुष प्रधान माने जाने वाले जिम व्यवसाय में एक गृहिणी और दो बच्चों की मां ने न सिर्फ अपनी पहचान बनाई है। कबायली क्षेत्र लाहौल-स्पीति से ताल्लुक रखने वाली अनु सिंह महिलाओं के साथ-साथ अब युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हैं। अब उन्होंने युवाओं के स्वास्थ्य का भी बीड़ा उठाया है। अनु सिंह सिंह फिटनेस जिम पतलीकूहल की संचालिका हैं, उन्होंने अपने जिम के साथ हिमालया न्यूट्रिशन्स का एक नया फूड सप्लीमेंट स्टोर खोला है। यह स्टोर कुल्लू के बाद पतलीकूहल में खुलने वाला दूसरा न्यूट्रिशन स्टोर है, जहां अब युवाओं को अपनी पोषण संबंधी सभी जरूरतें एक ही छत के नीचे मिलेंगी। अनु सिंह के लिए यह सफर आसान नहीं था। हिमाचल पुलिस में सेवारत अपने पति और दो बेटों की देखभाल के साथ-साथ एक जिम खोलने का विचार उनके मन में एक बड़ी चुनौती लेकर आया था। अनु सिंह का सिंह फिटनेस जिम इनदिनों पचास से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दे रहा है। जिम के सफल संचालन के साथ ही, उन्हें यह विचार आया कि क्यों न जिम के साथ एक फूड सप्लीमेंट स्टोर भी खोला जाए। उनका मानना है कि इससे जिम आने वाले और स्थानीय युवाओं को एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार के पोषण उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे।

### विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कार्यालय के बहुउद्देशीय भवन के सभागार में विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) के लिए एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण से पूर्व घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के सत्यापन करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों तथा बूथ लेवल पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जाना है। यह प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) द्वारा करवाया जाना है। मास्टर ट्रेनर (डीएलएमटी) बीना कुमारी, तहसीलदार (निर्वाचन) द्वारा विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि बूथ लेवल अधिकारियों के घर-घर जाकर मतदाता सूचियों के सत्यापन के दौरान क्या-क्या दायित्व रहेगें, वे किस प्रकार से मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उनसे बातचीत करने का तरीका क्या रहेगा तथा वे सत्यापन के दौरान किन-किन प्ररूपों को भरना सुनिश्चित करेंगे। इन विषयों पर उन्होंने विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस दौरान आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न प्ररूपों को भरने का प्रशिक्षण भी दिया, ताकि वे विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) के तौर पर बूथ लेवल अधिकारियों को भली प्रकार प्रशिक्षित कर सके।

# मनाली में बरसात ने रोका पर्यटकों का कारवां

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान**

**मनाली।** बरसात के मौसम ने पर्यटन नगरी मनाली के पर्यटन कारोबारियों की परेशानी बढ़ा दी है। मनाली के कारोबारी इन दिनों मौसम की मार झेल रहे हैं।

मनाली में इन दिनों पर्यटकों की संख्या न के बराबर है, जिससे मनाली माल रोड के साथ-साथ सभी पर्यटन स्थलों पर खामोशी छाई हुई है। हालांकि, जो भी पर्यटक मनाली आता है, वह रोहतांग जरूर जाना चाहता है, लेकिन अब रोहतांग भी कम ही वाहन जा रहे हैं। सोमवार को रोहतांग के लिए डीजल की 35 और पेट्रोल की 52 गाड़ियों ने परमिट काटा/इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मनाली में इनदिनों पर्यटकों की क्या संख्या है। मनाली में छोटे-बड़े एक हजार से अधिक होटल और गेस्ट हाउस हैं। ग्रीन टैक्स बैरियर के अनुसार इनदिनों महज दो सौ के आसपास गाड़ियां मनाली पहुंच रहीं हैं, जिससे पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, उस का एक कारण सोशल मीडिया में चल रही अनाप शनाप खबरें भी हैं। कुछ लोग पुरानी बाढ़ और बारिश की खबरें सोशल मीडिया में चला रहें हैं जिस का डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने भी संज्ञान लिया है और इस तरह गलत अफवाह न फैलाने की अपील की है। पिछले सालों में देखें, तो इनदिनों मनाली में पर्यटकों की अच्छी खासी आमद होती थी, लेकिन इस साल मामला उल्टा है। स्थानीय पर्यटन कारोबारी अजय अबरोल का कहना है कि सरकार व प्रशासन को सकारात्मक रूख अपना कर सिथिति को स्पष्ट करना चाहिए और जो लोग सोशल मीडिया में भ्रमक खबरें दिखा रहें हैं, उन पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जुलाई महीने में जो भी बुकिंग थी अफवाहों के कारण पर्यटकों ने रद्द कर दी। इन दिनों होटलों में ऑक्यूपेंसी मनाली के सभी होटलों में लगभग जीरो ही है।



भारी बारिश की वजह से मनाली के माल रोड में पर्यटकों के बिना पसरा सन्नाटा।


## घायल का पीजीआई में चल रहा उपचार

**अनंत ज्ञान, मनाली।** रोहतांग के समीप राहनीनाला सड़क हादसे में घायल मुकेरियां निवासी रवि कुमार का पीजीआई में उपचार चल रहा है। रवि को सिर पर चोट लगी थी। जानकारी के अनुसार रवि का ऑपरेशन हो गया है। दूसरी ओर मनाली वाहन चालक नरेंद्र कुमार का शव पुलिस ने रविवार को ही परिजनों को सौंप दिया था। मंडी के करसोग निवासी डिमा राम सहित होशियारपुर निवासी रंजीत सिंह व हरविंदर के परिजन भी आज मनाली पहुंच गए थे। पुलिस ने शाम को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए। रविवार को आल्टो में मनाली से रोहतांग जा रहे होटल के चार कर्मचारियों का वाहन रहनी नाला के पास खाई में गिर गया था, जिससे वाहन चालक सहित तीन कर्मचारियों को मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक कर्मचारी घायल हो गया था। एसडीएम मनाली ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 20-20 हजार फौरी राहत दी गई है। डीपीसी मनाली ने बताया कि पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए हैं।

# ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान में बंद की जाए खुदाई: अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर का मैदान अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन अब नगर परिषद कुल्लू के द्वारासौंदर्यीकरण के नाम पर उसकी खुदाई की जा रही है, ऐसे में अब जिला कुल्लू भाजपा ने इस कार्य पर आपत्ति जताई हैं और कहा कि नगर परिषद कुल्लू के पार्षदों को भी इस कार्य की जानकारी नहीं है। वहीं, जिला कुल्लू भाजपा ने डीसी कुल्लू से मांग रखी कि जल्द से जल्द इस कार्य को बंद किया जाए।



जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान में इनदिनों सौंदर्यीकरण के नाम पर खुदाई की जा रही है, जबकि इस बारे नगर परिषद के द्वारा न तो कोई प्रारूप तैयार किया गया है और न ही इसे नगर परिषद की बैठक में पारित किया गया है। नगर परिषद कुल्लू के पार्षद दानवेंद्र सिंह, राजकुमार और उमापाल ने भी इस पर असहमति जताई, ऐसे में अगर प्रशासन और नगर परिषद के पार्षदों को ही इस निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है, तो आखिर किसकी शह पर यह कार्य हो रहा है। आखिर किसको फायदा देने के लिए ढालपुर के प्रदर्शनी मैदान को खोदा जा रहा है। अमित सूद ने कहा कि इस कार्य में भी कोई बड़े घोटाले की बू रही है और प्रशासन को भी इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। अमित सूद का कहना है कि अगर नगर परिषद कुल्लू को इस मैदान का सौंदर्यीकरण करना है, तो वह पहले इसे नगर परिषद की बैठक में इस पर प्रस्ताव लाएं और सभी पार्षदों की भी इसमें सहमति होनी चाहिए।

# एलएमएस कुल्लू की जेस्मीन ने हासिल की 1 डिग्री ब्लैक बेल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स द्वारा एलएमएस कलैहली में कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 73 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अकादमी के प्रधान रणवीर ठाकुर के अनुसार विहान, अवनी भंडारी, पृथ्वि, आद्रिका ठाकुर, मेदांश ठाकुर, आर्धया ठाकुर, पार्थ, आदिव्या,, सोमंश, स्वस्तिक ठाकुर, तनिष ठाकुर, तिया महंत, अथर्व ठाकुर, दबंशी, तेनजिं नोर्जी, कृतिका, मान्या महंत, रियान अरोड़ा, सीजल भारद्वाज, विहान, यशास, दक्षिता ठाकुर, कियान ठाकुर, श्राएल सूद, वामीक ठाकुर प्रांजल,सोहेल, अंश ठाकुर, ऋजुल महंत, अर्णवि, ऋतिक, आरोही शर्मा, बरिंदा, आरव अरोड़ा व लक्ष्य ने येलो बेल्ट हासिल की। अथर्व भटनागर, अनहद खन्ना, विराट नागर, अर्णव, अभिनव, पार्थ, निराला, सोनाक्षी, दक्षिता, काव्या, अनन्या, मनराज, ऋतिक ने ऑरेंज बेल्ट हासिल की। दिव्यांका मालपा, हनिशा ठाकुर, अक्षज, मोहिल, आरिव गुप्ता, मायरा ठाकुर, मिशिका, आदर्षणि, अक्षिता, पुष्पांजलि, संजना, कामया, आर्शि, पल्लवी, अविश, आरोही ठाकुर, रशुल, कृतांगवि ने ग्रीन बेल्ट हासिल की। एश्विन ठाकुर, अविश ठाकुर, कृतांश, अथर्व, समर्थ भटनागर, विराज ने ब्लू बेल्ट हासिल की। उत्कर्ष और महिम ने पर्पल बेल्ट हासिल की। रोनित शर्मा ने ब्राउन बेल्ट हासिल की। मन्नत, सोहेल औत, जेस्मीन ठाकुर ने 1 डिग्री ब्लैक बेल्ट हासिल की। रणवीर ठाकुर ने बताया कि इस कलर बेल्ट परीक्षा का निरक्षण सेकेंड बैल्ट गौरव और काव्यांश शर्मा द्वारा किया गया। अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के चेयरमैन किशन ठाकुर गोजों रेयु कराटे डो शोफ इंडिया के तकनीकी निदेशक रेन्शी हंस राज शर्मा, ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के महासचिव कृष्ण लाल उर्फ भूपि को बधाई दी।

## वित्तीय लाभ के लिए जताया आभार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कटराईं स्थित होटल शुभम में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन नग्गर खंड की मासिक बैठक हुई। बैठक में सर्व प्रथम दो नए सदस्यों बिहारी लाल तथा सुरेंद्र कुमार शर्मा को संघ में शामिल किया गया।

खंड अध्यक्ष लाल चंद ठाकुर की अगुवाई में संपन्न हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सदस्यों द्वारा जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाए गए और जिन सदस्यों ने ये प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं, वे अगस्त तक प्रमाण पत्र जमा करवा सकते हैं। बैठक में 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स को सभी वित्तीय लाभ देने के लिए फेडरेशन ने सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश पेंशनर फेडरेशन के नव नियुक्त संयुक्त सचिव मनोहर ठाकुर और अतिरिक्त सचिव सर्व दयाल का स्वागत किया। उपरोक्त बैठक में अध्यक्ष लाल चंद ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान भानू प्रकाश गौतम, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान पूर्ण देव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गणेश ने हादसा व भगदड़ दो कविताएं सुनाकर व्यवस्था पर की करारी चोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा अटल सदन सभागार में चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर एक बहुभाषी कवि सम्मेलन व साहित्यिक गोष्ठी का आयोजन करवाया गया। इस सम्मेलन में जिला कुल्लू के 18 कवियों ने भाग लिया।

इस सम्मेलन में विभिन्न वरिष्ठ एवं युवा कवियों द्वारा हिंदी, पहाड़ी, संस्कृत और उर्दू भाषाओं में कविताएं सुनाई गईं। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता जिला भाषाधिकारी प्रोमिला गुलेरिया ने की। इस दौरान स्वर्गीय चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को सहेजने के लिए दिए गए योगदानों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर सूरत ठाकुर ने संस्कृति मानव आत्मा नामक कविता सुनाकर एक मनोवैज्ञानिक संदेश दिया। अजेय ने गुलेरी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व अनुभव व्यक्त किए और तुम कुछ साल बाद आना नामक कविता का पाठ किया। इशिता गिरीश द्वारा पहाड़ से प्रेम नामक कविता पढ़ी। पल्लवी ने एक पहाड़ी कविता सुना कर प्राकृतिक आपदा से हुए विनाश का वर्णन किया। ओजस्विनी ने गुलेरी की कहानी उसने कहा था को कविता के रूप में प्रस्तुत किया। रूपिंदर पुनीत पटियाल ने मैं ही तो महाकाल कालों का काल नामक कविता पढ़ी। शबनम ने मेरे पापा नामक कविता सुनाई, मोनिका ने ब्यास नदी का सुंदर वर्णन करते हुए कविता सुनाई। ईशा कुमारी लोग तो अच्छे पहले वाले ही थे नामक कविता सुनाकर सबका मनोरंजन किया। सुनीता ने मां पर कविता पढ़कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। श्रुति ने श्री राम के आदर्शों को अपनाने के लिए एक सुंदर कविता का पाठ किया, मेनका ने कलम को अपना हथियार बनाने की बात अपनी कविता में कही। सरला चंबयाल द्वारा मधुर कुल्लवी गीत सुना कर सबको मंत्रमुग्ध किया। गणेश गणी ने हादसा और भगदड़ दो कविताएं व्यवस्था पर व्यंग्य करते हुए करारी चोट की। धनेश गौतम ने अमर रहेगी तू मूर्ति हर हाल में नामक कविता पढ़कर प्राकृतिक आपदा का मार्मिक वर्णन किया।



बहुभाषी कवि सम्मेलन और साहित्यिक गोष्ठी के दौरान उपस्थित गणमान्य।

**आयोजन** जिले की एनजीओ के लिए आपदा प्रबंधन पर आधारित कार्यशाला आयोजित

# आपदा प्रबंधन में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका अहम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति द्वारा उपायुक्त कार्यालय केलांग के सभागार कक्ष में गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक आधारित संगठनों के लिए एकदिवसीय मिटिंग-कम-ट्रेनिंग व ओरिएंटेशन वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता डीसी एवं डीडीएमए अध्यक्ष किरण भड़ाना ने की। इस अवसर पर जिले भर से विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, स्थानीय संगठनों और सरकारी अधिकारियों की सहभागिता रही। कार्यशाला का उद्देश्य आपदा की स्थिति में विभिन्न संगठनों के बीच समन्वय को सुदृढ़ बनाना, आपदा प्रबंधन रणनीतियों की जानकारी प्रदान करना तथा सामूहिक प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस अवसर पर एसडीएम एवं नोडल अधिकारी डीडीएमए आकांक्षा शर्मा, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण समन्वयक डीडीएमए नितिन कुमार, पर्यावेक्षक पूनम बोध सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों के एनजीओ के प्रतिनिधि और सदस्य उपस्थित रहे।




आपदा प्रबंधन पर आधारित कार्यशाला में अधिकारियों से बातचीत करती हुई डीसी लाहौल-स्पीति।

डीसी ने अपने संबोधन में कहा कि लाहौल-स्पीति जैसे दुर्गम और संवेदनशील क्षेत्र में स्थानीय संस्थाओं की भूमिका आपदा प्रबंधन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके पास न केवल स्थानीय संसाधनों की जानकारी होती है, बल्कि सामुदायिक जुड़ाव और त्वरित कार्रवाई की क्षमता भी होती है। ऐसे में एनजीओ और सीबीओ का प्रभावी प्रशिक्षण और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। डीडीएमए की यह पहल न केवल स्थानीय संगठनों की क्षमता निर्माण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि जिले की आपदा तैयारी को सशक्त एवं समन्वित भी बनाती है।

इस तरह की कार्यशालाएं भविष्य में भी आयोजित की जाएंगी, ताकि जन सहभागिता के साथ एक प्रभावी आपदा प्रबंधन ढांचा तैयार किया जा सके। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित सभी एनजीओ से आपदा के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और मानवता की सेवा के लिए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के लिए सराहना भी की। उन्होंने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को निर्देश दिए कि हर एनजीओ के द्वारा किए जाने वाले कार्यों तथा क्षेत्रों को सूचीबद्ध करके सूचना पट पर प्रदशित करें और ई-डिस्टिक प्रबंधक को उक्त सूची को सोशल मीडिया में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में डूअरज एनजीओ से परामर्शदाता अनुराधा भारद्वाज ने मुख्य बिंदुओं। इनमें हिमस्खलन, अनाचक आई बाढ़, डिस्ट्रिक्ट इंटर एजेंसी ग्रुप के गठन की प्रक्रिया, आपदा पूर्व तैयारी व आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल, सरकारी एजेंसियों और एनजीओ के बीच सहयोग तंत्र, राहत व पुनर्वास कार्यों की योजना और संयुक्त कार्यान्वयन, समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उपायों के बारे में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया और संभावित सुधारों पर भी चर्चा की गई।

# एसडीएमए में चल रही परियोजनाएं सुरक्षा सतत विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक उपायुक्त कुल्लू, तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में की गई।

इसमें राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीसी ने अधिकारियों से विभागवार जानकारी प्राप्त की तथा अब तक किए गए कार्यों की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग को बहुत जरुरी कार्यों को डीपीआर/पीपीआर बनाने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने पेयजल और सिंचाई योजनाओं तथा जल निकासी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जो कार्य किए गए हैं, उनकी प्रगति की समीक्षा की। विभाग को निर्देश दिए कि मानसून को ध्यान में रखते हुए पानी के बहाव को नियंत्रित करने तथा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए निर्माण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा कार्यों कि प्रगति की जानकारी हासिल की, इसके अलावा भवनों एवं सार्वजनिक संरचनाओं के रेट्रोफिटिंग कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

उन्होंने निर्देश दिए कि इन कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर इन्हें पूर्ण किया जाए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एसडीएमए के अंतर्गत चल रही परियोजनाएं आम जनता की सुरक्षा एवं सतत विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनके सफल क्रियान्वयन से आपदा की स्थिति में जानमाल की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। बैठक में एडीसी अश्वनी कुमार सहित जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, तथा जिला आपदा प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सट्टा, पर्चियां और नकदी के साथ युवक काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पुरूवाला की टीम गश्त के दौरान बांगरन, शिवपुर और रामपुरघाट क्षेत्रों की ओर रवाना थी। इसी दौरान शाम करीब 7:30 बजे पुलिस को एक मुखबिर से सूचना मिली कि बलराम नामक युवक रामपुरघाट में ब्राजा टायर कंपनी के पास सड़क किनारे अपनी दुकान के बाहर सट्टा लगवाने का काम कर रहा है। सूचना के अनुसार, बलराम राह चलते लोगों को मोटी रकम कमाने का लालच देकर सट्टा लगाने के लिए उकसा रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर बलराम को सरेआम सट्टा लगवाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के पास से सट्टा पर्चियां और कुल 3360 रुपए नकद बरामद किए गए। इस पर बलराम के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध जुए और सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

### पेमा ठाकुर ने कूडो वर्ल्ड कप में जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अंतरराष्ट्रीय कूडो फेडरेशन द्वारा बुल्गारिया के बग्रीस शहर में आयोजित कूडो वर्ल्ड कप में हिमाचल प्रदेश के दो कूडो खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए न केवल भारत का मान बढ़ाया, बल्कि हिमाचल प्रदेश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। हिमाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों ने भारतीय कूडो टीम का प्रतिनिधित्व किया। इसमें प्रिया कुमारी थापा, पीयूष जसवाल और पेमा ठाकुर शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में हिमाचल की खिलाड़ी पेमा ठाकुर ने 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के 63 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया और प्रिया कुमारी थापा ने सीनियर वर्ग की 230 फिजिकल इंडेक्स श्रेणी में रजत पदक जीत कर नाम रोशन किया। प्रिया कुमारी थापा इससे पहले भी यूरोप एशिया कप में भारत के लिए रजत पदक प्राप्त कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में भारत ने दो स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य पदक समेत 12 पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में 30 देशों ने भाग लिया।

### 15 तक कब्जे से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करें

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ददाहू कृषि उपज मंडी समिति की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर चल रही कार्रवाई में फिलहाल कुछ नरमी बरती गई है। मंडी चेयरपर्सन सीताराम शर्मा ने स्पष्ट किया कि कब्जाधारियों को 15 जुलाई तक का समय और दिया गया है, ताकि वे कब्जे से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। कई दुकानदारों का कहना है कि उन्हें 70 के दशक में जलाल नदी में आई आपदा के बाद उसी जगह बसाया गया था। उनका कहना है कि सरकारी दस्तावेज पुरानी तारीखों के हैं, जिन्हें जुटाने में वक्त लग रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि समय रहते सभी प्रमाण प्रस्तुत कर दिए जाएंगे। एपीएमसी चेयरपर्सन ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना करते हुए ही यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 6 बीघा जमीन की पैमाइश रेवेन्यू विभाग से करवाने पर अतिक्रमण का पता चला। कुछ कब्जाधारियों ने दस्तावेज पहले ही जमा कर दिए हैं। चेयरपर्सन ने दो टूक कहा कि जो लोग निर्धारित समय तक अपने वैध दस्तावेज जमा नहीं कर पाएंगे, उनके बिजली-पानी कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### हर्षवर्धन चौहान आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 8, 9 और 10 जुलाई को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि उद्योग मंत्री 8 जुलाई को दोपहर 1 बजे लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह शिलाई में जन समस्याएं सुनेंगे। 9 जुलाई को प्रातः 11 बजे पनोग में बिजली उपमंडल भवन का उद्घाटन करने के उपरांत क्षेत्र वासियों की समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उद्योग मंत्री 10 जुलाई को जाखना और पांवटा साहिब में लोगों की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका समाधान करेंगे।

### चायल स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता आज

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल अपने गौरवमयी इतिहास के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्रधानाचार्य वीके गंगवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यालय के पूर्व छात्र अनुक्रमांक 1464 कैप्टन जीएस सलारिया परमवीर चक्र की स्मृति को समर्पित किया गया है। प्रतियोगिता में देश के सभी पांचों राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल। इसमें राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर, बेंगलुरु, धोलपुर, बेलगवी के साथ सोलन एवं शिमला के प्रमुख शिक्षण संस्थान आर्मी पब्लिक स्कूल डगशाई, सेंट ल्यूक स्कूल सोलन, पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर, सुबाथु, गुरुकुल इंटरनेश्नल सिनियर सेकेंडरी स्कूल एवं दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र भाग लेंगे।

### नर्सिंग कॉलेज नाहन की छात्राएं बनीं नर्सिंग ऑफिसर



**अनंत ज्ञान, नाहन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज नाहन की 2019-2023 बैच की चार छात्राएं देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एआईआईएमएस दिल्ली और बठिंडा में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर चयनित हुई हैं। इसमें प्रीति शर्मा, शालिनी ठाकुर, साक्षी और उजमा शामिल हैं। यह सफलता कॉलेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और समर्पित शिक्षण प्रणाली का जीवंत प्रमाण है। चेयरमैन अनिल जैन का कहना है कि हमारा उद्देश्य केवल नर्स तैयार करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवा में करुणामयी नेतृत्व पैदा करना है। उन्होंने कहा कि माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रत्येक छात्रा को ज्ञान, कौशल और व्यावहारिक अनुभव से परिपूर्ण संपूर्ण यात्रा प्रदान करता है। संस्था के जनरल सेक्रेटरी सचिन जैन ने बताया कि हम अपनी छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्वित हैं। एम्स दिल्ली तक उनका यह सफर हमारी शिक्षण गुणवत्ता, अनुशासन और मूल्यों की गवाही देता है। वहीं, प्रिंसिपल रिजी गीवरघीस का कहना है कि कॉलेज में क्लिनिकल प्रशिक्षण के साथ सरकारी मेडिकल कॉलेजों व प्रमुख सुपर-मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों में स्मार्ट क्लासरूम व अत्याधुनिक नर्सिंग लैब्स, योग्य, अनुभवी और सहयोगी फैकल्टी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार परिणाम व प्लेसमेंट में सहायक हो रहे हैं।

### सोलन की धरती में प्रतिभा की कोई कमी नहीं : भारती

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खेलों के प्रति बच्चों और युवाओं में बढ़ते उत्साह को देखते हुए सोलन में अब खेल अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास तेज हो रहे हैं। नगर के युवाओं ने न केवल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। सोलन की धरती से कई खिलाड़ी ओलंपिक जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं तक पहुंच चुके हैं। इन सफल खिलाड़ियों को देखकर आज की युवा पीढ़ी भी खेलों की ओर तीव्रता से आकर्षित हो रही है। इसे ध्यान में रखते हुए इंडोर क्रिकेट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन तरसेम भारती ने सोलन शहर में इंडोर और आउटडोर क्रिकेट स्टेडियम तथा अन्य खेलों के लिए बहुउद्देशीय स्टेडियम विकसित करने का प्रस्ताव रखा है। भारती ने कहा कि सोलन की धरती में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है तो बस उन्हें उचित दिशा और खेलों से जुड़ी मूलभूत सुविधाएं देने की।

### धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए जत्था रवाना

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** अमरनाथ यात्रा के लिए पांवटा साहिब से यात्रियों का जत्था रवाना हो गया है। ये यात्रा स्वर्गीय श्यामलाल गर्ग को श्रद्धांजलि स्वरूप है। यात्रा प्रभारी सतीश पांडे और संजीव कटारिया ने बताया कि ये यात्रा पांवटा साहिब मेन बाजार से कटाशन देवी, त्रिलोकपुर, मनसा देवी, शिव खोड़ी, वैष्णो देवी, कश्मीर, नौ दुर्गा माता, खीर भवानी और शालीमार मंदिर और माता वैष्णो देवी आदि सभी के दर्शन कराते जाएंगे। 3 जुलाई से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा में पहला जत्था रवाना हो चुका है। ये यात्रा शिवभक्तों के लिए आस्था का प्रतीक मानी जाती है, जो अमरनाथ गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन के लिए होती है। अमरनाथ यात्रा 2025 की शुरुआत 3 जुलाई से हो चुकी है और पहले जत्थे के साथ श्रद्धालुओं का कारवां इस पवित्र तीर्थ की ओर रवाना हो गया है। यह यात्रा 38 दिनों तक चलेगी और रक्षाबंधन के दिन, 9 अगस्त को संपन्न होगी।

### ठाकुर सेन पर मंत्री की बयानबाजी शर्मनाक : भीष्म

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** ठाकुर सेन नेगी स्मारक समिति के अध्यक्ष भीष्म सिंह नेगी ने रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि किन्नौर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने हालही में आयोजित एक कार्यक्रम में जिले के पूर्व विधायक एवं पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्वर्गीय ठाकुर सेन नेगी पर टिप्पणी करते हुए किन्नौर को जिला बनाने में उनका नहीं, बल्कि कांग्रेस का हाथ बताते हुए बयानबाजी की थी, जो सरासर गलत व तथ्यहीन है। भीष्म नेगी ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी जब राजनीति का पाठ तक नहीं जानते थे, तब ठाकुर सेन भारतीय प्रशासनिक सेवाओं से मुक्त होकर राजनीति में कदम रख चुके थे।

# ग्रामीणों की सुविधा के लिए निर्मित किए जा रहे बहुउद्देशीय पंचायत भवन : डॉ. शांडिल

## नगाली में 65 लाख रुपए से निर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार 'बहुउद्देशीय' पंचायत भवनों का निर्माण कर रही है, ताकि ग्रामीणों को एक ही परिसर में अपना कार्य करवाने की सुविधा मिल सके।

स्वास्थ्य मंत्री सोलन के कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत नगाली में 65 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करने के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही क्षेत्र के विकास की रूपरेखा बनती है और सभी के सहयोग से चहुंमुखी विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलजुलकर क्षेत्र के विकास में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भवन पंचायत के कार्यों को प्रभावी बनाएगा और ग्रामीणों को सुविधाजनक सेवाएं प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगा। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुविधाएं सृजत कर रही है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र में विकास में सहयोगी बनें और नशे जैसी सामाजिक बुराई से सभी को बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आग्रह किया, ताकि इस दिशा में जन-जन को जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास करवा रही है। उन्होंने कहा कि सोलन विधानसभा क्षेत्र के कंडाघाट में लगभग 16 करोड़ रुपए से नागरिक अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, सोलन में 100 करोड़ रुपए से बहुद्देशीय अस्पताल का निर्माण भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर 5वीं तथा 8वीं कक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को अपनी ऐच्छिक निधि से 5100 रुपए देने की घोषणा भी की। स्वास्थ्य मंत्री ने इससे पूर्व चायल स्थित नागरिक अस्पताल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही नागरिक अस्पताल चायल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा आरंभ हो जाएगी और अस्पताल में चिकित्सकों और स्टाफ नर्सों के रिक्त पद चरणबद्ध तरीके से भरे जाएंगे।



नगाली में नवनिर्मित बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करते स्वास्थ्य मंत्री।

# सोलन में खेल अधोसंरचना को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



खेल अधोसंरचना को लेकर ज्ञापन सौंपता संघ का प्रतिनिधिमंडल।

एम्पावरमेंट एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन सोलन के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. राजेश कश्यप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी मनमोहन सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सोलन जिले में युवाओं के लिए खेल अधोसंरचना में सुधार की दिशा में तीन महत्वपूर्ण मांगें रखी।

इसमें मुख्यत: युवाओं के लिए एक उपयुक्त खेल मैदान की आवश्यकता है। इसके लिए सब्जी मंडी सोलन के पास भूमि आवंटित की जाए। इसी तरह ठोडो ग्राउंड के समीप स्थित अधूरे इंडोर स्टेडियम का कार्य दोबारा आरंभ किया जाए। साथ ही ठोडो ग्राउंड में गैर-खेल गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास के लिए स्थान मिल सके। डॉ. कश्यप ने डीसी को अवगत कराया कि वर्तमान में सोलन में खेल अधोसंरचना की कमी के कारण अनेक प्रतिभाशाली युवा अवसरों से वंचित रह जाते हैं। मैदानों की अनुपलब्धता के कारण उन्हें अभ्यास रोकना पड़ता है या फिर अन्य स्थानों पर जाना पड़ता है।

डीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सोलन में खेल गतिविधियों के लिए भूमि का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा एवं इंडोर स्टेडियम परियोजना को पुनः आरंभ करने के लिए संबंधित विभागों से चर्चा की जाएगी। इस प्रतिनिधिमंडल में एमआर पूरी (क्रिकेट संघ) अजय सिंह कंवर, (क्रिकेट) शेर सिंह (फुटबॉल एवं एथलेटिक्स संघ) मंगलेश्वर (हॉकी संघ)तिलक राज (किक बॉक्सिंग) आदि मौजूद रहे।

# कंडाघाट में दुकानदार पर हमले का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कंडाघाट निवासी अजय सिंह ने पुलिस थाना कंडाघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 20 सितंबर, 2024 को शाम के समय जब यह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तो उसी समय विन्देश उर्फ सन्नी इनकी दुकान पर आया, जिसने अपने हाथ में डंडा उठा रखा था व इसे धमकाने लगा कि दुकान के बाहर सामान नहीं लगाना है और बहसबाजी करने लगा।

उसके बाद यह एक दम से दुकान के अंदर घुसा व अंदर से इनकी दुकान का सामान बाहर फेंकने लगा, जब यह उसे समझाने लगा तो उसने इनके साथ डंडे से मारपीट की, जिससे इन्हें काफी चोटे आईं। इस पर पुलिस थाना कंडाघाट में उपरोक्त अभियोग दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान मारपीट में प्रयुक्त डंडे को बरामद करके पुलिस ने कब्जे में लिया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर पुलिस की ओर से गहनता से विश्लेषण करके मामले में संलिप्त आरोपी विन्देश को अन्वेषण में शामिल होने के लिए बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार नोटिस जारी किए गये थे, लेकिन वह उक्त नोटिसों को नहीं लेता था व न ही अन्वेषण में शामिल होता था, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट द्वारा इस आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी करवाया गया था, जिस पर थाना कंडाघाट की पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। जांच के दौरान पाया गया कि यह आरोपी लोगों से लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज व अभद्रता करने का आदी है। मामले में जांच जारी है।

## नेगी ने विकास कार्यों पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

# आपदा प्रबंधन की तैयारियों को रखें पूर्ण

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**



जगत सिंह नेगी विकास कार्यों पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय जिला किन्नौर के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में समस्त विभागाध्यक्षों के साथ जिले में चल रहे विभिन्न विकासात्मक निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राजस्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय जिला किन्नौर में विभिन्न विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं और इनके सफल कार्यान्वयन के लिए आवश्यक है कि संबंधित विभाग पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य संभव हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं, ताकि जिले में अधोसंरचना विकास को गति मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने जिले में चल रहे निगुलसरी वैकल्पिक सड़क मार्ग के कार्य का अद्यतन ब्यौरा मांगा और संबंधित विभाग को सड़क निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला किन्नौर में अवैध खनन, अवैध डंपिंग व अवैध स्टोन क्रशर पर पूर्ण रोक लगाने के लिए वन विभाग को आवश्यक कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मानसून सीज़न के मद्देनजर आपदा प्रबंधन की सभी तैयारियों को पूर्ण रखने के निर्देश दिए, ताकि आपदा की स्थिति में तुरंत प्रभावितों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और जान-माल के नुकसान को कम किया जा सके।

# टिक्करी में कच्ची शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस चौकी हरिपुरधार की टीम ने गश्त के दौरान टिक्करी गांव में एक व्यक्ति के टीन शेड से अवैध रूप से रखी गई कच्ची शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस टीम को गश्त के दौरान विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि गांव टिक्करी (डाकघर कोरग, तहसील संगड़ाह, जिला सिरमौर) निवासी दयाल सिंह अपने घर के साथ बने टीन शेड में अवैध शराब रखता है और बेचता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने टीन शेड की तलाशी ली, जिसमें से 5 लीटर कशीदशुदा अवैध शराब बरामद की। आरोपी मौके पर मौजूद था और शराब बेचने की कोशिश में था। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की। आरोपी दयाल सिंह के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है और पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी शराब की आपूर्ति कहां से करता था और इसका नेटवर्क कितना फैला हुआ है।

# तुलसी के 2500 पौधे वितरित किए

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत विकास परिषद सोलन शाखा की ओर से संरक्षण पर्यावरण एवं आयुर्वेदिक जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष तुलसी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर लगभग 2500 तुलसी के पौधे निशुल्क वितरित किए गए। तुलसी का पौधा न केवल औषधीय गुणों से भरपूर है, बल्कि यह हमारे घरों में सकारात्मक ऊर्जा एवं वातावरण को शुद्ध करने का कार्य भी करता है। कार्यक्रम में राम तुलसी एवं श्याम तुलसी दोनों प्रकार की तुलसी वितरित की गईं। यह आयोजन भारत विकास परिषद, सोलन शाखा द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष अशोक टंडन, सोलन शाखा सचिव कमल किशोर शर्मा, पूर्व शाखा अध्यक्ष कर्नल अरुण कैंथला, प्रांत संयोजक (पर्यावरण) डॉ. मुकेश प्रभाकर, शाखा कोषाध्यक्षा डॉ. रजनी प्रभाकर, नरेश गुप्ता, दीपांजली शर्मा, डॉ. सुधा गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, प्रदीप ममगई, एसके वर्मा आदि कुछ नए सदस्य भी सम्मिलित हुए। यह जानकारी सोलन शाखा के मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता ने दी।

# शलेच गांव में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले के पझौता क्षेत्र के शलेच गांव में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेरा युवा भारत सिरमौर ने युवा मंडलों के सहयोग से इस अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और विचारों पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

इसमें स्थानीय युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में युवाओं के लिए भाषण प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और स्केच मेकिंग जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य युवाओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से अवगत कराना और उनमें राष्ट्र प्रेम की भावना जगाना था। भाषण प्रतियोगिता में शलोगनी गांव की हिना ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, शाया गांव की गुंजन शर्मा द्वितीय और डिब्बर गांव की अंजलि तृतीय रहीं। इसके बाद आयोजित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में युवा मंडल चंदोल के चेतन ने अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय देते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि बांगी के नीरज ने द्वितीय और युवा मंडल द्राबला के चिराग ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया।




मेरा युवा भारत सिरमौर की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे युवा।

## रेणुका में भाजपा को बड़ा झटका देकर 5 परिवार कांग्रेस में शामिल

# केंद्र ने की हिमाचल के विकास की अनदेखी : विनय

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायतीराज चुनावों से पहले सियासी पारा चढ़ने लगा है।

इसी कड़ी में, श्री रेणुका विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को एक बड़ा झटका लगा है। गवाही पंचायत के पांच प्रमुख परिवारों ने भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का ऐलान किया। इन परिवारों ने भाजपा की कार्यप्रणाली से नाराजगी जताते हुए यह कदम उठाया। यह घटनाक्रम डिप्टी स्पीकर विनय कुमार के निजी आवास प्रेम भवन खेगुआ में हुआ, जहां गवाही पंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की। ग्राम पंचायत गवाही के उपप्रधान लखबीर सिंह अत्री सहित जोगिंदर अत्री, पवन अत्री, सुखदेव अत्री और सुशील अत्री ने विधिवत रूप से कांग्रेस का हाथ थामा। इस अवसर पर डिप्टी स्पीकर विनय कुमार ने सभी नए सदस्यों का माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में सभी को उचित मान-सम्मान दिया जाएगा। विनय कुमार ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल के विकास की लगातार अनदेखी की है। प्रदेश की जनता इस उपेक्षा का जवाब जरूर देगी। इस दौरान रेणुका जी कांग्रेस के मंडल महासचिव मित्तर सिंह तोमर, पंचायत समिति संगड़ाह के अध्यक्ष तेजेंद्र कमल, सुशील कमल और युवा कांग्रेस नेता करणजीत अत्री सहित बोगधार जोन के कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। बरहाल इन परिवारों के कांग्रेस में शामिल होने से रेणुका विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है, जबकि भाजपा के लिए यह एक चिंता का विषय बन सकता है।



भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए सदस्यों का स्वागत करते विस उपाध्यक्ष विनय कुमार।

**आयोजन** स्वामी निश्चलानंद ने शूलिनी में चल रहे वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट में मीडिया को किया संबोधित

# योग से आध्यात्मिक स्थिरता व वैश्विक शांति संभव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) के स्वामी निश्चलानंद ने कहा, आध्यात्मिकता और योग आंतरिक स्थिरता लाते हैं और दिव्य ऊर्जा को जागृत करते हैं, जो एक स्वस्थ और अधिक सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं।

वे शूलिनी विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट के दूसरे दिन मीडिया को संबोधित कर रहे थे। स्वामी निश्चलानंद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया की स्थापना 1917 में परमहंस योगानंद ने योग और आध्यात्मिकता की शिक्षाओं को वैश्विक स्तर पर फैलाने के लिए की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आने वाली पीढ़ियां भी इस गहन ज्ञान से लाभान्वित हों। स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी चैतन्यानंद और स्वामी निश्चलानंद ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अपने गहन मार्गदर्शन के साथ आध्यात्मिक सत्रों का नेतृत्व किया। शूलिनी में रिट्रीट में युवाओं की उल्लेखनीय प्रतिक्रिया के साथ भारी भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर बोलते हुए स्वामी निश्चलानंद ने कहा, आज के युवा आध्यात्मिक रिट्रीट में बढ़ती रुचि दिखा रहे हैं, जो वास्तव में उत्साहजनक है। सोलन में, 350 से अधिक प्रतिभागी रिट्रीट में शामिल हुए, जिनमें से लगभग 30 फीसदी युवा थे। उन्होंने आगे जोर दिया कि इस तरह के रिट्रीट बेचैन आधुनिक मन को शांत करने में शक्तिशाली साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा, योग के माध्यम से, कोई भी व्यक्ति सच्ची खुशी, बिना शर्त प्यार और आंतरिक शांति का अनुभव कर सकता है। शूलिनी विवि के चांसलर और योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) के लंबे समय से भक्त प्रो. पीके खोसला ने विश्वविद्यालय परिसर में आध्यात्मिक रिट्रीट की मेजबानी करने के अवसर के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रो. खोसला ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर और परमहंस योगानंद के आजीवन भक्त के रूप में, हमारे परिसर में वाईएसएस परिवार का स्वागत करना मेरे लिए बहुत गर्व और आध्यात्मिक संतुष्टि की बात है। वाईएसएस की शिक्षाओं ने मुझे व्यक्तिगत रूप से आंतरिक शांति और स्थिरता की ओर निर्देशित किया है और मेरा मानना है कि इस तरह के रिट्रीट हमारे युवाओं और समाज में बहुत जरूरी सकारात्मकता, स्पष्टता और उच्च चेतना लाते हैं। प्रो. खोसला ने कहा कि शूलिनी विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक उत्कृष्टता, बल्कि समग्र विकास के पोषण के लिए प्रतिबद्ध है। आध्यात्मिक रिट्रीट का अंतिम दिन क्रिया योग दीक्षा समारोह के साथ संपन्न हुआ, जो वाईएसएस द्वारा सिखाई गई उन्नत ध्यान तकनीक में एक पवित्र दीक्षा है, जिन लोगों ने अभी तक क्रिया दीक्षा प्राप्त नहीं की है, उनके लिए एक ज्ञानवर्धक वीडियो सत्र आयोजित किया गया। इसमें क्रिया योग के दर्शन और लाभों का परिचय दिया गया।



शूलिनी में चल रहे वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) के स्वामी निश्चलानंद व अन्य।

# धनराशि के अभाव में बिजली डिवीजन अर्की के भवन का निर्माण लंबित

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** सरकार को सबसे ज्यादा कमाई देने वाला बिजली बोर्ड का अर्की स्थित कार्यालय निजी भवन में चल रहा है।

अर्की में बिजली बोर्ड आज तक अपना भवन नहीं बना पाया है। बोर्ड निजी भवन मालिकों को इतना किराया अदा कर चुका है कि यदि उस राशि को देखा जाए, तो आज बिजली बोर्ड के अपने भवन का निर्माण हो सकता था और एक सब डिवीजन कार्यालय है। साथ ही अर्की डिवीजन के अंतर्गत सब डिवीजन दाड़लाघाट, सब डिवीजन कुनिहार भी आते हैं, लेकिन आज तक यह सभी कार्यालय किराये के निजी भवनों में चल रहे है। केवल बिजली डिविजन अर्की के भवन का किराया 43,395 हजार रुपए व सब डिवीजन अर्की का किराया 5854 रुपए मासिक अदा किया जा रहा है। इसके अलावा भूमति सब डिवीजन का 10,637 हजार रुपए मासिक, दाड़लाघाट सब डिवीजन का 33,844 हजार रुपए मासिक व कुनिहार सब डिविजन का 34,436 हजार रुपए मासिक किराया निजी भवन मालिकों को अदा किया जा रहा है यदि इस मासिक किराये की पूरी राशि को जोड़ा जाए, तो यह 12,6,166 लाख रुपए केवल मासिक बनती है। एक वर्ष की कुल योग 1,513,992 करोड़ रुपए बनती है, जो कि विभाग द्वारा निजी भवन मालिकों को अदा की जा रही है यदि देखा जाए तो 1,513,992 करोड़ की राशि से बिजली विभाग अपने स्वयं के डिवीजन व सब डिवीजन के भवन निर्माण कर सकता है, जबकि बिजली डिवीजन अर्की के भवन निर्माण के लिए बीएसएनएल कार्यालय के समीप 2008 में भूमि भी आवंटित है, लेकिन आज दिन तक पूर्व के या वर्तमान के सत्तासीन होने वाले किसी भी दल के बिजली मंत्री या विभाग के आला अधिकारी ने इस बारे में नहीं सोचा। लोक निर्माण विभाग व जलशक्ति विभाग के पास अपने भवन हैं। स्थानीय लोगों का तो यहां तक कहना है कि इस तरह सरकारी विभागों को निजी भवन में खुलवाना एक तरह से राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा अपने चेहतों को आर्थिक लाभ पहुंचाना भी हो सकता है।

> **भवन** निर्माण के लिए 2008 में भूमि आवंटित हो चुकी है, लेकिन आज तक धन की उपलब्धता न होने के कारण भवन निर्माण प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।
> **संदीप कुमार, अधिशाषी अभियंता बिजली उपमंडल अर्की।**

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशासन ने जनसुनवाई के लिए प्रयास किए तेज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयास में, चंडीगढ़ प्रशासन ने मार्च 2024 से बुधवार को विशेष रूप से सार्वजनिक सहभागिता के लिए आरक्षित किया है। हाल ही में पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने के एक ठोस प्रयास में, यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने सार्वजनिक संपर्क और शिकायत निवारण के मौजूदा तंत्र की समीक्षा करने के लिए शहर भर के विभिन्न कार्यालयों का दौरा किया। इस प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, प्रशासक यूटी चंडीगढ़ ने निर्देश दिया है कि आयुक्त, नगर निगम; उपायुक्त; और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, चंडीगढ़, सप्ताह में तीन बार - प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक नियमित रूप से सार्वजनिक सुनवाई करेंगे। ये समर्पित सत्र निवासियों को अपनी चिंताओं को व्यक्त करने, प्रतिनिधित्व प्रस्तुत करने और मुद्दों का समय पर समाधान प्राप्त करने के लिए एक सुलभ मंच प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, संयुक्त कार्रवाई की आवश्यकता वाले मामलों के समन्वित निवारण की सुविधा के लिए, उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित उपायुक्त कार्यालय में एक संयुक्त सार्वजनिक सुनवाई करेंगे। इसके अलावा यह भी निर्देश दिया गया है कि निर्दिष्ट सार्वजनिक सुनवाई के घंटों के दौरान, इन कार्यालयों द्वारा कोई आधिकारिक बैठक निर्धारित नहीं की जाएगी।

### एनजीओ ने बच्चों में बांटी फर्स्ट एड किट्स



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए आज का दिन बेहद खास रहा। एनजीओ 'शिक्षा सबके लिए' ने सेक्टर 17 में आर बी आई के साथ बने अंडर पास में बच्चों में फर्स्टएड किट्स वितरित की। लगभग 80 जरूरतमंद को यह किट्स बांटी गईं। किट बॉक्स में क्रोसिन टेबलेट, थर्मामीटर, पट्टी, टिशू पेपर, डेटॉल और क्रेप बैंडेज थी। एन जी ओ के सायरा चहल, हिताक्षी, उदयवीर और लावण्या ने यह फर्स्ट एड किट्स बांटी। उदयवीर सिंह ने बताया कि वो अभी सभी युवा हैं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए हम सब ने मिलकर कुछ करने की सोची। कई पहलुओं पर चर्चा करने के बाद यह तय किया गया कि शिक्षा सबके लिए अहम है और शिक्षा सब का अधिकार है। गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों आर्थिक मजबूरी के चलते इससे वंचित रह जाते हैं। इसी को देखते हुए सेक्टर 17 में गरीब बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा किट दान की गई हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी वो इन जरूरतमंद बच्चों में किताबें दान कर चुके हैं। वो ऐसे बच्चों के लिए ट्यूटर का भी बंदोबस्त कर रहे हैं, ताकि इन्हें इनके घर के नजदीक ही शिक्षा प्रदान किया जा सके।

### भांजे के साथ किराये पर रह रहे मामा की हत्या

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** मानेसर में अपने भांजे के साथ किराये के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति के सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गई। सोमवार को हुई इस हत्या में सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचा दिया। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि हत्या के आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार बद्रीनाथ नामक व्यक्ति मानेसर क्षेत्र के गांव नाहरपुर कासन में अपने भांजे के साथ रहता था। वह मूलरूप से बिशनपुर गौंडा उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसका भांजा वारदात के समय घर से बाहर था। इसी बीच बद्रीनाथ की हत्या की गई। पुलिस ने इस हत्याकांड में भांजे से पूछताछ की है। पता चला है कि बद्रीनाथ व उसके मामा के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। पुलिस को शक है कि कहीं उसके मामा ने ही तो इस हत्याकांड को अंजाम नहीं दिया।

# घरौंडा हलके को मिली करोड़ों की सौगात

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

घरौंडा हलके में निरंतर विकासकार्यों की झड़ी लगी हुई है। हलके को नित नई-नई परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सोमवार को 2 करोड़ 12 लाख रुपए की चार विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। गांव डबरकी पार (जम्मुखाला) और सुभरी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां विकास परियोजनाओं कि शिलान्यास किया गया। गांव सुभरी और डबरकी पार (जम्मुखाला) के लोगों ने मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण का पुष्प गुच्छ भेंट करके स्वागत किया। उन्होंने डबरकी पार (जम्मुखाला) में नगर खेड़ा से यमुना बांध तक रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। लंबे इस रास्ते के निर्माण पर 1 करोड़ 19 लाख रुपये खर्च होंगे। पंचायती राज विभाग की ओर से बनवाए जाने वाले इस रास्ते का निर्माण कार्य एक साल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने जम्मुखला/डबरकी गांव में 65 लाख रुपए की लागत

**हरविंद्र ने 2 करोड़ 12 लाख की परियोजनाओं का किया शिलान्यास**

से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी शिलान्यास किया। इसमें हॉल, शौचालय, चार दीवारी आदि का निर्माण कराया जाएगा। कार्य एक साल के अंदर पूरा किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने करनाल के शुगर मिल के अतिथि गृह में कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों से रूबरू होकर कई तरह की नई समस्याओं का पता चलता है और उनके निवारण के लिए यथासंभव कदम उठाए जाते हैं। कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया जाता है। एक सवाल पर कहा कि जिला में संभावित बाढ़ से बचाव के लिए यमुना के तटबंधों को मजबूत किया गया है। उन्होंने खुद गत दिनों यमुना बांध का दौरा कर कराए जा रहे कार्यों का जायजा लिया था।

## अधूरे पड़े कार्यों में आएगी तेजी, जल्द होंगे पूरे

**विधानसभा** अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हलके में रिंग रोड और मेडिकल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य जारी है। मेडिकल यूनिवर्सिटी आरंभ होने से न केवल यहां लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। रिंग रोड बनने से क्षेत्र में बड़ी कंपनियां आएंगी और रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। उन्होंने बताया कि सुभरी गांव में एससी वर्ग के लिए चौपाल मंजूर हो चुकी है। इस पर 15 लाख रुपए की लागत आएगी। पिछली प्लान के अधूरे कार्यों का तेजी से पूरा कराया जा रहा है। उस समय कोरोना के कारण विकास कार्य प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों के लिए उनके द्वार 24 घंटे खुले हैं।

## गांव सुभरी में दो परियोजनाओं का किया शिलान्यास

विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने सुभरी गांव में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी की चारदीवारी और एसएचजी की महिलाओं के लिए हॉल का भी शिलान्यास किया। इन पर क्रमशः बीस और आठ लाख रुपए की लागत आएगी। दोनों का निर्माण कार्य तीन महीने में पूरा किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि हलके के हर गांव में महिलाओं के लिए अलग चौपाल/भवन बने। कई गांवों में ये बनाए जा चुके हैं। दिसंबर 2026 तक हर गांव में महिला चौपाल बनवा दी जाएंगी। इससे महिलाओं को बैठक कर विभिन्न विषयों पर चर्चा करने की सुविधा हासिल हो सकेगी। सरकार मातृ शक्ति की आमदन बढ़ाने के प्रति गंभीर है। स्वयं सहायता समूह (एसएसजी) की महिलाओं के लिए घरौंडा में 3 करोड़ से बनने वाले ट्रेनिंग सेंटर का निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है। इसके लिए 1 एकड़ जमीन पंचायत से ली गई थी। यह प्रशिक्षण संस्थान डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद यहां एसएचजी की महिलाएं अपने उत्पादों के लिए बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। बाजार की मांग अनुसार तैयार किए जाने वाले उत्पादों से उनकी आय में इजाफा होगा।

## 'कला और आत्मनिर्भरता' कार्यशाला का एमसीएम कॉलेज में हुआ समापन



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग ने एनएसएस इकाइयों एवं नगर निगम, चंडीगढ़ के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला 'कला और आत्मनिर्भरता' का समापन समारोह आयोजित किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गृह विज्ञान के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना था। इसमें 18 से 52 वर्ष की आयु वर्ग के विभिन्न पृष्ठभूमियों से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर चंडीगढ़ के डिप्टी मेयर जसवीर सिंह बंटी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं को कौशल-आधारित शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के कॉलेज के प्रयासों की सराहना की।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया, जिनमें टाई एंड डाई, ब्लॉक प्रिंटिंग, फैब्रिक पेंटिंग, असॉर्टेड चॉकलेट्स, हेल्दी केक एवं मफिन, और कुकीज तथा बिस्किट बनाना शामिल था। ये प्रशिक्षण सत्र पोषण विशेषज्ञ डॉ. हरजोत कौर मान एवं वस्त्र विशेषज्ञ डॉ. रति अरोड़ा द्वारा संचालित किए गए। विशेषज्ञों ने न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया, बल्कि प्रतिभागियों को आरंभिक निवेश, लागत विश्लेषण और मार्जिन जैसी व्यावसायिक पहलुओं की जानकारी भी दी, ताकि वे अपने कौशल को लाभकारी व्यावसायिक अवसरों में परिवर्तित कर सकें।

कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और कॉलेज की इस प्रतिबद्धता को दोहराया कि वह रचनात्मकता, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व के समन्वय से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली शिक्षा प्रदान करता रहेगा।

## एमसीसी ने इलेक्ट्रिकल पोल्स की मरम्मत का कार्य किया तेज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ नगर निगम ने बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरे शहर में खुले जंक्शन बॉक्स, पेडस्टल और केबल जॉइंट्स को कवर करने के लिए सभी फील्ड स्टाफ को सक्रिय रूप से तैनात किया है। नागरिकों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए बिजली के खंभों और बॉक्सों पर चेतावनी संकेतों के साथ सावधानी स्टिकर भी चिपकाए जा रहे हैं।

नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि सभी खुले और खतरनाक बिजली के बिंदुओं को ठीक से ढक कर सुरक्षित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सतर्क रहें और इन इंस्टॉलेशनों की समय-समय पर निगरानी और देखभाल सुनिश्चित करें। आयुक्त ने सभी निवासियों से सतर्क रहने और सहयोग करते हुए किसी भी खुले या क्षतिग्रस्त विद्युत बिंदु की जानकारी तुरंत एमसीसी हेल्पलाइन पर देने की अपील की है, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## स्वच्छता सरकार व समाज की जिम्मेदारी : विपुल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वच्छता को लेकर देश में चल रहे प्रयासों ने आज एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले लिया है। एक समय था जब स्वच्छता पर सार्वजनिक मंचों से चर्चा नहीं होती थी, लेकिन वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता का आह्वान कर पूरे देश को एक नई दिशा दी।

सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नागरिकों को जागरूक करने के लिए आज फरीदाबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के स्थानीय शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर और महापौर प्रवीण जोशी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ की शपथ के साथ की गई। विपुल गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के सपने को साकार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत देश और प्रदेश भर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण और शहरी दो३नों क्षेत्रों में स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह अभियान प्रदेश के कोने-कोने में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब हम अपने घर को साफ रखते हैं, तो उसी भावना से अपने आस-पड़ोस को भी स्वच्छ रखना चाहिए। तभी हमारा प्रदेश और देश स्वस्थ और सशक्त बन पाएगा। खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि फरीदाबाद शहर आज लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है और राज्य के प्रमुख औद्योगिक व शहरी केंद्र के रूप में अपनी एक नई पहचान बना रहा है।

## अवैध रूप से खड़ी प्राइवेट बसों को हटाने के आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सार्वजनिक स्थानों को फिर से प्राप्त करने के उद्देश्य से, चंडीगढ़ नगर निगम एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से खड़ी निजी बसों को हटाया जाएगा। इस संबंध में आदेश आईएएस अधिकारी अमित कुमार, आयुक्त, नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा जारी किए गए हैं। उन्होंने प्रवर्तन टीम और इंजीनियरिंग विंग को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक भूमि का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए और इसे केवल निर्धारित नागरिक उपयोग के लिए ही संरक्षित रखा जाना चाहिए।

उन्होंने भवन एवं सड़क (बीएंडआर) विंग के संबंधित इंजीनियरों को निर्देश दिए कि वे सभी निजी बस ऑपरेटरों को हल्लोमाजरा स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल पर अपने वाहन स्थानांतरित करने के लिए नोटिस जारी करने की संभावना पर विचार करें। इसके अतिरिक्त, हल्लोमाजरा में एक सशुल्क पार्किंग प्रणाली लागू करने की योजना भी तैयार की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल निजी बसों के लिए एक संगठित पार्किंग समाधान प्रदान करना है, बल्कि नगर निगम के लिए राजस्व भी उत्पन्न करना है।

### इराकी गुफा में तुर्किये के तीन सैनिकों की मौत

**एजेंसी, अंकारा।** तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि उत्तरी इराक में एक गुफा खोज अभियान के बाद मीथेन गैस के संपर्क में आने से तीन और सैनिकों की मौत हो गई है, जिससे मरने वालों की संख्या आठ हो गई है। तुर्किये के सैनिक कुर्दिश आतंकवादियों द्वारा कुछ साल पहले मारे गए एक साथी सैनिक के अवशेषों की तलाश कर रहे थे। मंत्रालय के अनुसार, सैनिक एक पहाड़ी गुफा में अवशेषों की खोज कर रहे थे, जब उनमें से 19 सैनिक गैस के संपर्क में आए। रविवार को पांच सैनिकों की मौत हो गई और तीन और सैनिकों ने सोमवार को दम तोड़ दिया। तुर्किये सरकार ने कहा कि यह घटना क्लॉ-लॉक ऑपरेशन क्षेत्र में हुई थी- जो अप्रैल 2022 में उत्तरी इराक में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन का संदर्भ है। तुर्किये और पीकेके के बीच 40 साल संघर्ष चला जो अक्सर इराक और सीरिया तक फैल गया। अब पीकेके ने आत्मसमर्पण कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### पाक में अर्धसैनिक बल के तीन कर्मियों की हत्या

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** दहशतगर्दों के पनाहगाह पड़ोसी देश पाकिस्तान उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तानी तालिबान से जुड़े आतंकवादियों ने तीन अर्धसैनिक बल कर्मियों की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आतंकियों ने कथित तौर पर मारे गए अर्धसैनिक को दो दिनों तक बंधक बनाकर रखा। पुलिस के मुताबिक देश में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के शाहजैब बेट्टानी समूह के आतंकवादियों ने दो दिन पहले टैंक जिले में फ्रंटियर कोर के इन कर्मियों का अपहरण कर लिया था। एक यात्री वाहन से अगवा किए गए तीनों निहत्थे कर्मियों के शव लक्की मरवत जिले के पेजू बयाना इलाके के पहाड़ी क्षेत्र से बरामद किए गए। (अनंत ज्ञान)

### मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग अपरिवर्तित बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक या 0.01 प्रतिशत बढ़कर 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक 83,516.82 के उच्च और 83,262.23 के निम्न स्तर के बीच घूमता रहा। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 0.30 अंक या 0 प्रतिशत बढ़कर 25,461.30 अंक पर पहुंच गया। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर चिंताओं के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। 9 जुलाई को भारत समेत दर्जनों देशों पर लगाए गए ट्रंप टैरिफ की 90 दिन की निलंबन अवधि खत्म हो रही है। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# अमीरों को और अमीर बना रही केंद्र की मोदी सरकार : राहुल

### शेयर सूचकांकों में हेराफेरी पर सरकार को लिया आड़े हाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शेयर सूचकांकों में कथित रूप से हेराफेरी करने के मामले में सेबी की कार्रवाई के बाद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार को घेरा है। राहुल गांधी ने का कि शेयर बाजार में बड़े खिलाड़ी हेरफेर कर रहे हैं और सरकार चुप्पी साधे है। इससे साफ है कि सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है, जबकि आम निवेशकों को बर्बादी के कगार पर धकेल रही है। बता दें कि सेबी ने हाल ही में अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट समूह पर हेराफेरी मामले में प्रतिबंध लगाया है।



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैंने पहले ही वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) बाजार में खामियों की भविष्यवाणी की थी। मैंने 2024 में स्पष्ट रूप से कहा था कि एफएंडओ बाजार बड़े खिलाड़ियों के लिए खेल का मैदान बन गया है और छोटे निवेशकों की जेबें लगातार खाली हो रही हैं। अब सेबी खुद मान रही है कि जेन स्ट्रीट ने हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी की। सेबी इतने समय तक चुप क्यों रही?

उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की चुप्पी को लेकर सवाल दागा कि क्या बाजार में हेराफेरी करने वाले और भी खिलाड़ी हैं? किसके इशारे पर मोदी सरकार आंखें मूंदकर बैठी थी? कितने बड़े शार्क अभी भी खुदरा निवेशकों को धोखा दे रहे हैं? राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि हर मामले में यह स्पष्ट है कि मोदी सरकार अमीरों को और अमीर बना रही है तथा आम निवेशकों को बर्बादी के कगार पर धकेल रही है। (अनंत ज्ञान)

### हर बस्ती में होंगे हिंदू सम्मेलनः संघ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में देश की सुरक्षा के साथ-साथ मणिपुर के हालात पर भी चर्चा की गई है। मणिपुर में हालात काफी बेहतर हुए हैं, हालांकि इसे पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने में कुछ समय लग सकता है। संघ का मानना है कि देश हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास हासिल कर रहा है। हालांकि, इस विकास को हर दृष्टि से सर्व समावेशी बनाने के लिए संघ काम करेगा। इसके लिए हर मंडल और हर बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। 11360 से अधिक सामाजिक सद्भाव बैठकों को आयोजित करने का निर्णय किया गया है। इस बार विजयादशमी को संघ के ड्रेस कोड में स्वयंसेवक पहुंचेंगे और लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। संघ ने हर समाज और हर वर्ग के लोगों तक पहुंचने की योजना बनाई है। (अनंत ज्ञान)

# मध्य प्रदेश के शहडोल में 3 हजार घरों में घुसा पानी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश के शहडोल में बीते 24 घंटे में 4 इंच बारिश हुई। आधी रात 3 हजार से ज्यादा घरों में पानी भर गया। यहां अस्पताल में पानी भर जाने पर मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। रेलवे ट्रैक डूब जाने से 4 घंटे तक ट्रेन रूट बंद रहा। वहीं, उत्तराखंड में भारी बारिश जारी है। उत्तरकाशी में यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी इलाके में पुल बह जाने से आसपास के इलाकों का सड़क संपर्क टूट गया है। वहीं, श्रीनगर में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ हाईवे बंद, यमुनोत्री हाईवे पर पुल बहा**

### सोना-चांदी के दाम गिरे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में 7 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 284 रुपए कम होकर 96,737 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 97,021 रुपए पर था। वहीं, चांदी की कीमत 556 रुपए कम होकर 1,07,024 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,580 रुपए पर थी। वहीं, 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए और सोने ने 99,454 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अब तक 80 लोगों की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ में अब तक 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। हालांकि कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है। हेलिकॉप्टर और ड्रोन्स से लोगों की तलाश जारी है। (अनंत ज्ञान)



### शेख हसीना और परिवार पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण 10 जुलाई को यह तय करेगा कि हसीना और उनके दो बड़े सहयोगियों के खिलाफ औपचारिक आरोप तय किए जाएं या नहीं। उन पर मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप हैं। इनमें हत्या, हत्या की कोशिश, लोगों पर अत्याचार और खतरनाक हथियारों के इस्तेमाल के मामले शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# ट्रंप ने ब्रिक्स का समर्थन करने वाले देशों को दी 10 % अतिरिक्त टैरिफ की धमकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों का समर्थन करने वाले देशों को कड़े लहजे में चेतावनी दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में ट्रंप ने ऐलान किया कि ब्रिक्स की अमेरिका विरोधी नीतियों के साथ जुड़ने वाले किसी भी देश को वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

बता दें कि अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों के खिलाफ लगाए गए जवाबी टैरिफ की समयसीमा 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। दूसरी ओर बाजील में 17वां ब्रिक्स समिट जारी है। ऐसे में ट्रंप ने टैरिफ को लेकर सभी देशों को सचेत किया है। (अनंत ज्ञान)

**चीन ने कहा- टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता**

**एजेंसी, बीजिंग।** ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने की ट्रंप की धमकी की चीन ने निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि टैरिफ से किसी को लाभ नहीं होता है। यह बस दूसरे देशों पर दबाव बनाने की कोशिश है। ब्राजील में चल रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल देशों ने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों और टैरिफ को लेकर अमेरिका की निंदा की थी। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका विरोधी नीति का समर्थन करने वाले देशों को 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। इसे लेकर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टैरिफ के इस्तेमाल से किसी को भी लाभ नहीं होता है।

### ट्रंप ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का उड़ाया मजाक

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी इलॉन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि इलॉन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रंप ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की व्यवस्था ऐसी पार्टियों के लिए बनी ही नहीं है। तीसरी पार्टियों का एक ही काम होता है, अव्यवस्था और अराजकता फैलाना। हमारे पास पहले से ही पर्याप्त अराजकता है, जिसे रैडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं। बता दें कि एलन मस्क ने एक दिन पूर्व ही नई पार्टी बनाने का ऐलान किया है। (अनंत ज्ञान)

**फ्रॉड** झारखंड में चार लोगों ने बनाई ऐसी कंपनियां, जो केवल कागजों में ही मौजूद

# जीएसटी घोटाले के लिए बनाई 135 फर्जी कंपनियां

**एजेंसी, रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल कार्यालय ने पांच जुलाई को विशेष न्यायालय (पीएमएलए) रांची के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत एक अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है।




यह मामला एक बड़े जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी सिंडिकेट से जुड़ा है। इस सिंडिकेट के चार मास्टरमाइंड शिव कुमार देवड़ा, मोहित देवड़ा, अमित कुमार गुप्ता और अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया हैं। इन्हीं के खिलाफ पीसी दायर की गई है। आरोप है कि इन चारों व्यक्तियों ने जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट घोटाला करने के लिए 135 फर्जी कंपनियां बनाई थीं। लगभग 5000 करोड़ के फर्जी चालान जनरेट किए गए और 734 करोड़ रुपए की फर्जी आईटीसी तैयार की गई।

**5000 करोड़ के फर्जी चालान भी जनरेट किए**

ईडी ने जीएसटी खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई), जमशेदपुर द्वारा दर्ज की गई कई शिकायतों के आधार पर केस की जांच शुरू की गई थी। ईडी की जांच से पता चला है कि शिव कुमार देवड़ा और उनके सहयोगियों की अगुवाई में सिंडिकेट ने 135 फर्जी कंपनियों का जाल बनाया था। ये कंपनियां, केवल कागजों पर मौजूद थीं। इनका इस्तेमाल, माल या सेवाओं की वास्तविक आपूर्ति के बिना 5000 करोड़ रुपये से अधिक के फर्जी चालान जारी करने के लिए किया गया था। इस कार्यप्रणाली के जरिए सिंडिकेट ने धोखाधड़ी से 734 करोड़ से अधिक की फर्जी आईटीसी तैयार की। इतना ही नहीं, इन आईटीसी को आगे भी बढ़ा दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत ए पुरुष हॉकी टीम का आज आयरलैंड के खिलाफ होगा मैच

**एजेंसी, आइंडहोवन (नीदरलैंड)।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम का यूरोप दौरे में कुछ शीर्ष टीमों के साथ मुकाबला होगा और इसका उद्देश्य उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव प्रदान करना है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली इस टीम का नेतृत्व संजय कर रहे हैं, जिनका मानना है कि यूरोप का दौरा टीम के लिए शानदार अवसर है। शुरुआती मैच से पहले कप्तान ने कहा, ''यूरोप का दौरा हम सभी के लिए एक शानदार अवसर है। इस दौरे पर कुछ बहुत कठिन मैच होंगे और हम इन टीमों के खिलाफ खुद को परखने के लिए उत्सुक हैं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं और इस दौरे से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा।'' भारत ए टीम आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड के साथ दो-दो जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के साथ एक-एक मैच खेलेगी। संजय ने कहा, ''भारत ए पुरुष हॉकी टीम चुनौतियों से वाकिफ है और यह भी जानती है कि प्रतिद्वंद्वी कितनी कड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह मैच थोड़ा हटकर हैं क्योंकि हम विदेश में खेल रहे हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए मुरादाबाद का आशीष मलेशिया रवाना

**एजेंसी, मुरादाबाद।** जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह का चयन बीते दिनों 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए भारतीय ताइक्वांडो टीम में हुआ था। यह प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक मलेशिया के कुचिंग शहर में आयोजित होगी। आशीष सिंह सोमवार का मलेशिया के लिए रवाना हुआ। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व कोच शाहवेज अली ने बताया कि आशीष सिंह ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। जिसके आधार पर 22 जून से 24 जून तक जालंधर कैंट में स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो सिलेक्शन ट्रायल कराए गए। ट्रायल में स्वर्ण पदक विजेता को भारतीय टीम में चयनित किया गया। उन्होंने बताया कि आशीष सिंह पिछले पांच वर्षों से आरएसडी एकेडमी में संचालित साईं ताइक्वांडो एकेडमी में अभ्यास कर रहा है और मेरे नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### तन्वी शर्मा की नजरें सीनियर वर्ग में आने से पहले जूनियर खिताब पर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन की उभरती खिलाड़ी तन्वी शर्मा भविष्य में बीडब्ल्यूएफ के बड़े टूर्नामेंटों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए नेट के बेहतर इस्तेमाल और खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है लेकिन उसका तात्कालिक लक्ष्य इस साल एशियाई जूनियर और विश्व जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतना है। पंजाब की 16 वर्षीय तन्वी पिछले महीने यूएस ओपन सुपर 300 में उपविजेता रहकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय बनीं। इस खिलाड़ी ने चीन में पिछले साल अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल करने के बाद कोटक इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीता। वह 18 से 22 जुलाई तक इंडोनेशिया में होने वाली आगामी एशियाई जूनियर चैंपियनशिप और 13 से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपनी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में पोपी पैटिंसन

**अमेरिका।** इंग्लैंड की पोपी पैटिंसन 2025 में सुंदर महिला फुटबॉलरों की सूची में है। वह ब्राइटन एंड होव एल्बियन के लिए खेलती हैं और उनकी कुल संपत्ति 800k डॉलर है।



### बुमराह का सामना करने के लिए अच्छी तैयारी की जरूरत : मैकुलम

**एजेंसी, बर्मिंघम।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि दूसरे टेस्ट मैच में उनकी टीम पांचों दिन भारत से पीछे रही और लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह की चुनौती का सामना करने के लिए उन्हें अच्छी तरह से तैयार होने की जरूरत है। बुमराह कार्यभार प्रबंधन के तहत दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे जिसमें भारत ने 336 रन से जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला बराबर की। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इसके बाद पुष्टि की कि तेज गेंदबाज बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार मैकुलम ने कहा, ''पूरी संभावना है कि बुमराह अगले मैच में वापसी करेंगे इसलिए हमें अच्छी तरह से तैयार रहने की जरूरत है। मुझे लगता है कि वहां की पिच यहां की तुलना में भिन्न होगी जो हमारे लिए अच्छी बात है।'' उन्होंने कहा, ''दूसरे टेस्ट में हम पांचों दिन भारत से पीछे रहे। भारत ने शानदार प्रदर्शन किया। शुभमन गिल बेहतरीन बल्लेबाज हैं और उन्होंने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और वे पूरी तरह से जीत के हकदार थे।'' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए भेजने का गलत फैसला किया और कुल मिलाकर पिच का आकलन भी गलत किया। मैकुलम ने कहा, ''मुझे लगता है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, हमने उस टॉस पर विचार किया और कहा कि क्या हमने अवसर गंवा दिया। हमें उम्मीद नहीं थी कि विकेट इतना अच्छा खेलेगा और शायद हम थोड़ा गलत फैसला कर गए। (अनंत ज्ञान)

**टेस्ट सीरीज** दूसरे टेस्ट में चौथे दिन वेस्टइंडीज को 133 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज से जीती सीरीज

**एजेंसी, सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)**

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन ही 133 रन से हराकर श्रृंखला अपने नाम की और इस तरह से फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 34.3 ओवर में 143 रन पर आउट कर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ (71) और कैमरन ग्रीन (52) के अर्धशतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी में 243 रन बनाकर वेस्टइंडीज के सामने 277 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा।

वेस्टइंडीज की तरफ से शमर जोसेफ ने 66 रन देकर चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसका स्कोर जल्द ही चार विकेट पर 33 रन हो गया। उसकी टीम इससे उबर नहीं पाई और मैच दोपहर के सत्र में ही समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने आठ ओवर में 24 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड ने दो विकेट लिए और ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 5.3 ओवर में 42 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।

वहीं वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में कप्तान रोस्टन चेस ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, लेकिन स्टार्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। शमर जोसेफ ने तीन छक्कों की मदद से 24 रन का योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)



### लियोन ने अब तक 139 टेस्ट मैचों में लिए 562 विकेट

**मैच** में छह विकेट लेने वाले लियोन ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। ग्लेन मैकग्रा को बराबरी करने से अब केवल एक विकेट दूर हैं। लियोन ने 2011 से अब तक 139 टेस्ट मैचों में 562 विकेट लिए हैं। मैकग्रा ने 1993–2007 तक 124 टेस्ट मैचों में 563 विकेट लिए थे। महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न 1992–2007 तक 145 टेस्ट मैचों में 708 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई सूची में शीर्ष पर हैं।

### एलेक्स कैरी को चुना मैन ऑफ द मैच

**ऑस्ट्रेलियाई** विकेटकीपर एलेक्स कैरी को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 63 और दूसरी पारी में 30 रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने स्टंप के पीछे चार कैच भी लपके। तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से किंग्स्टन, जमैका में शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट मैच होगा।

### अंक तालिका

**इस** जीत से ऑस्ट्रेलिया दो मैचों में दो जीत और 100 अंक प्रतिशतक लेकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं, श्रीलंका 66.70 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे, इंग्लैंड 50.00 अंक प्रतिशत के साथ तीसरे और भारत 50.00 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। बांग्लादेश 16.67 अंक प्रतिशत के साथ पांचवें और वेस्टइंडीज छठे स्थान पर है। पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने इस डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक अपने अभियान की शुरुआत नहीं की है।

### संक्षिप्त स्कोर

**ऑस्ट्रेलिया :** 286 (एलेक्स कैरी 63; अल्जारी जोसेफ 4/61) और 243 (स्टीव स्मिथ 71; शमार जोसेफ 4/66)।
**वेस्टइंडीज :** 253 (ब्रैंडन किंग 75; नाथन लायन 3/75) और 143 (रोस्टन चेज 34; मिशेल स्टार्क 3/24)

# वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क को 6 विकेट से हराया



ग्लेन मैक्सवेल चुने गए 'प्लेयर ऑफ द मैच'

**एजेंसी, लाडरहिल**

वॉशिंगटन फ्रीडम ने एमआई न्यूयॉर्क के खिलाफ सोमवार (भारतीय समयानुसार) अपने आखिरी लीग मुकाबले में 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और टॉप-2 में अपनी जगह पक्की कर ली। बारिश के कारण 18 ओवर प्रति पारी के इस मुकाबले में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए।

बारिश के चलते टॉस में देरी हुई, जिसके बाद वॉशिंगटन ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। एमआई न्यूयॉर्क की शुरुआत बेहद खराब रही और कप्तान निकोलस पूरन व मोनांक पटेल पहले तीन ओवरों में ही पवेलियन लौट गए। हालांकि कुंवरजीत सिंह ने 33 रनों की संयमित पारी खेली, लेकिन मिडिल ऑर्डर पूरी तरह से लड़खड़ा गया। ग्लेन मैक्सवेल ने तजिंदर ढिल्लों और शरद लुंबा को लगातार गेंदों पर आउट कर पारी को झकझोर दिया। ग्लेन फिलिप्स ने भी दो विकेट लेकर एमआई न्यूयॉर्क की कमर तोड़ दी। टीम निर्धारित 18 ओवरों में 112/8 का ही स्कोर बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही और मिशेल ओवेन जल्दी आउट हो गए। लेकिन एंड्रिस गौस (नाबाद 46 रन, 34 गेंद) ने एक छोर संभाले रखा। बीच के ओवरों में मार्क चैपमैन ने 18 गेंदों में दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर रन गति को तेज किया। चैपमैन और मैक्सवेल एक के बाद एक आउट हो गए, लेकिन गौस ने ग्लेन फिलिप्स के साथ टीम को जीत दिला दी। (अनंत ज्ञान)

# भारत ने इंग्लैंड को हर विभाग में हराया : स्टोक्स

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में खेल के हर विभाग में उनकी टीम से बेहतर प्रदर्शन किया तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप के 'अविश्वसनीय' कौशल ने मैच में निर्णायक अंतर पैदा किया। श्रृंखला में अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे आकाशदीप ने 10 विकेट लेकर भारत की 336 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। भारत की इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में यह पहली जीत है। पांच मैच की श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मुझे लगता है कि आकाश ने पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की उसकी क्षमता अद्भुत है और फिर भी वह इतना सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। हैरी ब्रूक जिस गेंद पर आउट हुआ उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था।''



उन्होंने कहा, ''जब जेमी स्मिथ ने शुरुआत में कुछ रन बनाए, तब मैं दूसरे छोर पर खड़ा था। गेंद एक फुट की दूरी पर थी। आकाश ने क्रीज पर कोण बदलते हुए भी उस क्षेत्र में गेंद की उसके उसके अविश्वसनीय कौशल का पता चलता है।'' स्टोक्स की अगुआई वाली टीम ड्रॉ में विश्वास नहीं करती लेकिन कप्तान ने कहा कि लक्ष्य पहुंच से बाहर था। स्टोक्स ने स्वीकार किया कि भारत ने खेल के हर विभाग में उनसे बेहतर प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

# जैक क्रॉली को शुभमन से सीख लेने की जरूरत : वॉन

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह भाग्यशाली हैं जो उन्हें लगातार असफलताओं के बावजूद टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका मिल रहा है।



उन्होंने इसके साथ यह भी सुझाव दिया कि क्रॉली को भारतीय कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी की रणनीति से सीख लेनी चाहिए और अपने खेल में सुधार करना चाहिए। वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, ''पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हुए हैं जिन्होंने प्रशंसकों को निराश किया है। इनमें मैं भी शामिल हूं लेकिन वह (क्रॉली) सबसे ज्यादा निराश करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्हें मैं याद कर सकता हूं। जब से मैंने इंग्लैंड की क्रिकेट को करीब से देखा है तब से वह सबसे भाग्यशाली खिलाड़ी है जिसे लगातार असफलताओं के बावजूद इतने अधिक टेस्ट मैच खेलने को मिले।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें खुद को भाग्यशाली मानना चाहिए कि उन्होंने 56 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने सिर्फ पांच शतक बनाए हैं और उनका औसत 31 का है। टेस्ट इतिहास में 2,500 से अधिक रन बनाने वाले सभी सलामी बल्लेबाजों में उनका औसत सबसे कम 30.3 है।'' क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी ने गिल का उदाहरण देते हुए कहा, ''बदलाव संभव है। शुभमन गिल को ही देख लीजिए। (अनंत ज्ञान)

# आईसीसी ने संजोग गुप्ता को नया सीईओ किया नियुक्त

**एजेंसी, दुबई**




भारतीय मीडिया दिग्गज संजोग गुप्ता को सोमवार को जय शाह की अगुआई वाली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया। वह आस्ट्रेलिया के ज्योफ एलार्डिस की जगह लेंगे जिन्होंने इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अभी तक जियोस्टार में सीईओ (खेल) के रूप में कार्यरत रहे गुप्ता तत्काल प्रभाव से अपनी नई भूमिका का कार्यभार संभालेंगे। वह आईसीसी के सातवें सीईओ होंगे। क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने कहा कि इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। आईसीसी ने कहा, ''उम्मीदवारों में खेल के शासी निकायों से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।''

इन नामों को नामांकन समिति को भेज दिया गया जिसमें आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया शामिल हैं।

उन्होंने इस पद के लिए गुप्ता की सिफारिश की जिसे आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने मंजूरी दे दी। आईसीसी ने कहा, ''संजोग गुप्ता भारत और विश्व स्तर पर खेल प्रसारण के परिवर्तन के पीछे एक प्रेरक शक्ति रहे हैं। ''आईसीसी में अपने बयान में प्रो कबड्डी लीग और इंडियन सुपर लीग (फुटबॉल) जैसी अन्य लीगों की स्थापना और विस्तार तथा प्रीमियर लीग और विंबलडन जैसी वैश्विक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने में गुप्ता की भूमिका का भी जिक्र किया। शाह ने कहा कि खेल रणनीति और व्यावसायीकरण में गुप्ता का अनुभव आईसीसी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा, ''संजोग के पास खेल रणनीति और व्यावसायीकरण का व्यापक अनुभव है, जो आईसीसी के लिए अमूल्य साबित होगा।'' (अनंत ज्ञान)

# पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 44 वर्ष के हुए

**एजेंसी, मुंबई।** भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 वर्ष के हो गए। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप, टी20 विश्व कप और चैंपियन्स ट्रॉफी तीनों खिताब जीते हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम 18 महीने तक दुनिया की नंबर एक टीम भी रही। पिछले महीने धोनी को 2025 के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया।



धोनी ने लगभग पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन लगातार घुटने की चोट से परेशान रहने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे हैं। इस साल के आईपीएल में धोनी ने अधिकांश समय सुपरकिंग्स के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह जिम्मेदारी संभाली क्योंकि वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उनकी अगुआई में टीम ने सत्र के अंत में कुछ प्रभावशाली जीत दर्ज की।

# एजबेस्टन में जीतना मेरी सबसे सुखद यादों में एक होगी : गिल

**एजेंसी, बर्मिंघम**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने यहां श्रृंखला बराबर करने वाली शानदार जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि जब भी वह क्रिकेट से संन्यास लेंगे तो एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट जीत दिलाना उनकी सबसे सुखद यादों में से एक रहेगा।



25 वर्षीय गिल की कप्तानी की शुरुआत भारत के लीड्स में श्रृंखला के शुरुआती मैच में हार के साथ हुई थी, लेकिन भारतीय टीम ने शानदार वापसी करके दूसरे मैच में 336 रन के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। भारत की टेस्ट क्रिकेट में इस मैदान पर यह पहली जीत है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में गिल ने कहा, ''यह ऐसी चीज है जिसे मैं जीवन भर संजो कर रखूंगा। मुझे लगता है कि जब भी मैं संन्यास लूंगा तो यह मेरी सबसे सुखद यादों में से एक होगी।''

उन्होंने कहा, ''मुझे इस मैच का अंतिम कैच लेना था और मैं बहुत संतुष्ट और खुश हूं कि हम इस मैच को जीतने में सफल रहे।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''अभी तीन और महत्वपूर्ण मैच होने बाकी हैं। इस मैच के बाद तेजी से बदलाव होगा और मुझे लगता है कि यह अच्छा है क्योंकि अब लय हमारे साथ है।

''गिल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभाई। उन्होंने कहा, ''जिस तरह से सभी ने गेंद और बल्ले से योगदान दिया, वह बहुत सकारात्मक बात है। इससे ही कोई टीम चैंपियन बनती है और यह हमारे लिए अच्छे संकेत हैं।'' भारतीय कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में अपने संबोधन में अपने साथी खिलाड़ियों की सराहना की।

उन्होंने कहा, ''हमने यह मुकाम हासिल करने के लिए बहुत मेहनत की है। मैं जानता हूं कि टेस्ट मैच जीतना कितना मुश्किल काम है विशेष कर इस मैदान पर जहां हमने इससे पहले कोई टेस्ट नहीं जीता था।'' गिल ने कहा, ''मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि मुझे आप सभी पर गर्व है, क्योंकि मुझे लगता है कि पहले दिन हमने कहा था कि टेस्ट मैच जीतने के लिए हम सभी को अपना योगदान देना होगा और सभी ने इसमें योगदान दिया। सिराज ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो यह एक महत्वपूर्ण सीरीज का महत्वपूर्ण मैच था। इस तरह के इतिहास रचकर बहुत अच्छा लगता है। आकाशदीप की प्रशंसा करते हुए कहा, ''जब भी वह गेंदबाजी करता तो मैं मिड-ऑफ पर खड़ा रहता। (अनंत ज्ञान)

**जिम्मेदारी** एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए 35 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

# डबल ओलंपियन मनु भाकर को मिली टीम की कप्तानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने सोमवार को कजाखस्तान के शिमकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए 35 सदस्यीय सीनियर भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कप्तानी डबल ओलंपियन मनु भाकर करेंगी, जो दो व्यक्तिगत इवेंट में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय शूटर हैं।

एनआरएआई की यह घोषणा आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत की रणनीति और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)



### मनु भाकर दो इवेंट्स में लेंगी हिस्सा

**मनु** भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनका चयन इस बार भी बताता है कि वह भारतीय शूटिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

### सीनियर टीम में अनुभवी और ओलंपियन शूटर शामिल

**सीनियर** टीम में कई अनुभवी और ओलंपियन शूटर भी शामिल हैं। इनमें पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल), और किनान चेनई (ट्रैप शूटिंग) शामिल हैं। इसके अलावा ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) जैसे नाम भी दोनों सीनियर स्क्वॉड का हिस्सा होंगे।

### स्वप्निल कुसेले और राही की वापसी

ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट स्वप्निल कुसेले और एशियन गेम्स की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता व ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो (चीन) में 7 से 15 सितंबर तक होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल किया गया है।

### जूनियर टीमों की भी हुई घोषणा

**एनआरएआई** ने सितंबर-अक्टूबर में भारत में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप और साथ ही जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए भी टीमें घोषित की हैं। दोनों 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में एकमात्र बदलाव ओलंपियन राइजा ढिल्लों के रूप में आया है, जो दिल्ली वर्ल्ड कप की जूनियर वीमेन स्कीट टीम में शामिल हैं, जबकि मानसी रघुवंशी को जूनियर एशियन चैंपियनशिप टीम में जगह दी गई है।

# गैर पंजीकृत कोच से ट्रेनिंग लेने वाले एथलीट की नहीं होगी सिफारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) अर्जुन और खेल रत्न पुरस्कार जैसे राष्ट्रीय सम्मानों के लिए किसी भी ऐसे खिलाड़ी के नाम की सिफारिश नहीं करेगा जो गैर पंजीकृत कोच से प्रशिक्षण लेता हो। महासंघ को उम्मीद है कि इस कदम से खेल के राष्ट्रीय सर्किट में बढ़ते डोपिंग मामलों से निपटने में मदद मिलेगी। ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों द्वारा डोपिंग में कोच की संलिप्तता एक खुला रहस्य रहा है। हाल के दिनों में एएफआई ने सख्त परीक्षण और जागरूकता अभियानों के अलावा अपनी खुद की कुछ पहल शुरू करके इस मामले से निपटने की कोशिश की है।

हाल ही में एएफआई ने देश में सभी कोच के अनिवार्य पंजीकरण के लिए 31 जुलाई की समय सीमा तय की और स्पष्ट किया कि निर्देश का पालन नहीं करने पर उन्हें 'ब्लैकलिस्ट' कर दिया जाएगा। एएफआई के प्रवक्ता आदिल सुमारिवाला ने पीटीआई से कहा, ''हम उम्मीद कर रहे हैं कि कोच खुद को पंजीकृत करवाएंगे। इसके बाद हम इसे सार्वजनिक करेंगे कि केवल ये पंजीकृत कोच हैं। जो पंजीकरण नहीं कराएंगे उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''अगर कोई एथलीट गैर पंजीकृत कोच के साथ ट्रेनिंग करता है तो उसके पदक जीतने की स्थिति में एएफआई एथलीट के नाम की सिफारिश किसी राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नहीं करेगा। ऐसे एथलीट को कुछ नहीं मिलेगा।''

सुमारिवाला ने कहा, ''मेरा मानना है कि कोच, यहां तक कि माता-पिता (एथलीट के) भी आज डोपिंग से जुड़े हैं। यह दुर्भाग्यशाली है।'' सुमारिवाला ने कहा, ''डोपिंग में शामिल सभी लोगों को जेल भेजना होगा। (अनंत ज्ञान)